


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 249 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष अमावस्या 2081 रविवार, 1 दिसंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## कांग्रेस ने गुरप्पा नायुडू को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से किया निष्कासित

बेंगलूरू, 30 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक कांग्रेस के नेता बी. गुरप्पा नायुडू को छह साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। उन पर यौन उत्पीड़न और एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप है।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) के अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के अध्यक्ष के. रहमान खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए नायुडू को पार्टी से निष्कासित करने की घोषणा की। उन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप को देखते हुए ही यह कदम उठाया गया है।

# महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को

### > बावनकुले बोले-पीएम नरेंद्र मोदी होंगे शामिल



मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसियां)। एक सप्ताह के लंबे इंतजार के बाद महाराष्ट्र में महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख का एलान हो गया। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर को शाम पांच बजे आजाद मैदान मुंबई में होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। हालांकि अभी महायुति ने मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं की है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हुए एक हफ्ता हो चुका है लेकिन सरकार गठन को लेकर कवायद नहीं हुई है। पिछले दिनों दिल्ली में अमित शाह ने महायुति नेताओं के साथ बैठक की थी। इसके बाद महाराष्ट्र में महायुति के नेताओं की बैठक होनी थी, लेकिन वह टल गई। उधर, विपक्ष लगातार नई सरकार के गठन को लेकर सवाल उठा रहा था। इसे लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण समारोह की तारीख का एलान कर दिया। महाराष्ट्र में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच था। जिसमें महायुति ने बाजी मारते हुए 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं इसके उलट महा विकास अघाड़ी को 288 सीटों में से मात्र 46 सीटें ही जीत सकी। महाराष्ट्र में महायुति की ऐतिहासिक जीत के बाद सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई। नतीजे के अगले ही दिन यानी 24 नवंबर को एनसीपी के विधायक दल की बैठक हुई जिसमें अजित पवार को नेता चुना गया। पार्टी के नेता छगन भुजबल ने अजित पवार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की। वहीं, शिवसेना विधायकों ने एकनाथ शिंदे को अपना नेता चुना। उधर 26 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल खत्म होना था लिहाजा इसी दिन राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही शिवसेना प्रमुख कार्यवाहक मुख्यमंत्री की भूमिका में आ गए।

## एकनाथ शिंदे की तबीयत बिगड़ी

मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे की तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद उनके घर पर डॉक्टरों की टीम बुलाई गई है। जानकारी के मुताबिक सतारा के दरे स्थित अपने निवास पर ठहरे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बुखार है। सतारा से डॉक्टरों की एक टीम उनके आवास पर पहुंच गई है और उनका इलाज कर रही है। सतारा में उनका पैतक आवास है, जहां वह रह रहे हैं।

दरअसल, मुख्यमंत्री शुक्रवार से सर्दी और वायरल बुखार से पीड़ित हैं। सुबह से ही उनकी तबीयत ठीक नहीं है। वह पिछले एक महीने से राज्य के चुनावी दौरे पर थे और पिछले कुछ दिनों से सैकड़ों बैठकें करने के कारण उन्हें बुखार और सर्दी जैसे वायरल संक्रमण से जूझना पड़ रहा है। इसलिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आराम करने के लिए गांव गए हुए हैं।

# फेंगल तूफान तमिलनाडु-पुडुचेरी तट से टकराया



चेन्नई, 30 नवंबर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी से उठे फेंगल तूफान का शाम 7:30 बजे पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम के बीच समुद्र तट पर लैंडफॉल शुरू हो गया है। लैंडफॉल के दौरान 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई इलाकों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

तूफान का असर कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी दिख रहा है। चेन्नई में भारी बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया है। एक एटीएम के पास शॉर्ट सर्किट के चलते करंट लगने की वजह से एक शख्स की मौत हो गई। शहर में कई फ्लाइट्स प्रभावित भी हुई हैं। कई ट्रेनें भी तय समय से लेट चल रही हैं। तमिलनाडु के कांचीपुरम, चेंगलपट्टू, तिरुवल्लूर, कुड्डालोर, विल्लुपुरम, कल्लाकुरिची, चेन्नई और मयिलादुथुराई जिलों और पुडुचेरी में आज स्कूल-कॉलेज बंद रखे गए थे। इन जिलों में लोगों को भी घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए तमिलनाडु में एनडीआरएफ की 7 टीमें तैनात की गई हैं। हर एक टीम में 30 जवान रखे गए हैं। जो किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए मुस्तैद हैं।

फेंगल के कारण कई इलाकों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। उधर, चेन्नई हवाई अड्डे पर भी तूफान का असर पड़ा है, जहां उड़ाने प्रभावित हुई हैं। हवाई अड्डे को सात बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चेन्नई हवाई अड्डा ने एक्स पर कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है, ताकि मौसम की स्थिति में सुधार के बाद उड़ानों का संचालन जल्द शुरू किया जा सके। 4 बजकर 30 मिनट पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी संबंधित पक्षों और आईएमडी के अधिकारियों ने भाग लिया।

# पुलिस थानों को जलाने पर आठ गिरफ्तार

### > एनआईए की रडार पर अरम्बाई टेंगोल प्रमुख और कुकी उग्रवादी

इंफाल, 30 नवंबर (एजेंसियां)। मणिपुर, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है, आज जातीय हिंसा की आग में झुलस रहा है। पिछले साल तीन मई को चुराचांदपुर में शुरू हुई हिंसा ने राज्य के हर कोने को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। यहां की हरी-भरी वादियां और शांत झीलें अब भय और अनिश्चितता की गवाह बन चुकी हैं। कुकी और मैतई समुदायों के बीच संघर्ष ने राज्य के हर कोने को प्रभावित किया है, और इससे न केवल यहां के लोगों के जीवन को, बल्कि उनके दिलों को भी गहरा आघात पहुंचाया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि हिंसाग्रस्त मणिपुर में एक पुलिस थाने और विधायकों के आवासों पर हमले के सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पुलिस थाना क्षेत्र के कियाम ममांग लेईकाई के रहने वाले 20 वर्षीय चोंगथम थोइचा को 16 नवंबर को निर्वाचित प्रतिनिधियों की संपत्तियों में आगजनी के सिलसिले में गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, 27 नवंबर को काकचिंग पुलिस थाने और कर्मियों पर हमला करने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने आगे कहा, यह हमला एक निर्वाचित सदस्य की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में 16 नवंबर को गिरफ्तार किए गए चार लोगों की रिहाई की मांग को लेकर किया गया। इंफाल घाटी में मैतेई समुदाय की छह महिलाओं और बच्चों के शव नदियों में मिलने के बाद गुस्साई भीड़ ने कई विधायकों के घरों में तोड़फोड़ की थी।

# 'चुनाव तंत्र को नियंत्रित करने के लिए सत्ता-धन का दुरूपयोग हुआ'

### शरद पवार का ईवीएम में हेरफेर का आरोप



मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को महायुति के हाथों हार का सामना करना पड़ा। विपक्ष अब इस हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ रहा है। इस पर राकांपा-एसपी प्रमुख शरद पवार ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शनिवार को दावा किया कि पूरे चुनाव तंत्र को नियंत्रित करने के लिए सत्ता और धन का दुरूपयोग किया गया। राकांपा-एसपी नेता ने बताया कि किसी भी राज्य के विधानसभा चुनाव में ऐसा देखने को नहीं मिला, जैसा महाराष्ट्र में हुआ। शरद पवार ने यह बयान तब दिया जब उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. बाबा अधव से मुलाकात की।

बता दें कि बाबा अधव महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ईवीएम के दुरूपयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। 90 वर्षीय बाबा अधव ने गुरुवार को समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के निवास फुले वाडा में तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू किया। महाविकास अघाड़ी गठबंधन के सहयोगी कांग्रेस, शिवसेना(यूबीटी) और राकांपा-एसपी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद से ही ईवीएम में हेरफेर के आरोप लगा रहे हैं। इस मामले में शरद पवार ने प्रतिक्रिया दी।

**शरद पवार ने की पत्रकारों से बात :**

पत्रकारों से बात करते हुए शरद पवार ने बताया कि ईवीएम में वोट जोड़े जाने के कुछ नेताओं के दावों में सच्चाई है। हालांकि, फिलहाल उनके पास इस बात का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा, ऐसा पहली बार हुआ है कि देश में हुए चुनावों ने कई लोगों को बेचैन कर दिया। हर दिन सुबह 11 बजे संसद में विपक्षी नेता सवाल उठाते हैं।

वे अपनी बात रखते हैं, लेकिन संसद में उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि संसदीय लोकतंत्र का ठीक से पालन नहीं किया जा रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो यह ठीक नहीं है और इसके लिए हमें लोगों के बीच जाकर उन्हें जागरूक करना होगा। राकांपा-एसपी नेता ने आगे कहा, ईवीएम में वोटों में कुछ अंतर है, लेकिन अभी मेरे पास इसका कोई सबूत नहीं है।

# अदाणी के लिए कानून अलग : राहुल गांधी

### > केंद्र में नहीं लेकिन सरकार पर दबाव जरूर बनाएंगे



वायनाड, 30 नवंबर (एजेंसियां)। प्रियंका गांधी सांसद बनने के बाद आज पहली बार केरल के वायनाड पहुंची। उनके साथ राहुल गांधी भी थे। राहुल ने यहां रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर अदाणी का मुद्दा उठाया। राहुल ने कहा, संविधान कहता है कि सभी लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अदाणी के साथ हर दूसरे भारतीय से अलग व्यवहार किया जाएगा। प्रधानमंत्री कहते हैं कि भले अमेरिका में केस चले, भारत में हम उन पर केस दर्ज नहीं करेंगे।

राहुल के अलावा प्रियंका ने भी रैली को संबोधित किया। प्रियंका ने कहा, आप लोगों को यहां मेरे भाई की याद जरूर आएगी लेकिन मैं पूरी कोशिश करूंगी ताकि आपको कोई समस्या का सामना न करना पड़े। केरल के वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी को जीत मिली थी। राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने पर यहां उपचुनाव हुए थे।

**संसद में हम सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, लाखों लोगों की भावना हैं**

राहुल बोले, हम संसद में सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि उससे भी बढ़कर हम वायनाड के लोगों के दिलों की भावनाओं को वहां रखते हैं। वायनाड के लोगों ने हम पर भरोसा किया है और माना है कि हम भारत की संसद में उनकी भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब मैं वायनाड में किसी बच्चे को देखता हूं, तो मुझे याद आता है कि उसके माता-पिता ने मुझे लोकसभा में भेजा है, और उनकी देखभाल करना मेरी जिम्मेदारी है। अगर मैं उनके चेहरों पर मुस्कान ला सकता हूं, तो मुझे तुरंत ऐसा करना चाहिए। राहुल ने कहा, मैं मुंडक्कई और चूरलमाला के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देकर अपनी बात शुरू करना चाहूंगा। हम सभी उन लोगों के साथ खड़े हैं जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों, संपत्ति को खो दिया है और जो पीड़ित हैं। जब मैं यहां आ रहा था, तो हम इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि हम उन लोगों के लिए क्या कर सकते हैं जो वायनाड लैंडस्लाइड के पीड़ित हैं। दुर्भाग्य से, चूंकि हम सरकार में नहीं हैं, इसलिए हम सत्तारूढ़ सरकार के समान कार्रवाई नहीं कर सकते। इसलिए, कांग्रेस पार्टी और यूडीएफ के प्रत्येक सदस्य को पीड़ितों की मदद के लिए सरकार पर दबाव डालना चाहिए।

**राजनीतिक लड़ाई में भाजपा कोई नियम नहीं मानती :**

प्रियंका बोलीं, आज हम (भाजपा से) जिन राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, वे लैंडस्लाइड की तरह हैं। कोई नियम नहीं हैं। कोई स्पष्टीकरण नहीं है। सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा किसी भी लोकतांत्रिक मानदंडों को नहीं जानती, यहां तक कि उन नियमों का भी पालन नहीं होता। जिनका हम आम तौर पर राजनीतिक लड़ाई में पालन करते हैं। प्रियंका ने कहा, मैं सबसे पहले सांसद बनाने पर आप सभी को धन्यवाद देती हूं। आपको पता होगा कि मैंने पिछली रैली में कहा था, मैं 35 साल से चुनाव प्रचार कर रही हूं। पहली बार अपने लिया किया। मैं आपकी बात संसद तक पहुंचाएंगी।

## केजरीवाल पर फेंका गया पानी मालवीय नगर में पदयात्रा के दौरान हुई घटना

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल पर मालवीय नगर में पदयात्रा के दौरान पानी फेंका गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मालवीय नगर इलाके में पदयात्रा के दौरान एक शख्स ने केजरीवाल पर पानी फेंकने की कोशिश की। इस घटना के तुरंत बाद दिल्ली पुलिस के जवानों ने उस शख्स को हिरासत में ले लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

आरोपी का नाम अशोक झा बताया जा रहा है। केजरीवाल पर हुए हमले पर दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी नेता सभी राज्यों में रैलियां करते हैं, उन पर कभी हमला नहीं होता। अरविंद केजरीवाल पर लगातार हमले हो रहे हैं। बीजेपी ने नांगलोई में उन पर हमला किया था, छतरपुर में उन पर हमला हुआ था। दिल्ली में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और केंद्र सरकार और गृहमंत्री कुछ नहीं कर रहे हैं।

# 'केंद्र-राज्य के बीच प्रतिस्पर्धी पहलुओं को लेकर बनाना होगा संतुलन'

### शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी



नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी अधिकारी अंकित तिवारी के खिलाफ रिश्वत लेने के मामले में सुनवाई करते हुए प्रतिस्पर्धी मुद्दों के बीच संतुलन बनाने पर जोर दिया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि जिन मामलों में केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों की जांच राज्य पुलिस द्वारा की गई है या की जा रही है ऐसे मामलों में प्रतिस्पर्धी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि संघीय ढांचे में, यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक घटक अपनी पहचान और अधिकार क्षेत्र बरकरार रखे। इस दौरान पीठ ने एक काल्पनिक स्थिति का हवाला भी दिया। अदालत ने कहा कि अगर कोई राज्य केंद्र सरकार के अधिकारियों को मनमाने ढंग से गिरफ्तार करने का फैसला करता है, तो इससे संवैधानिक संकट पैदा हो सकता है। ऐसे में अगर यह कहा जाता है कि राज्य के पास गिरफ्तारी की विशेष शक्ति है, तो यह संघीय ढांचे के लिए खतरनाक हो सकता है। हालांकि पीठ ने यह भी कहा कि राज्य पुलिस को उसके अधिकार क्षेत्र के भीतर किसी मामले की जांच करने की शक्ति से वंचित करना भी ठीक नहीं होगा। सभी दलीलों पर विचार करते हुए अदालत ने कहा कि हम इन प्रतिस्पर्धी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने के लिए दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करेंगे। इसमें कहा गया है कि हालांकि एक आरोपी जांच में अपनी बात नहीं रख सकता, लेकिन उसे निष्पक्ष जांच का अधिकार है। फिलहाल पीठ ने मामले की सुनवाई जनवरी में तय की है। शीर्ष अदालत ने 20 मार्च को तिवारी को अंतरिम जमानत दे दी थी।

गौरतलब है कि शीर्ष अदालत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें उसके अधिकारी अंकित तिवारी के खिलाफ एक मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। अंकित तिवारी को तमिलनाडु सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) ने कथित रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। डीवीएसी ने दावा किया गया था कि मदुरै में ईडी के उप-जोनल कार्यालय में तैनात अधिकारी तिवारी को 1 दिसंबर, 2023 को तमिलनाडु सरकार के एक अधिकारी से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था।

# आरएसएस ने कहा : हिंदुओं का उत्पीड़न रोकने के लिए विश्व जनमत बनाए केंद्र

### > बांग्लादेश की सुरक्षा एजेंसियां मूकदर्शक



नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के प्रमुख चेहरे और इस्कॉन मंदिर से जुड़े चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद हालात खराब होते जा रहे हैं। उनके जेल जाने की खबरों के बाद से लगातार हंगामा जारी है। भारत का पड़ोसी देश इस समय सांप्रदायिक आग में झुलस रहा है।

हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने चिंता जताई। संघ ने शनिवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने और दास को तुरंत जेल से रिहा करने की अपील की। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर कड़ा रुख अपनाते हुए आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि केंद्र सरकार को हिंदुओं का उत्पीड़न रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। केंद्र सरकार को विश्व जनमत तैयार कर भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे उत्पीड़न को रोकने के लिए उचित प्रयास करना चाहिए। साथ ही इसके लिए वैश्विक प्रभावी संगठनों की मदद लेनी चाहिए। संघ ने इस्कॉन मंदिर के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को तुरंत रिहा किए जाने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं, महिलाओं और अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्याएं, लूटपाट और आगजनी जैसी घटनाओं के साथ ही अमानवीय अत्याचार बेहद चिंताजनक हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसकी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि इन लोगों को रोकने की जगह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और अन्य एजेंसियां मौन साधे हुए हैं। होसबोले ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं द्वारा आत्मरक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से उठाई गई आवाज को दबाने के लिए उनके खिलाफ अन्याय और अत्याचार का एक नया दौर बनता दिख रहा है। आरएसएस के सरकार्यवाह ने यह भी कहा कि इस तरह के शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे चिन्मय कृष्ण दास को जेल भेजना अन्याय है। बता दें, बांग्लादेश पुलिस ने सोमवार को इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्र से उस समय गिरफ्तार किया था।

## 'एक्सिओम-4' मिशन के लिए इसरो-नासा साथ में आए

बेंगलूरू, 30 नवंबर (एजेंसियां)। भारत-अमेरिका के संयुक्त स्पेस मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की उड़ान के लिए इसरो ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को प्राइम पायलट के रूप में चुना है।

वहीं ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर को बैकअप पायलट के रूप में चुना गया है। इन दोनों ने प्रशिक्षण के शुरूआती चरण को पूरा कर लिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के 'एक्सिओम-4 मिशन' के लिए चुने गए दो भारतीय गननयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण पूरा कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर इसरो एवं अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त प्रयास को पूरा करने के लक्ष्य की दिशा में 'एक्सिओम मिशन 4' के लिए चुने गए दो गगनयात्रियों ने अगस्त 2024 के पहले सप्ताह से अमेरिका में अपना प्रशिक्षण शुरू किया था।

# 'संभल जामा मस्जिद में खूब हुआ अवैध निर्माण'



संभल, 30 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने कोर्ट में दाखिल किए अपने हलफनामे में कहा है कि उनकी टीम को भी संभल जामा मस्जिद मे दाखिल नहीं होने दिया गया। एएसआई ने कोर्ट से कहा कि 1920 से ही इस मस्जिद के संरक्षण और रखरखाव की जिम्मेदारी हमारे पास है। लेकिन लंबे समय से हमारी टीम को मस्जिद में जाने से रोका जाता रहा है। इसलिए इसके मौजूदा स्वरूप के बारे में जानकारी हमारे पास नहीं है। एएसआई के मुताबिक समय-समय पर जब भी इस हेरिटेज मस्जिद का मुआयना करने टीम गई, लोग आपत्ति जताते हुए उसे आगे जाने रोक देते थे. लिहाजा एएसआई को मस्जिद परिसर में अंदरूनी तौर पर हुए मनमाने निर्माण कार्यों की कोई जानकारी नहीं है। एएसआई ने 1998 में इस मस्जिद का दौरा किया था। सबसे आखिरी बार इस साल जून में एएसआई अधिकारियों की टीम स्थानीय प्रशासन और पुलिस के सहयोग से मस्जिद मे दाखिल हो पाई थी।

उस समय एएसआई ने मस्जिद की इमारत में कुछ अतिरिक्त निर्माण कार्य देखा था। उसने कोर्ट को बताया है कि मस्जिद परिसर में प्राचीन इमारतों और पुरातात्विक अवशेषों के संरक्षण अधिनियम 1958 के प्रावधानों का सरासर उल्लंघन हो रहा है। लेकिन जब भी एएसआई की टीम दौरा करने जाती, उसे रोकने के साथ हर बार स्थानीय लोग पुलिस में शिकायत भी करते रहे। एएसआई ने इस हेरिटेज मस्जिद में अवैध निर्माण कराने के लिए जिम्मेदार लोगों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए। एएसआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मुख्य मस्जिद की इमारत की सीढ़ियों के दोनों तरफ स्टील की रेलिंग लगी है। 19 जनवरी, 2018 को इस अवैध स्टील रेलिंग के निर्माण के संबंध में आगरा कमिश्नर की ओर से संभल कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

## संजौली मस्जिद की 3 मंजिलें गिरानी होंगी

शिमला, 30 नवंबर (एजेंसियां)। शिमला स्थित संजौली मस्जिद की 3 अवैध मंजिलों को लेकर शनिवार को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका को खारिज कर दिया। उन्होंने नगर निगम कमिश्नर के आदेश को चुनौती दी थी। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज प्रवीण गर्ग ने नगर निगम कमिश्नर के फैसले को सही ठहराया।

अब 5 दिसंबर तक मस्जिद की 3 मंजिलों को हटाना होगा। मस्जिद कमेटी अपने खर्चे पर तीनों मंजिल तुड़वाने का काम करेगी। हालांकि मस्जिद कमेटी अब तक छत और एक मंजिल की दीवारें हटा चुकी है। मुस्लिम पक्ष के एडवोकेट विश्व भूषण ने कहा कि अभी हम कोर्ट के ऑर्डर को देखेंगे। इसके बाद आगे का निर्णय लेंगे। नगर निगम कमिश्नर ने 5 अक्टूबर को 2 महीने में संजौली मस्जिद की अवैध रूप से बनी 3 मंजिलों को तोड़ने के आदेश दिए थे। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में दलील दी थी कि मोहम्मद लतीफ नाम के व्यक्ति ने मस्जिद गिराने की सहमति दी है, वह इसके लिए अधिकृत नहीं था।

# महाराष्ट्र को आठ दिन बाद भी नहीं मिल सका सीएम

## > संजय राउत ने बताई इसके पीछे की वजह



मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसियां)। उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने एक बार फिर महायुति पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में आए अस्वाभाविक जनादेश के कारण पिछले आठ दिनों से मुख्यमंत्री के चयन में देरी हो रही है। बता दें, विधानसभा चुनावों में महायुति को बड़ी जीत मिली है, जबकि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) लगातार अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ रहा है। राउत ने संकेत दिया कि महायुति में चल रहे मतभेदों के कारण कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सरकार गठन की कोशिशों के बीच अपने पैतृक गांव जाने को मजबूर होना पड़ा।

**शिंदे की वजह से मीटिंग रद्द?**

महाराष्ट्र में चुनावी नतीजे घोषित होने के एक सप्ताह बाद भी नए मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस बरकरार है। सीएम और डिप्टी सीएम के चेहरे को लेकर लगातार सियासी गलियारों में हलचल मची हुई है। इस बीच, कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपने पैतृक गांव चले गए। इस वजह से महाराष्ट्र सरकार के गठन पर फैसला लेने के लिए मुंबई में होने वाली महायुति की अहम बैठक स्थगित कर दी गई थी। इसके बाद अटकलें लगाई जाने लगी कि क्या शिंदे सरकार गठन के फैसले से नाराज हैं और इसलिए सतारा जिले में अपने गांव चले गए हैं। हालांकि, उनकी पार्टी के नेता उदय सामंत ने सभी अटकलों पर विराम लगाया। उन्होंने दावा किया कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री परेशान नहीं हैं। वो बुखार और सर्दी से पीड़ित होने के कारण अपने पैतृक गांव चले गए।

**पूरे राज्य में आंदोलन हो रहे**

राउत ने कहा, 'नतीजे घोषित हुए आठ दिन बीत चुके हैं, मगर महाराष्ट्र को मुख्यमंत्री नहीं मिल पाया है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री (एकनाथ शिंदे) अपने गांव चले गए हैं। ऐसा क्यों हो रहा है? शायद इसलिए क्योंकि नतीजे अस्वाभाविक हैं और लोगों की इच्छा के खिलाफ हैं। पूरे राज्य में आंदोलन हो रहे हैं।'

**'अचानक मतों की संख्या में हुई वृद्धि'**

उन्होंने आरोप लगाया कि मतदान के अंतिम घंटों में डाले गए मतों की संख्या में अचानक वृद्धि महाराष्ट्र और हरियाणा में महायुति की जीत का कारण बनी। उन्होंने आगे कहा, 'महाराष्ट्र में 20 नवंबर को शाम पांच बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक 76 लाख वोट पड़े। इन 76 लाख वोटों का क्या हुआ? इसी तरह हरियाणा में 14 लाख वोट बढ़े। वोटों की संख्या में अचानक वृद्धि होना महायुति की जीत का कारण था।' उन्होंने कहा कि विपक्षी महा विकास आघाडी चुनाव परिणामों और इसके पीछे की तकनीकी पहलुओं का अध्ययन कर रहा है।

बता दें, महायुति ने 288 सीटों में से 230 सीटें जीतीं, जिसमें भाजपा ने अधिकतम 132 सीटें जीतीं। हालांकि, वहीं एमवीए मात्र 46 सीटों पर सिमट गया था।

# दरगाह विवाद में सिर कलम करने की धमकी

## वादी विष्णु गुप्ता को कनाडा से आया कॉल

अजमेर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। अजमेर दरगाह संकट मोचन महादेव मंदिर मामले में हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने फोन पर कहा कि तेरा सर कलम कर दिया जाएगा, गर्दन काट दी जाएगी। तूने अजमेर दरगाह का केस फाइल करके बहुत बड़ी गलती कर दी।

**कनाडा और भारत से आए धमकी भरे कॉल**

जानकारी के अनुसार विष्णु गुप्ता को दो अलग-अलग नंबरों से धमकी दी गई। इनमें से एक कॉल कनाडा और दूसरा भारत से आया है। धमकी भरे फोन कॉल के बाद गुप्ता ने तुरंत नई दिल्ली के बाराखंबा थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विष्णु गुप्ता ने धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम ऐसे धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हम कानून के दायरे में रहकर काम कर रहे हैं और कोर्ट जाना हमारा अधिकार है। अजमेर दरगाह संकट मोचन महादेव मंदिर था, है और रहेगा। हम अपने मंदिरों को वापस लेने के लिए न्यायालय के माध्यम से संघर्ष जारी रखेंगे।

अजमेर दरगाह में महादेव मंदिर होने के दावे पर विष्णु गुप्ता ने अदालत में याचिका दाखिल की है। उन्होंने आरोप लगाया कि संकट मोचन महादेव मंदिर को तोड़कर वहां दरगाह बनाई गई। इस मामले में अदालत ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर 20 दिसंबर 2024 को सुनवाई की तारीख तय की है।

# 'आपस में हाथ मिलाना है या नहीं, वे दोनों ही तय करेंगे'

## उद्धव-राज के संबंधों पर बोले अंबादास दानवे



मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में जहां एक तरफ मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर संशय बना हुआ है, वहीं दूसरी तरफ शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे ने उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे के संबंधों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह वे दोनों ही तय कर सकते हैं कि उन्हें आपस में हाथ मिलाना चाहिए या नहीं। दानवे ने बताया कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे का राजनीतिक रुख अस्पष्ट है। लोगों को यह समझ नहीं आ रहा कि वे राज्य सरकार के समर्थन में हैं या विरोध में। पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे ने कहा, हर चुनाव में हार के बाद ऐसी बातें होती है कि ठाकरे के चचेरे भाइयों को एक साथ आना चाहिए। चुनावी नतीजों के जारी होने के बाद हर आठ से 10 दिनों के भीतर इसपर चर्चा होती है। यह केवल वे ही तय कर सकते हैं कि उन्हें एक साथ आना चाहिए या नहीं। इसमें हमारा कोई किरदार नहीं है।

**राज ठाकरे का रुख अस्पष्ट : अंबादास दानवे**

उद्धव गुट के वफादार नेता ने कहा कि राज ठाकरे का राजनीतिक रुख अस्पष्ट है। उन्होंने कहा, लोगों को यह समझ नहीं आता कि वे (राज ठाकरे) सरकार के साथ हैं या खिलाफ। मनसे के उम्मीदवार महायुति के खिलाफ थे, जबकि उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए देवेंद्र फडणवीस की वकालत की। उनका रुख स्पष्ट नहीं है। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मनसे ने 125 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी उम्मीदवार चुनावी मैदान में नहीं उतर सका।

शिवसेना (यूबीटी) ने 95 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें से उन्होंने 20 सीटों पर जीत हासिल की। ठाकरे भाइयों के बीच साल 2006 से भी पहले से मतभेद हैं, जिसके कारण राज ठाकरे ने अविभाजित शिवसेना छोड़कर मनसे का गठन किया। राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे को मुंबई की माहिम सीट से हार का सामना करना पड़ा।

# 'आप गुंडों की पार्टी' : गौरव भाटिया बोले दिल्ली में अपराधी विधायक बन गए



नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के लगाए गए आरोपों पर भाजपा नेता गौरव भाटिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि आप गुंडों की पार्टी बन गई है। गुंडे आप के सबसे बड़े समर्थक हैं। वे खुलेआम वसूली करते हैं और आप विधायक के निर्देश पर आम आदमी को धमकाकर वसूली की जाती है। आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल की सहमति से आप विधायक आम आदमी को धमकाकर वसूली का धंधा चला रहे हैं। आप के 'रंगदारीखोर' विधायक नरेश बाल्यान की एक ऑडियो क्लिप में वह एक बिल्डर से पैसे वसूलने के लिए एक गैंगस्टर से बात कर रहे हैं। जनता ने आपको (आप) शराब घोटाला और रंगदारी का धंधा करने के लिए नहीं चुना है। भाजपा के सवाल पर आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बालियान ने जवाब दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि हाईकोर्ट कोर्ट ने खुद इसे गलत और ट्रैप तथा धमकी बताते हुए सभी चैनलों से इस फर्जी खबर को हटवाया था।

# 'दिल्ली नर्क बना दी' स्वाति मालीवाल ने सीएम 1 और सीएम 2 को याद दिलाया वादा

## कालकाजी विधानसभा का किया दौरा



नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कालकाजी विधानसभा का दौरा किया। दौरे के बाद स्वाति ने सीएम आतिशी पर निशाना साधा है।

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि आज दिल्ली की हालत बहुत बदहाल हो चुके हैं। आप किसी अमीर कॉलोनी में चले जाइए या किसी गरीब बस्ती में, हर जगह सड़कें टूटी पड़ी हैं, कूड़े के बड़े-बड़े पहाड़ इकट्ठा हो गए हैं। मैं कालकाजी विधानसभा गई, जो मुख्यमंत्री का अपना विधानसभा क्षेत्र है। वहां हालात इतने खराब हैं कि सारी सड़कें टूटी पड़ी हैं। आगे कहा कि हर दिन कई बुजुर्ग और बच्चे गिर रहे हैं। वहां की हालत इतनी खराब है कि अगर कोई महिला गर्भवती हो या किसी को मेडिकल इमरजेंसी हो जाए तो एंबुलेंस तक अंदर नहीं आ रही। मैं पिछले 20 सालों से दिल्ली में जमीन पर काम कर रही हूं, मैंने आज तक ऐसे हालात नहीं देखे कि मुख्यमंत्री जो कि बहुत लंबे समय तक पीडब्ल्यूडी मंत्री रही हैं, उनके अपने विधानसभा क्षेत्र का इतना बुरा हाल है। पूरे इलाक़े का नाश कर रखा है। सड़कें टूटी फूटी पड़ी है और हर दिन लोग घायल हो रहे हैं। ये हाल तब है जब मैडम ख़ुद मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री भी हैं। लोग नर्क की ज़िंदगी जी रहे हैं।

स्वाति ने आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें अपने विधानसभा के लोगों से जाकर मिलना चाहिए और उनका दर्द समझना चाहिए और उन्हें राहत पहुंचानी चाहिए। अगर वे अपने विधानसभा क्षेत्र की स्थिति नहीं सुधार सकती तो ये बाकी दिल्ली को कैसे ठीक करेंगी।

# बस खाई में गिरी, बच्चे समेत 4 की मौत

खरगोन, 30 नवंबर (एजेंसियां)। खरगोन जिले में शनिवार को यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। हादसे में तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौके पर मौत हो गई। 21 यात्री घायल हुए हैं। हादसा खरगोन जिला मुख्यालय से 42 किलोमीटर दूर बड़वानी जिले से लगे जिरातपुरा फाटे पर हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया है। जानकारी के मुताबिक बस खरगोन से दोपहर 12.10 बजे आलीराजपुर के लिए निकली थी। इसमें 25 से 30 यात्री सवार थे। इस दौरान जिरातपुरा फाटे के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलटी गई। सूचना के बाद मौके पर सेगांव पुलिस पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। कुछ देर बाद तहसीलदार भी घटनास्थल पर पहुंच गए। खाई में गिरी बस को 2 जेसीबी की मदद से सीधा कर नीचे फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से सेगांव अस्पताल लाया गया। यहां से 11 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

# बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 61 लाख ऐंठे

नाडियाद, 30 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात में नाडियाद जिले के महिसा गांव का बुजुर्ग दंपती ठग गिरोह का शिकार हो गया। ठग ने दंपती को व्हाट्सएप कॉल किया कि 'मुंबई से सीबीआई ऑफिसर बोल रहा हूं, आपके बेटे-बेटी को ड्रग मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार गिरफ्तार करना होगा'। इस तरह डराकर उनसे 61 लाख रुपए ऐंठ लिए। बुजुर्ग दंपती के पास पैसे नहीं थे तो गहने गिरवी रखकर दिए और अन्य गहने बेचकर थोड़ा-थोड़ा करके 61 लाख आरटीजीएस किए। इसके बावजूद ठग गैंग ने वेरिफिकेशन करने के बहाने और 40 लाख मांगे, तब दंपती ने महुधा पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया।

## *सीएम के बेटों ने भाजपा पर साधा निशान*

# जमीर और जहीर अब्दुल्ला ने जम्मू में बढ़ाई राजनीतिक सक्रियता

जम्मू, 30 नवंबर (एजेंसियां)। यूथ नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बेटे जमीर और जहीर अब्दुल्ला ने भी जम्मू में अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ा दी है। वे दोनों भाई शेर-ए-कश्मीर भवन में वाईएनसी पदाधिकारियों की बैठक में मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने युवाओं के सामने बढ़ती चुनौतियों के लिए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भर्ती घोटालों और बेरोजगारी से युवा आहत हैं। दोनों युवा नेताओं ने कहा कि युवाओं के सामने आ रही चुनौतियों के समाधान के लिए नेकां सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के दोनों बेटे विधानसभा चुनाव में नामांकन के दौरान मौजूद रहे थे। शेर-ए-कश्मीर भवन में वे दूसरी बार आए हैं।

जम्मू संभाग में उन्होंने पहली बार सार्वजनिक बैठक में हिस्सा लिया और भाजपा पर निशाना साधा है।युवा नेताओं ने कहा कि भाजपा द्वारा अपनाई गई नीतियों के कारण जम्मू-कश्मीर के युवाओं के सामने चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। विशेष रूप से भर्ती घोटालों और बेरोजगारी से युवा आहत हैं। नेकां के संभागीय अध्यक्ष रतन लाल गुप्ता ने कहा कि देश में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करने में मोदी सरकार की विफलता से युवाओं को बड़े पैमाने पर परेशानी का सामना करना पड़ा है। जम्मू-कश्मीर इस टूटी प्रतिबद्धता का सबसे ज्यादा शिकार हुआ है। बेरोजगारी चरम पर है और युवाओं के पास न्याय की मांग के लिए सड़कों पर उतरने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। मौके पर यूथ विंग के जिला अध्यक्ष तेजिंदर सिंह अमन, बिमला लूथरा, मोहिंद्र कुमार, जमीर कुरेशी, साहिल केरनी, साहिब चिब, रोबिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# सीआरपीएफ ने अपने ग्राउंड कमांडरों को मुख्य स्तंभ मानने से किया इनकार

## कैडर अफसरों को बताया सुपरवाइजर

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' ने अपने ही ग्राउंड कमांडर यानी सहायक कमांडेंट को बल का मुख्य स्तंभ मानने से इनकार कर दिया है। इतना ही नहीं, दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष दाखिल किए गए एक जवाब में बल ने कैडर अफसरों की भूमिका को एक सुपरवाइजरी पोस्ट बताया है। सीआरपीएफ ने सिपाही से लेकर हवलदार तक के पांच रैंकों को मुख्य स्तंभ कहा है। इन्हें ही फोर्स की रीढ़ बताया है। कैडर अफसर तो इन रैंकों को सुपरवाइज करने के लिए होते हैं। इस जवाब ने उन ग्राउंड कमांडरों को गहरी चोट पहुंचाई है, जो 15 वर्ष में पहली पदोन्नति यानी 'डिप्टी कमांडेंट' का पद भी नहीं पा सके हैं। पदोन्नति व दूसरे आर्थिक फायदों के लिए कैडर अफ़सरों को विभिन्न अदालतों की शरण लेनी पड़ रही है। बता दें कि बल के कैडर अफसर कई वर्षों से अपनी पदोन्नति के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। इस बाबत कई दफा कमेटी व बोर्ड गठित हो चुके हैं, मगर पदोन्नति की राह प्रशस्त नहीं हुई। कैडर अफसरों का कहना है, अगर हमें नियुक्ति के 15 वें साल में भी पदोन्नति नहीं मिल रही है तो बाकी बचे सेवाकाल का अंदाजा लगाया जा सकता है। ये अफसर जब भी शीर्ष अफसरों के समक्ष अपनी बात कहते हैं तो उन्हें अदालत में मामला होने की बात कह कर शांत कर दिया जाता है। समय पर पदोन्नति न मिलने के कारण अनेक युवा अफसर, सीआरपीएफ की जॉब छोड़ चुके हैं। इन अफसरों का कहना है कि जम्मू कश्मीर में आतंक रोधी ऑपरेशन या एलडब्लूई थियेटर में नक्सलियों की कमर तोड़ना और उत्तर पूर्व में उग्रवादियों से लोहा लेना, इन सब कामों में ग्राउंड कमांडरों की बड़ी भूमिका रहती है।

# आतंकियों की नई चाल-गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग ले रहे

## हथियार बदले, लोकल लोगों की भर्ती से भी बच रहे

श्रीनगर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। अक्टूबर में बारामूला पुलिस को एक अजीब वारदात पता चली। एक सुदूर गांव में जंगल के पास बनी दुकान का दरवाजा रात में आतंकियों ने तोड़ दिया। खाने-पीने और राशन का काफी सामान ले गए। सामान की कीमत से ज्यादा रुपए एक डिब्बे के नीचे रख गए। दुकान पर 15 दिन में यह दूसरी वारदात थी। वहीं, किश्तवाड़ में हुए एनकाउंटर में रातभर में आतंकवादियों ने सिर्फ 6 फायर किए और भाग गए। ये दो घटनाएं जम्मू-कश्मीर में पाक से घुसे आतंकियों की बदलती रणनीति दिखाती हैं।

पहला, न लोकल आतंकी भर्ती किए जा रहे हैं, न लोकल मददगार रखे जा रहे हैं। सब खुद मैनेज कर रहे हैं। दूसरा, उनके ट्रेनिंग, हथियार और कम्युनिकेशन डिवाइस काफी उन्नत हैं। विभिन्न एजेंसियों के इनपुट बताते हैं कि जम्मू-कश्मीर में 125 से ज्यादा विदेशी आतंकवादी हैं। हालांकि, सेना ने 25 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच आतंकियों के खिलाफ 10 से ज्यादा ऑपरेशन किए हैं। इसमें सात आतंकी मारे गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'हर साल अप्रैल-जुलाई और अक्टूबर में 50 से 70 आतंकी घुसपैठ करते रहे हैं। इतने ही लोकल आतंकी होते थे। इस बार लोकल आतंकी कम हैं।'

**आतंकियों की सबसे ज्यादा हलचल सोपोर-बारामूला में**

कश्मीर में मुख्य रूप से तीन आतंकी संगठन सक्रिय हैं। जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयब्बा और हिजबुल-मुजाहिद्दीन। जैश ने कश्मीर में आत्मघाती हमले किए। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक सोपोर-बारामूला में करीब 30 आतंकी हैं। बारामूला-पट्टन-किरिरी पट्टी में 10 और सोपोर में 20 से ज्यादा विदेशी आतंकी हैं। बांदीपुरा-हाजिन में यह संख्या 18 तक है। शोपियां-कुलगाम में 18 से 20, पुलवामा में 10 से 15, कुपवाड़ा और अनंतनाग में 10 से ज्यादा विदेशी आतंकी हैं। जम्मू डिवीजन में 45 से 50 विदेशी आतंकवादी सक्रिय हैं। डेढ़ दशक से शांत जम्मू के इलाकों में भी आतंकवाद दिखने लगा। रियासी, कठुआ, पुंछ, सांबा, रामबन और डोडा-किश्तवाड़ में आतंकी हलचल की खबरें लगातार आ रही हैं। जम्मू-कश्मीर से लगते हिमाचल और पंजाब के कुछ जिलों से भी घुसपैठ की रिपोर्ट्स हैं। कश्मीर में मुख्य रूप से 3 आतंकी संगठन सक्रिय हैं। जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयब्बा और हिजबुल-मुजाहिद्दीन। जैश ने कश्मीर में आत्मघाती हमले किए हैं।

**आतंकियों ने बदली कम्युनिकेशन और मूवमेंट की रणनीति**

मिनिमम लोकल कॉन्टैक्टः एप से खोज रहे रास्ते, राशन के लिए दुकानों में सेंध आतंकी मिनिमम सिविल कॉन्टैक्ट रख रहे हैं। राशन के लिए दुकानों में सेंध जैसे हथकंडे अपना रहे हैं। जंगल में लगातार लोकेशन बदलते रहते हैं। पर्वतारोहियों के लिए बने एप से जंगल में रास्ते खोजते हैं। नजर में आने से बचने को दो-चार आतंकी ही साथ चलते हैं। असर- आबादी से दूरी आतंकियों को फायदा पहुंचा रही है। बड़े पैमाने पर घुसपैठ के बाद भी सुरक्षा बलों के पास पुख्ता इंटेलिजेंस कम है। कम्युनिकेशनः आकाओं से बात करने को चीनी उपकरण से एनक्रिप्टेड डेटा भेज रहे सीमा पार आकाओं या आपस में कम्युनिकेशन के लिए आतंकी चीनी उपकरणों का सहारा ले रहे हैं।

# खबरें जरा हटके

## 'शादी तो होती रहेगी!' मंडप में बैठकर दोस्तों संग लूडो खेलता दिखा दूल्हा, लोग लेने लगे मजे!



आजकल शादियों का सीजन है और इस बीच दूल्हा-दुल्हन से जुड़े कई मजेदार वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. लोग अपनी शादी को खास बनाने के चक्कर में कुछ अलग करने की कोशिश करते हैं, और इस कारण वो चर्चा का विषय बन जाते हैं. पर आज हम जिस तस्वीर की बात कर रहे हैं, उसमें तो कुछ भी अनोखा नहीं है, फिर भी तस्वीर वायरल हो रही है. वो इसलिए क्योंकि इस तस्वीर में एक दूल्हा सही काम गलत जगह पर करता नजर आ रहा है. जब आप इस फोटो को देखेंगे, तब खुद ही हैरान हो जाएंगे. ट्विटर अकाउंट पर हाल ही में एक फोटो पोस्ट की गई है, जिसमें एक दूल्हा अपने दोस्तों के साथ मंडप में बैठकर लूडो खेलकर रहा है. जैसा हमने पहले भी कहा कि वो कुछ गलत या अजीब काम नहीं कर रहा है, बल्कि गलत वक्त पर कर रहा है, बस इसी वजह से लोग उसके मजे लेने लगे और तस्वीर वायरल हो गई. फोटो पोस्ट करते हुए लिखा गया- शख्स की अपनी प्राथमिकताएं हैं.

**लूडो खेलता नजर आया दूल्हा**

फोटो में शख्स मंडप में पैर मोड़कर बैठा है. उसके पीछे उसके दो दोस्त भी दिख रहे हैं, जिन्होंने फोन में लूडो का खेल चलाया है. दूल्हा उनके साथ ही लूडो खेल रहा है. उसने सिर पर शादी के दौरान पहनने वाला जो मौर पहना है, वो बंगाली शादियों में दूल्हे पहनते हैं. शख्स बड़े गौर से अपनी चाल चलता दिखाई दे रहा है. ये फोटो वायरल होने लगी, इसे 4 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक ने कहा कि शादी तो होती रहेगी, लूडो नहीं रुकना चाहिए! एक ने कहा कि लगता है दुल्हन की एंट्री नहीं हुई थी तब तक. एक ने कहा इस आदमी के लिए लूडो खेलना ज्यादा जरूरी है. एक ने कहा कि हर इंसान के लिए उसकी प्राथमिकताएं जरूरी हैं.

## बीवी के लिए सोने की चेन खरीदकर करोड़पति बन गया पति

**मिल गए 8 करोड़ रुपये, आखिर कैसे बदली किस्मत?**




किस्मत बदले में वक्त नहीं लगता, जो व्यक्ति आज की रात बिना छत को सो रहा हो, अगले दिन वो किसी महल में भी उठ सकता है. किसी के भाग्य में क्या लिखा है, ये कोई नहीं जानता. बहुत से लोग इसे चमत्कार कह सकते हैं, पर ये किस्मत की तरह है. हाल ही में ऐसा ही एक शख्स के साथ सिंगापुर में हुआ. इस भारतीय मूल के व्यक्ति ने अपनी बीवी के लिए सोने की चेन खरीदी. पर उसे खरीदने के बाद वो करोड़पति बन गया. उसे 8 करोड़ रुपये मिल गए. अब सवाल ये उठता है कि आखिर उसकी किस्मत कैसे बदल गई? एशिया वन वेबसाइट के अनुसार भारतीय मूल के बालुसुब्रमण्यम चितंबरम एक प्रोजेक्ट इंजीनियर हैं जो 21 सालों से सिंगापुर में रह रहे हैं. करीब 3 महीनों पहले उन्होंने अपनी बीवी के लिए एक सोने की चेन खरीदी थी, जिसके लिए उन्होंने कुल 3.8 लाख रुपये खर्च किए थे. ये सोने की चीन उन्होंने मुस्तफा ज्वेलरी नाम की गहने की दुकान से खरीदी थी.

**लकी ड्रॉ में निकला नाम**

ये दुकान हर साल एक लकी ड्रॉ करवाती है जिसमें वो लोग हिस्सा लेते हैं जो दुकान से कम से कम 15 हजार रुपये की शॉपिंग करते हैं. चूंकि शख्स ने उससे ज्यादा की शॉपिंग की तो उनका नाम लकी ड्रॉ में शामिल कर लिया गया. 24 नवंबर को एक कार्यक्रम में जब लकी ड्रॉ का नतीजा आया, तो उसे देखकर बालु सुब्रमण्यम के होश उड़ गए. वो इसलिए क्योंकि उनकी लॉटरी लग गई थी, वो 8 करोड़ रुपये की लॉटरी जीत चुके थे.

## वसीयत में लिखी थी ऐसी शर्त, महिला की मौत के बाद हो गया 'अनर्थ'

**श्मशान के बजाय यहां पहुंची अर्थी**



आमतौर पर जब अर्थी तैयार होती है, तो उसे सीधे श्मशान घाट ले जाया जाता है, लेकिन शव को घाट के बजाय पुलिस स्टेशन ले जाया गया. ऐसा पढ़ना या देखना अजीबोगरीब लगता है ना. दरअसल, ऐसा ही एक मामला बालाघाट के कटंगी शहर में देखने को मिला. 82 साल की देवकन बाई बिसेन की मौत 28 नवंबर की रात में हुई, लेकिन अर्थी तैयार होकर श्मशान घाट के लिए निकलने ही वाली थी कि इतने में पुलिस आई और शव को कब्जे में ले लिया. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया.

**बेहद रोचक है पूरा मामला**

82 साल की बुजुर्ग महिला देवकन के पास बालाघाट में एक मकान और सोनपुरी गांव में लगभग 18 एकड़ जमीन है. उन्होंने मरने से पहले एक वसीयत लिखवाई थी. इस वसीयत में लिखा था कि बुढ़ापे में जो उनका पालन पोषण करेगा, वहीं उनकी संपत्ति का हकदार होगा. ऐसे में उनकी बहन के बेटे ओपी ठाकुर के बेटे ने बालाघाट में देवकन बाई की देखभाल की. वहीं, देवकन तीन सालों से ओपी ठाकुर के पास रह रही थी. अब उनकी मौत 28 नवंबर की रात 10 बजे हुई.

**ऐसे आया मामले में ट्विस्ट**

अब कहानी में एक ट्विस्ट तब आया जब देवकन बाई की मौत की खबर उनके देवर की बेटे सुभाष बिसेन को मिली. इसके बाद सुभाष बिसेन को अपनी बड़ी मां की हत्या की आशंका हुई. और उसने ई-एफआईआर दर्ज की. इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू की और आनन फानन में अर्थी को ही कब्जे में लिया. इस मामले की जानकारी देते हुए कटंगी थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया ने बताया कि मृतक महिला के देवर के बेटे ने हत्या का संदेह जाहिर किया. ऐसे में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. अब कार्रवाई की जा रही है.

सुविचार
हासिल कर लीजिए या गवां दीजिए मगर अपने स्वार्थ के लिए किसी का इस्तेमाल मत कीजिए!

# मुख्यमंत्री ने पलामुरु के लोगों से विकास के अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया

### मुख्यमंत्री ने महबूबनगर में यह अपील की

महबूबनगर, 30 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पलामुरु जिले के लोगों से भ्रामक वादों को अपने विकास में बाधा न बनने देने और 70 वर्षों के बाद मिले अवसर को न गंवाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को महबूबनगर में आयोजित किसान महोत्सव में अपने भाषण के दौरान यह अपील की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनता की सरकार ने किसानों के लाभ के लिए 54,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि यह कांग्रेस सरकार ही थी जिसने लगातार हर तरह से किसानों का समर्थन किया है। रेवंत रेड्डी ने कहा, 29 नवंबर का दिन विशेष महत्व रखता है। ठीक एक साल पहले, लोगों ने जनता की सरकार के लिए उत्साहपूर्वक मतदान किया था, जिससे निरंकुश शासन का अंत हुआ और लोगों की सेवा करने वाली सरकार बहाल हुई। कृष्णा नदी पलामुरु से होकर बहती रही, इसके बावजूद जिले के लोगों को अभी तक अपने संघर्षों से राहत नहीं मिली है। कई परिवार रोजगार की तलाश में मुंबई और हैदराबाद जैसे शहरों में चले गए हैं। बुरुगुला रामकृष्ण राव के बाद, यह लंबे समय के बाद है कि पलामुरु का कोई बेटा फिर से मुख्यमंत्री बना है। मुख्यमंत्री ने पिछली बीआरएस सरकार की आलोचना करते हुए कहा, क्या पिछली सरकार ने कृषि ऋण माफी का अपना वादा पूरा किया? क्या पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने यह नहीं कहा था कि धान की खेती करना खुद को फांसी लगाने जैसा है? हालांकि, यह सरकार धान की खेती करने वाले किसानों को 500 रुपये का बोनस दे रही है और उनकी फसल को उत्सव बना रही है। पिछली सरकार ने कालेश्वरम परियोजना पर 1.02 लाख करोड़ रुपये खर्च किए, जो तीन साल के भीतर ही ध्वस्त हो गई। इस साल तेलंगाना राज्य में 1.5 लाख मीट्रिक टन धान की कटाई हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने ब्याज सहित 1 लाख रुपये तक के कर्ज माफी का वादा किया था, लेकिन किसानों को धोखा दिया। मौजूदा कांग्रेस सरकार ने एक साल के भीतर 25 लाख किसान परिवारों के 21,000 करोड़ रुपये के कर्ज माफ किए हैं। क्या देश में किसी राज्य ने ऐसा किया है? मैं इस संबंध में प्रधानमंत्री मोदी और केसीआर को चुनौती देता हूं। कांग्रेस पार्टी ही वह पार्टी है जिसने किसानों को मुफ्त बिजली दी, रेवंत रेड्डी ने कहा मुख्यमंत्री ने पलामुरु जिले में औद्योगिक विकास के महत्व पर जोर दिया। अतीत में, किसी ने भूमि अधिग्रहण नहीं किया, किसी ने परियोजनाएं नहीं बनाईं, किसी ने उद्योग नहीं लगाए। लेकिन मैं उद्योग स्थापित करके यहां के लोगों के लिए रोजगार पैदा करना चाहता हूं। हालांकि, कुछ लोग भ्रामक शब्दों के साथ उद्योगों को अवरूद्ध करने की कोशिश कर रहे हैं। जिन्होंने उनके झूठ को सुना, वे अब लागाचेरला में मामलों में फंस गए हैं।



जिले के विकास के लिए, क्या हमें भूमि अधिग्रहण नहीं करना चाहिए? अगर अधिकारी काम नहीं करते तो क्या श्रीशैलम और नागार्जुनसागर परियोजनाएं पूरी हो पातीं? केसीआर, केटीआर और हरीश राव की झूठी बातों पर विश्वास करके प्रगति को अवरूद्ध न करें। मुख्यमंत्री ने दोहराया है कि वह भूमि अधिग्रहण के लिए अधिक मुआवजा देने के लिए तैयार हैं। यह यहां उद्योग स्थापित करने का एक बार मिलने वाला अवसर है। हमें इसे नहीं गंवाना चाहिए।

जबकि केसीआर के पास गजवेल में 1000 एकड़ का फार्महाउस है, तो क्या हमें उद्योगों के लिए 1,300 एकड़ जमीन का अधिग्रहण नहीं करना चाहिए? मुख्यमंत्री ने पलामुरु के लोगों से वादा किया कि उनकी सरकार रोजगार प्रदान करेगी और सभी लंबित परियोजनाओं को पूरा करेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जमीन देने वाले हर किसान को सरकारी नौकरी मिले। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिले के लोगों के ऋण चुकाए जाएंगे और इस बात पर जोर दिया कि वह अपने लोगों के साथ कभी धोखा या अन्याय नहीं करेंगे।

## तेलंगाना को कृष्णा और गोदावरी नदी से अपने हिस्से का पानी मिलना चाहिए : सीएम

### रेवंत रेड्डी ने सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की

हैदराबाद, 30 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि तेलंगाना राज्य को कृष्णा और गोदावरी नदी से अपने हिस्से का पानी मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सिंचाई अधिकारियों को राज्य के हितों को कोई नुकसान पहुंचाए बिना न्यायाधिकरण के समक्ष प्रभावी तर्क प्रस्तुत करने का आदेश दिया। सिंचाई अधिकारियों और कानूनी विशेषज्ञों को आवश्यक साक्ष्य, रिकॉर्ड और आदेश एकत्र करने और न्यायाधिकरण के समक्ष राज्य सरकार की ओर से तर्क देने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को संबंधित अधिकारियों के साथ सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री, मंत्री और अधिकारियों ने राज्य में सिंचाई के पानी की उपलब्धता, कृष्णा और गोदावरी के पानी पर लंबित अंतर-राज्यीय विवादों और पानी के वितरण के संबंध में राज्य सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली रणनीतियों पर चर्चा की। एपी पुनर्गठन अधिनियम के अनुसार, ब्रजेश कुमार न्यायाधिकरण को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच जल बंटवारे और परियोजनावार जल आवंटन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभी तक, न्यायाधिकरण ने केवल राज्य सरकारों से राय और साक्ष्य एकत्र किए हैं। अधिकारियों ने सीएम को बताया कि दोनों राज्य जल्द ही न्यायाधिकरण के समक्ष अपनी दलीलें पेश करेंगे और उसके बाद न्यायाधिकरण निर्णय लेकर उसकी घोषणा करेगा। अधिकारियों ने सीएम रेवंत रेड्डी को बताया कि कृष्णा बेसिन क्षेत्र के संबंध में न्यायाधिकरण द्वारा अब तक दिए गए फैसले और किस परियोजना से संबंधित डीपीआर पहले ही न्यायाधिकरण को सौंप दी गई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल शक्ति मंत्रालय को दी गई सभी रिपोर्ट को क्रमबद्ध तरीके से तैयार रखने और न्यायाधिकरण के समक्ष संरचित तरीके से दलीलें पेश करने के निर्देश दिए।

अंतर्राष्ट्रीय जल सिद्धांतों के अनुसार, नदी बेसिन क्षेत्र के आधार पर उसी अनुपात में जल आवंटन किया जाना चाहिए। जबकि कृष्णा बेसिन क्षेत्र का 70 प्रतिशत हिस्सा तेलंगाना में स्थित है और आंध्र प्रदेश केवल 30 प्रतिशत को कवर करता है।

## दागी सिंचाई अधिकारी की आय से अधिक संपत्ति का खुलासा

### 17 करोड़ रुपये से अधिक की अनुपातहीन संपत्ति

हैदराबाद, 30 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता (एई) एच. निकेश कुमार की कथित तौर पर 17 करोड़ रुपये से अधिक की अनुपातहीन संपत्ति का पता लगाया है। इससे पहले शुक्रवार को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में 25 जगहों पर छापेमारी की गई थी। छापेमारी के बाद एसीबी ने निकेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब निलम्बित किए गए निकेश कुमार, जिन्हें पहले रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था और मई 2024 में जेल भेजा गया था, अब आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं ज़्यादा संपत्ति अर्जित करने के लिए जांच के दायरे में हैं। उजागर की गई संपत्तियों में प्रमुख रियल एस्टेट संपत्तियां शामिल हैं।

उन्हें के.भंसी लाल (कार्यकारी अभियंता), के. कार्तिक (सहायक अभियंता) और पी. गणेश (सर्वेक्षक) के साथ, मणिकोंडा के नेकनामपुर में एक निर्माण परियोजना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए मणिकोंडा के एक बिल्डर से एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। मामले की जांच चल रही है।

# रेलवे ने 2014-24 के दशक में पांच लाख कर्मचारियों की भर्ती की

हैदराबाद, 30 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय रेलवे ने 2014-24 की अवधि के दौरान पांच लाख कर्मचारियों की भर्ती की है, जबकि पिछले दशक यानी 2004-2014 के दौरान यह संख्या केवल चार लाख थी, जो पिछले दशक के रोजगार से 25 प्रतिशत अधिक है। दक्षिण मध्य रेलवे के अनुसार भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार रोजगार कैलेंडर प्रकाशित किया गया है। सभी रिक्तियों की अधिसूचनाएं तय समय के अनुसार जारी की गईं। कैलेंडर योजना के अनुसार सहायक लोको पायलट (एएलपी) की रिक्तियों के लिए फरवरी 2024 में 18,799 पदों के लिए प्रकाशित किया गया था। भर्ती के लिए एएलपी परीक्षा नवंबर 2024 में राज्यों में पांच दिनों के दौरान आयोजित की गई थी। परीक्षा 29 राज्यों, 156 शहरों, 346 केंद्रों और तीन शिफ्टों में आयोजित की गई थी। 25 नवंबर, 2024 को 2,22, 498 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए, 26 नवंबर 2024 को 2,26920 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, 27 नवंबर 2024 को 2,30,273 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, 28 नवंबर 2024 को 2,30,518 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, 29 नवंबर 2024 को 2,30,722 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। कुल 18,700 रिक्तियों के लिए 18.4 लाख युवाओं ने आवेदन किया था, जिनमें से 11.4 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में कुल उपस्थिति लगभग 62 प्रतिशत रही।

अभ्यर्थियों ने कड़ी निगरानी में आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) दी। साथ ही, अभ्यर्थियों की प्रामाणिकता के लिए 92 प्रतिशत अभ्यर्थियों का आधार पहचान सत्यापन किया गया।


## CLASSIFIEDS

### नाम परिवर्तन

**मैं, खुशबू झा, धर्मपत्नीः स्व.संतोष कुमार झा, निवास स्थलः संजय गांधी वार्ड, जगदलपुर, बस्तर, छत्तीसगढ ने, सभी रिकाड्र्स के लिए, मेरा नाम अनुपम कुमारी से बदलकर खुशबू झा किया है।**

### CHANGE OF NAME

I, GHOGABAI B D ,M/O: SUB MAJ DULHAT JAYSING BHAULAL , R/o: P#09, S NO. 139/1, SAI NAGAR, HARSOOL, AURANGABAD, MAHARASHTRA-431001 have changed my name from GHOGABAI B D to GHOGABAI DULHAT vide Affidavit dt.30-11-2024 duly Sd.by P.RAVEENDRANATH ADV & NOTARY

I, BHAULAL B D , F/O: SUB MAJ DULHAT JAYSING BHAULAL ,R/o: P#09, S NO. 139/1, SAI NAGAR, HARSOOL, AURANGABAD, MAHARASHTRA-431001 have changed my name from BHAULAL B D to BHAULAL BHOPAT DULHAT vide Affidavit dt.30-11-2024 duly Sd.by P.RAVEENDRANATH ADV & NOTARY

I, GOUSIYA BEGAM , M/o: JC 702652 K SUB SHABBIR AHMED , of Unit: MH SECUNDERABAD, Resident of H NO. 6-88/49, TELECOM COLONY, ARYA NAGAR, BORGAON(P), NIZAMABAD, TELANGANA – 503230, have changed my name from GOUSIYA BEGAM to SHAIK GOUSIYA BEGAM and my DOB : 19-09-1961 vide Affidavit dt.30-11-2024 duly Sd.by P.RAVEENDRANATH ADV & NOTARY

I, SHAKOOR SK , F/o: JC 702652 K SUB SHABBIR AHMED , of Unit: MH SECUNDERABAD, Resident of H NO. 6-88/49, TELECOM COLONY, ARYA NAGAR, BORGAON(P), NIZAMABAD, TELANGANA – 503230, have changed my name from SHAKOOR SK to SHAIK SHUKUR and my DOB : 04-08-1948 vide Affidavit dt.30-11-2024 duly Sd.by P.RAVEENDRANATH ADV & NOTARY

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

FORM NO.2 SUMMONS FOR SETTLEMENT OF ISSUES
IN THE COURT OF THE HON'BLE XX JUNIOR CIVIL JUDGE, CITY CIVIL COURT, AT :: HYDERABAD.
O.S.No. 5465 OF 2024
Between:-
SRI. SRIRAM OZA and Others ...Plaintiffs
AND
1) THE TAHSILDHAR (Mandal Revenue Officer – Nampally Mandal, &
2) ALL CONCERNED ...Defendants
Whereas the Plaintiffs have instituted a suit to declare, that the Plaintiffs are the first-Class and Second Class Legal heirs of deceased Late Sri. Damodarlal oza and Late Smt. Raju Bai oza, you are hereby summoned in this Court in person or by pleader duly instructed and able to answer all material questions relating to the suit or who shall be accompanied by some person able to answer all such question on the 30th Day of December 2024 at 10.30 clock. Take notice that in default of your appearance on the day before mentioned the suit will be heard and determined in your absence.
( By order of Court )
Sd/- JASWANTH SINGH THAKUR, Advocate,
O/o Ground Floor 14-3-251/1 & 2, Laxmi Balaji Complex, LG-7, Begum Bazar, Hyderabad TS - 012. M-7093107030

आज रविवार, 01-12-2024
मार्गशीर्ष अमावस्या है
के अवसर पर गौशाला अवश्य पधारें
नारायणी गो सेवा सदन
रोड नं. 17, शालीवाहन नगर, मूसारामबाग, हैदराबाद
सम्पर्क सूत्र : 9581348889, 9246522435, 9490929321
आज पितृ मोक्ष अमावस्याहै अपने पितरों के मोक्ष के लिए गौशाला अवश्य पधारें।
गो ग्रास का अनुदान कर पुण्य के भागीदार बनें। अनुदान भेजने हेतु गौशाला एकाउंट विवरण Bank account detail:
NARAYANI GOW SEVA SADAN,
A/C No. 50200065063209,
for RTGS/ NEFT IFSC CODE HDFC 0001996,
TYPE OF ACCOUNT: CURRENT ACCOUNT, HYDERGUDA BRANCH, HYD. Gpay and Phonepe No. 9581348889
JAI GOMATA Address: Narayani gow seva sadan, street No 17, shalivahana nagar, dilsukh nagar Hyd.
गौ माता के दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार बनें।
सभी गौभक्त सपरिवार पधारकर, दान-पुण्यकर गौसेवा का लाभ लेवें।
निवेदक : नारायणी गो सेवा सदन
शालीवाहन नगर, मूसारामबाग, मलकपेट, हैदराबाद
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GB GOPAL BALDAWA GROUP

जय श्री राम
श्री गणेशाय नमः (स्थापना: दि. 13.01.2010) जय श्री राम
आज रविवार दिनांक 01-12-2024
मार्गशीर्ष अमावस्या
यादेवी श्री आईजी गौशाला
शुभस्थल : एन एच 44, मेडचल रोड, कल्लाकल।
गौशाला प्रांगण में भोजन प्रसादी ( स्पेशल हल्दी )एवं भजनों का कार्यक्रम रहेगा
गौशाला प्रांगण में पधार कर दान पुण्य कर दर्शन,पूजा ,सेवा व प्रसादी का लाभ लेव
सम्पर्क : नारायणलाल :8712311785 , सिरवि वी ताराराम पंवार :9246368842
Gpay / phone pay : 9246368842
CHOUDHARY BROTHERS
HNo : 1-307, NH 44, OPP BUS DEPOT, MEDCHAL
SOHANLAL : 9032160794
BEAUTIFUL HOMES

निवेदक : कार्य समिति
ॐ शिव मंदिर गौशाला
पालमाकुल, शमशाबाद
OM SHIV MANDIR GOSHALA
MAHAVEER CO.OP URBAN BANK LTD.
Shamsherganj Branch
C/A No. 003103000000072
IFSC CODE: HDFC0CMCUBL
शिव मंदिर गौशाला
शमशेरगंज, हैदराबाद
SHIV MANDIR GOSHALA
AP MAHESH BANK CO.OP URBAN BANK LTD.
Begum Bazar Branch
C/A No. 002001200018617
IFSC CODE: APMC00002
गौमाता को हरी घास की सेवा कर पुण्य के भागी बनें।
आज रविवार, 01-12-2024 मार्गशीर्ष अमावस्या है
जो पुरुष गौओं की सेवा करता है और सब प्रकार से उनका अनुगमन करता है, उस पर संतुष्ट होकर गौएँ उसे अत्यंत दुर्लभ वर प्रदान करती है। गौओंके साथ मन से भी कभी द्वेष न करे, उन्हें सदा सुख पहुँचाये, उनका यथोचित सत्कार करे और नमस्कार आदि के द्वारा उनका पूजन करते रहे। जो मनुष्य जितेन्द्रिय और प्रसन्नचित होकर नित्य गौओंकी सेवा करता है, वह समृद्धि का भागी होता है।
Digital Donation are accepted on G Pay Google Pay/ Phone Pay 9959271866
FOR MORE DETAILS CONTACTS 9849710223, 9848097776, 9247888983, 7989734546
गाय का दूध गौशाला में उपलब्ध है | Home Delivery Available | गाय के गोबर से निर्मित उपली गौशाला में उपलब्ध है।
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GB GOPAL BALDAWA GROUP

विश्व मंगल गौशाला
सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद (तेलंगाना)
सस्नेह निमंत्रण
आज रविवार
1 दिसम्बर 2024
प्रातः 11 बजे से
शनि अमावस्या
शुभ स्थल : विश्व मंगल गौशाला सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद
गौ-माता पूजन * भजन * भोजन प्रसादी
सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर गौसेवा, दान, पुण्य के भागीदार बनें। सभी गौप्रेमियों, गौ-भक्तों से विनती है कि वे दान-पुण्य का कार्य गूगल-पे/फोन-पे द्वारा भी कर सकते हैं। समय निकालकर सपरिवार अवश्य पधारें।
दूरभाष : 6305431734, 9346917593
Bank Details : GOU GRAM VIKAS SEVA SAMITHI
A/c No. 50200063938688 | IFSC : HDFC0009429
HDFC Bank, Kanajiguda Branch

श्री धर्मसाई गौशाला
धर्मगिरी, शमशाबाद, आरआर डिस्ट्रीक तेलंगाना-501218
सस्नेह निमंत्रण
मार्गशीर्ष अमावस्या
आज रविवार, 01-12-2024 मार्गशीर्ष अमावस्या है
गौ माता पूजन : सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर गौ सेवा, दान पुण्य के भागीदार बनें
C/o Sree Dharmasai Temple, Dharmagiri, Shashabad
SRI DHARMASAI GOW RAKSHA TRUST
A/c no-922020006836112
AXIS BANK, Shamshabad branch
IFSC code-UTIB0000867
Paytm,GOOGLE PAY, Phone pe-
9440828585
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा

।। जय गौ माता।। जय जय रघुवीर समर्थ ।। श्री श्री श्री सद्गुरु ।।
श्री समर्थ कामधेनु गौशाला
श्री सद्गुरु समर्थ नारायण आश्रम, शिवबाग, जियागुडा, हैदराबाद. फोन : 9296358630, 7013711317
आज रविवार, 01-12-2024 मार्गशीर्ष अमावस्या है
"गौ माता की सेवा से आयु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। पापों का नाश होता है।" गौ-ग्रास सेवा से सुख-शांति, मंगलमय जीवन, सर्व दोष निवारण का लाभ उठाएँ। गौशाला में गौ दान की सुविधा उपलब्ध है।
Online गौ सेवा के लिये
(For Income Tax Exemptions u/s 80g)
SHREE KALPAVRUKSHA KAMDHENU WELFARE TRUST
SBI Bank King koti Branch A/c No. 10015542319 IFSC: SBIN0007054
SHRI SADGURU SAMRATH NARAYAN ASHRAM
SBI PPB, Red Hills A/c No. 20100020864 IFSC: SBIN0002790
PAYTM - 9296358630/GOOGLE PAY/PHONE PAY/7013711317
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GB GOPAL BALDAWA GROUP

# 'भूलिएगा मत।' सीएम नीतीश का दावा

## बिहार में सब कुछ मेरा किया हुआ है



पटना, 30 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज शनिवार (30 नवंबर) को दावा किया कि प्रदेश में सब कुछ मेरा किया हुआ है। बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में कुछ नहीं हुआ था। ये बातें सीएम ने पटना में मीडिया से बात करते हुए कहीं। दरअसल नीतीश कुमार आज गांधी मैदान में कृषि यंत्र मेले का उद्घाटन करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने लालू-राबड़ी राज पर जमकर निशाना साधा।

### पिछली सरकार पर सीएम नीतीश ने क्या कहा?

पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि सब कुछ जो हो रहा है वह मेरा किया हुआ है। पहले कुछ नहीं था पहले क्या था? उन्होंने कहा कि यह आप लोग भी देख लीजिए। आप लोगों की उम्र कम है, लेकिन पता कर लीजिए और आप लोग भी भूलिएगा नहीं कि हम क्या-क्या काम कर रहे हैं। पहले कुछ नहीं था। हमने मेला लगाने का काम किया। हमने किसानों के लिए काम किया सब कुछ हम कर रहे हैं। सीएम नीतीश ने स्पष्ट तौर पर कहा कि आज तक जो नहीं हुआ बिहार में वह हमने किया। उन्होंने कहा किसानों के लिए जो यह मेले का शुभारंभ किया गया वह हमने किया था और अब सब कुछ अच्छा से हो रहा है। आप लोगों को भी याद रखना चाहिए कि हमने क्या-क्या बिहार के लिए किया है। जब उनसे पूछा गया कि आपका काम कुछ लोगों को पसंद नहीं आ रहा है, तो उन्होंने कहा कि किसको पसंद नहीं आ रहा है। बताओ उन्होंने कहा कि आप लोग भी घूम-घूम को देख लीजिए अच्छा रहेगा।

### गांधी मैदान में राज्य स्तरीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला

बता दें कि गांधी मैदान में 29 नवंबर से 2 दिसंबर तक राज्य स्तरीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला लगाया गया है, जिसकी शुरुआत आज सीएम ने की है। इस मेले में किसानों को उनकी जरूरत के सभी उपकरण मिलेंगे। किसानों के लिए सभी तरह के कृषि यंत्रों के 300 स्टॉल लगेंगे। चार दिनों तक चलने वाले इस मेले में किसान नई तकनीक से भी परिचित हो सकेंगे। इस मेले में सभी तरह के यंत्रों से जुड़े किसानों के सवालों का जवाब भी दिया जाएगा।

## दौड़ लगा रहे किशोर की हार्ट अटैक से मौत

अलीगढ़, 30 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी के अलीगढ़ जिले के छर्रा में स्कूल में सात दिसंबर को होने वाली वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए दौड़ का अभ्यास कर रहे किशोर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। साथ में दौड़ लगा रहे छात्रों ने बताया कि अचानक वह गश खाकर गिर गया था। फिर उठा नहीं। गांव सिरौली निवासी मोहित चौधरी (14) पुत्र शिवकुमार कक्षा छह का छात्र था। वह अपने गांव से पांच किलोमीटर दूर रामपुर गांव में स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ता था। इस स्कूल का सात दिसंबर को वार्षिकोत्सव है जिसमें खेल प्रतियोगिता आयोजित की जानी है। इसमें अलग-अलग खेलों के मुकाबले होंगे। मोहित को दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेना था लिहाजा वह इसकी तैयारी कर रहा था। सुबह को करीब छह बजे गांव के ही दूसरे छात्रों के साथ खेत में दौड़ लगाने पहुंच गया।

# विभाग से अधिकृत अधिवक्ता कोर्ट में मौजूद तो वह फीस का हकदार

## बकाया राशि देने का आदेश

प्रयागराज, 30 नवंबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी भी विभाग से अधिकृत अधिवक्ता ने कोर्ट में रहकर पक्ष रखा है तो वह फीस का हकदार है। कोर्ट ने जौनपुर के डीएम को निर्देश दिया है कि गांव सभा के पैनल अधिवक्ता के बकाये बिलों का भुगतान करें। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ व न्यायमूर्ति वीसी दीक्षित की खंडपीठ ने अधिवक्ता मनोज यादव की याचिका पर दिया है। याची को वाराणसी, गाजीपुर, चंदौली व जौनपुर के गांव सभा का पैनल अधिवक्ता नामित किया गया था। उसे गांव सभा की ओर से नोटिस लेने व प्रतिवाद करने के लिए अधिकृत किया गया था। इस दौरान वाराणसी, गाजीपुर व चंदौली के जिलाधिकारियों ने याची के बिलों का भुगतान कर दिया, लेकिन जौनपुर के डीएम ने नहीं किया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याची के अधिवक्ता आलोक यादव ने दलील दी कि याची को 16 मई 2013 को चार जिलों की गांव सभा का पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया गया था। 27 दिसंबर 2019 को हटा दिया गया। बकाया चार लाख 12 हजार दो सौ 75 रुपये 18 फीसदी ब्याज सहित भुगतान किया जाए। कोर्ट ने कहा याची फीस पाने का अधिकार है। इससे इन्कार नहीं किया जा सकता।

## नशे में ड्यूटी करने के आरोप में गेटमैन गिरफ्तार

मोतिहारी, 30 नवंबर (एजेंसियां)। मोतिहारी पुलिस पर रेल पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने जा रही है। कारण यह है कि मोतिहारी पुलिस ने रेलवे के गेटमैन को गिरफ्तार कर लिया था। इससे करीब 20 मिनट तक ट्रेन रुकी रही। इतना ही नहीं रेलवे की ओर से आरोप लगाया गया कि मोतिहारी पुस ने गेटमैन के साथ मारपीट भी की है। वहीं मोतिहारी पुलिस का कहना है कि शराब में धुत होकर गेटमैन ड्यूटी कर रहा था। इसलिए उसे गिरफ्तार किया गया है। घटना रक्सौल-घोड़ासहन-सीतामढ़ी रेल खंड के जयमुर्तिनगर फ्लैग के पास की है। यहां गेट संख्या 16सी के पास तैनात गेटमैन को जितना थाने पुलिस ने नशे की हालत में रात्रि करीब 12:30 बजे गिरफ्तार किया था। जितना थानाध्यक्ष के अनुसार रात्रि गस्ती के दौरान रेल फाटक बंद था। गेटमैन को गेट खोलने के लिए कई बार बोला गया लेकिन नहीं सुना। जब उसके पास पुलिस टीम गई तो पता चला कि उसने शराब पी है। ब्रेथ एनलाइजर से जांच की गई तो शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस टीम ने फौरन उसे हिरासत में ले लिया। उसकी पहचान शेखपुरा जिला के कोरमा थाना क्षेत्र का निवासी पवन कुमार के रूप में हुई है।

## शादी में लापता किशोरी का 5 दिन बाद मिला शव

भदोही, 30 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी के भदोही से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है जहां एक नाबालिग मासूम लड़की का खेत के बगल में बड़े-बड़े सरपत घास के बीच में क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है वैवाहिक समारोह से लापता किशोरी का 5 दिन बाद शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई है, किशोरी के साथ दुष्कर्म कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम को भेज आगे की जांच में जुट गई है क्षत-विक्षत शव की सूचना पर डीआईजी,एसपी और एएसपी व जनपद के तीनों क्षेत्राधिकारी सहित कई थानों की फोर्स घटनास्थल पहुंच गहन जांच पड़ताल की है। पूरा मामला भदोही शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत याकूबपुर रड़ई ग्रामसभा का है बीते 24 नवंबर 2024 को गांव के ओम प्रकाश पाल के बेटी की शादी समारोह में 11 वर्षीय लक्ष्मी विश्वकर्मा नामक मासूम लड़की गई थी, देर रात के बाद भी घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने चारों तरफ काफी खोजबीन की बावजूद इसके उसका कही पता नहीं चला थक हारकर पिता राजकुमार विश्वकर्मा ने अगले दिन 25 नवंबर 2024 को शहर कोतवाली में अपनी बेटी के गायब होने की रिपोर्ट दी थी पिता ने रोते हुए कहा कि हमारी बेटी के साथ हुए अत्याचार में लिप्त गुनहगारों को पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी पर चढ़ा दे तभी शांति मिलेगी

# 'मुसलमान क्या करें

## बाहर निकलेंगे तो पुलिस मारेगी', आखिर ये क्यों बोले कांग्रेस सांसद इमरान मसूद



सहारनपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह संभल हिंसा मामले में बेहद ही गुस्से में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि आज देश में मुसलमानों का ऐसा हाल कर दिया है कि घर से बाहर निकलेंगे तो पुलिस मारेगी। बहराइच में घर के अंदर रहे तो घर से बाहर निकालकर मारा गया। मुसलमान आखिर क्या करें। कांग्रेस सांसद ने कहा कि संभल की शाही जामा मस्जिद में एक बार सर्वे हुआ। सब कुछ शांतिपूर्ण रहा। लेकिन, सुनियोजित तरीके से आदमी भेजे जाते हैं। नारे लगवाए जाते हैं, जब आमने-सामने आते हैं तो पुलिस द्वारा गोली चलाई जाती है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि इस देश को मत जलाओ। नफरत से कुछ नहीं निकलने वाला है। नफरत की आग में हम सब झुलस जाएंगे। संभल में जिस तरह की घटना हुई है। इससे एक चीज तो साफ है कि हमारी जान की कोई कीमत ही नहीं है। गोलियां चलाई जा रही थी, शरीर से गोली आर-पार हो रही है। पत्थरबाजों को काबू करने के लिए उनके पैर में गोली मारी जा सकती थी। पुलिस लाठीचार्ज कर सकती थी। लेकिन, पुलिस ने गोली चलाई। पुलिस द्वारा जितने भी पोस्टर जारी किए गए हैं। उनमें पत्थरबाज पत्थर लिए दिखाई दे रहे हैं।

## अवैध घुसपैठ और मानव तस्करी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार



वाराणसी, 30 नवंबर (एजेंसियां)। अवैध घुसपैठ और मानव तस्करी गिरोह के सदस्य को यूपी एटीएस ने रात कैंट रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। उसके पास से आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। आरोपी ज्ञानवापी घूमने आया था। उसकी पहचान म्यांमार के मांगडू, अकयाब के दामनखाली निवासी मोहम्मद अब्दुल्ला के रूप में हुई है। एटीएस की पूछताछ में मोहम्मद अब्दुल्ला ने बताया कि गिरोह के सदस्य अबू सालेह मंडल, अब्दुल्ला गाजी आदि ने मेरा भारतीय पहचान पत्र अब्दुल सलाम मंडल पुत्र असगर मंडल निवासी दुर्गरबनकटी थाना गढ़बेटा, पश्चिम मेदनीपुर, पश्चिम बंगाल के नाम से बनवाया था। गिरोह की आर्थिक सहायता से ही उसने पश्चिम बंगाल के पश्चिमी मिदनापुर में जमीन खरीदी और मकान बनवाकर रहने लगा। एटीएस के अनुसार, पूछताछ में मोहम्मद अब्दुल्ला ने बताया कि वह काशी और ज्ञानवापी समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर घूमने आया था। अब एटीएस उसके वाराणसी संपर्क को खंगाल रही है। एटीएस के मुताबिक आरोपी ने भारत में रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशियों के कई अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप बना रखे हैं। उसके मोबाइल फोन में सेव भारतीय नंबरों की पड़ताल की जा रही है।

# संभल में सिक्योरिटी हाई

## बाहरी लोगों की एंट्री पर 10 दिसंबर तक बढ़ाई गई रोक



संभल, 30 नवंबर (एजेंसियां)। जिले में बीते 24 नवंबर को सर्वे के दौरान हिंसा का मामला सामने आया था। इसके बाद से जिले में बाहरी लोगों की एंट्री को रोक दिया गया है। जिला प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर अब 10 दिसंबर तक रोक लगा दी है। जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेसीया ने कहा, कोई भी बाहरी व्यक्ति, कोई सामाजिक संगठन या जनप्रतिनिधि जनपद की सीमा में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना 10 दिसंबर तक प्रवेश नहीं करेगा।

### सपा नेताओं को जाने से रोका

दरअसल, समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल हिंसा के बाद बीते कई दिनों से संभल जाने के प्रयास में है। इसे लेकर समाजवादी पार्टी कहा, ''संभल में हुई हिंसा की जांच के लिए बनाए गए सपा प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं के घरों पर सरकार द्वारा पुलिस तैनात कर उन्हें संभल जाने से रोकने की घटना घोर निंदनीय एवं अलोकतांत्रिक है। भाजपा सरकार संभल हिंसा का सच छिपा रही है। सपा प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने की अनुमति मिले।''

### कांग्रेस ने भी संभल जाने की बात कही

वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि संभल मामले की जानकारी हासिल करने के लिए कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल दो दिसंबर को वहां जाएगा। इस बीच, माता प्रसाद पांडेय ने लखनऊ में अपने आवास के बाहर कहा, ''गृह सचिव संजय प्रसाद ने मुझे फोन कर संभल नहीं जाने का अनुरोध किया था। संभल के जिला मजिस्ट्रेट ने भी मुझे फोन कर बताया कि जिले में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक 10 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है, इसलिए मैं अब पार्टी कार्यालय जाऊंगा और इस मुद्दे पर चर्चा करूंगा।''

## अधिवक्ता निधि में नौ करोड़ के गबन को लेकर अध्यक्ष-सचिव फिर आमने-सामने

प्रयागराज, 30 नवंबर (एजेंसियां)। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में नई कार्यकारिणी के गठन के साथ शुरू हुई अंदरूनी कलह फिर सामने आ गई है। अधिवक्ता निधि समेत अन्य मदों में कथित तौर पर नौ करोड़ से ज्यादा रुपयों के गबन को लेकर अध्यक्ष और सचिव एक बार फिर आमने-सामने हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्यालय अधीक्षक पवन कुमार पांडेय से जवाब तलब किया है। वहीं, सचिव विक्रांत पांडेय ने इस कार्रवाई को मनमाना करार दिया है। अध्यक्ष ने पवन के खिलाफ जारी नोटिस में कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा है कि पवन ने फोटो सेंटर में जमा होने वाली अधिवक्ता निधि में हेराफेरी के लिए सॉफ्टवेयर से भी छेड़छाड़ की है। जांच में पता चला है कि गबन का सिलसिला 2018 से 2024 तक जारी रहा। दो सर्वरों के जरिये जमा होने वाले रुपये की करीब आधी रकम ही पवन बार के खाते में जमा करते थे। बाकी रकम अपने पास रख लेते थे। अध्यक्ष ने कहा कि कई दस्तावेजी साक्ष्य गबन की पुष्टि करते हैं। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद पकड़े जाने के डर से उन्होंने हेराफेरी कर गायब किए गए रुपये बैंक डेट की रसीदों के जरिये जमा करने की कोशिश की। इसी दौरान वह पकड़े गए। हेराफेरी के जरिये पवन ने बार एसोसिएशन के 9,58,23,195 रुपये का गबन किया है।

## स्टेशन पार्किंग में भीषण आग, 200 गाड़ियां जलीं

वाराणसी, 30 नवंबर (एजेंसियां)। वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन की पार्किंग में भीषण आग लग गई। 200 वाहन जलकर राख हो गए। 90 मिनट तक बाइक की टंकियां फटती रहीं। धमाके की आवाज से रेलवे स्टेशन में भगदड़ मच गई। यात्री इधर-उधर भागने लगे। सूचना पर फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तड़के 3 बजे आग पर काबू पाया गया। अधिकारियों ने शॉर्ट सर्किट से हादसा होने की आशंका जताई है। रेलवे स्टेशन की पार्किंग में शुक्रवार रात 1:30 बजे लगी। सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी समेत रेलवे के आला अधिकारी रात में ही मौके पर पहुंचे। आग बुझाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। घटना की जांच के लिए टीम बना दी गई है। आशंका है कि वाहन में शॉर्ट सर्किट से हादसा हुआ है।

# मथुरा फार्म हाउस में 454 पेड़ काटे जाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## यूपी सरकार और डालमिया ग्रुप को भेजा अवमानना का नोटिस



मथुरा, 30 नवंबर (एजेंसियां)। मथुरा स्थित डालमिया फार्म हाउस में पिछले दिनों 454 हरे पेड़ों को काटे जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने काफी सख्त रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने को इन पेड़ों की कटाई के लिए जिम्मेदार उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के अधिकारियों एवं डालमिया फार्म हाउस पक्ष को कोर्ट ने अवमानना का नोटिस भी जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अधिकारियों और डालमिया फार्म हाउस के पक्ष के लोगों को नोटिस जारी कर 16 दिसंबर तक जवाब मांगा है। यही नहीं, कोर्ट ने इसके अलावा डालमिया फार्म हाउस पर कोई भी निर्माण होने पर रोक लगा दी है। बता दें कि छटीकरा वृंदावन मार्ग स्थित डालमिया फार्म हाउस में खड़े 454 पेड़ों को 18 सितंबर की रात को काट दिया गया था।

### मीडिया में मामला सामने आने के बाद हुई थी कार्रवाई

मीडिया में मामला सामने आने के बाद वन विभाग, नगर निगम और विद्युत विभाग की तरफ से एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 31 लोगों को जेल भी भेजा था। हालांकि करीब 1 महीने बाद ये लोग जमानत के बाद जेल से बाहर आ गए थे।

### थानाध्यक्ष को करनी होगी इस बात की निगरानी

मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में ये भी साफ किया है कि यदि कहीं पर पेड़ों को काटने की अनुमति है तो उस स्थिति में भी शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे के बीच इन्हें नहीं काटा जा सकता। इसकी निगरानी की जिम्मेदारी हर थानाध्यक्ष की होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही वृंदावन के छटीकरा स्थित डालमिया बाग में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। एसएसपी मथुरा को सभी आरोपितों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दयालबाग के माथुर फार्म हाउस का सेंट्रल इम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) को परीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। जिससे पेड़ों को अवैध रूप से काटने वालों पर जुर्माना राशि बढ़ाने पर विचार करने के लिए प्रदेश सरकार को आदेश दिया जा सके।

## मेरठ से अगवा दो छात्राएं अलीगढ़ में मिलीं

अलीगढ़, 30 नवंबर (एजेंसियां)। अलीगढ़ के लोधा थाना क्षेत्र के गांव गोविंदपुर फगोई में दो छात्राएं बेहोशी की हालत में मिलीं। इन छात्राओं को मेरठ से अगवा किया गया था। दोनों छात्राएं गांव में ही बने एक खंडहर में पड़ी हुई थीं और इनके हाथ पैर बंधे हुए थे। गांव के युवक ने इनके कराहने की आवाज सुनी तो उनके पास पहुंचा। छात्राओं को बेहोशी की हालत में देखकर शोर मचाया, जिसके बाद वहां भीड़ इकट्ठी हो गई। लोगों ने छात्राओं का तत्काल डॉक्टर के पास ले जाकर इलाज कराया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद सीओ देवेंद्र नाथ मिश्रा और लोधा थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

## आईफोन के डिब्बे में साबुन रखकर धोखाधड़ी

### 13 लाख की कीमत के 13 आईफोन-16 बदले, चिनहट थाने में शिकायत दर्ज

लखनऊ, 30 नवंबर (एजेंसियां)। लखनऊ में इस्टाकार्ट कंपनी के दो कर्मचारियों ने आईफोन गायब कर 12 लाख 70 हजार की ठगी की। आरोपी डिलीवरी के वक्त डिब्बे से मोबाइल निकालकर साबुन और टाइल्स रख देते। इसके बाद मोबाइल को बेच देते। कंपनी के ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सरोजनी नगर के रहने वाले शोभित दीक्षित ग्रीनटेक लॉजिस्टिक एंड मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड में ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव (टीम लीडर) के पद पर तैनात हैं। कंपनी का काम इस्टाकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में मैनपावर सप्लाई करना है। शोभित ने बताया कि चिनहट स्थित इस्टाकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में गौंधी नगर तेलीबाग निवासी ऐशर पुत्र मोहम्मद इरसाद और सदर कैन्ट झोपड़पट्टी कंजी हाउस निवासी मोमीन पुत्र सहरुद्दीन डिलीवरी ब्वॉय का काम करते हैं। दोनों आरोपी डिलीवरी के मोबाइल को रास्ते में पैकेट खोलकर निकाल लेते। आरोपी अक्सर ग्राहक द्वारा कमी खामी बताकर लौटाए गए प्रोडक्ट को कंपनी को वापस पहुंचाने के दौरान मोबाइल निकालते थे।

## काल भैरव मंदिर में महिला इनफ्लुएंसर ने मनाया बर्थडे केक काटने का वीडियो वायरल, भड़के काशी के संत

वाराणसी, 30 नवंबर (एजेंसियां)। वाराणसी के काल भैरव मंदिर के अंदर केक काटने का एक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो 39 सेकंड की है, जिसमें एक महिला मंदिर के अंदर केक काट काटती हुई नजर आ रही है। वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों ने अपनी आपत्ति जाहिर कर है। वहीं, काशी विद्वत परिषद ने भी इस वीडियो पर अपना एतराज जताया है। केक काटने के दौरान काल भैरव मंदिर में मौजूद महंत को विद्वत परिषद नोटिस भेजने की तैयारी कर रहा है। काल भैरव मंदिर से महिला सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में महिला को मंदिर के अंदर केक काटते हुए देखा जा सकता है।

# डीएसपी को डिमोट कर इंस्पेक्टर बनाने का आदेश निरस्त, लक्ष्मी सिंह को हाई कोर्ट से बड़ी राहत

इलाहाबाद, 30 नवंबर (एजेंसियां)। हाई कोर्ट ने पुलिस उपाधीक्षक/डिप्टी एसपी लक्ष्मी सिंह चौहान को पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर डिमोशन करने के आदेश को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया है। याची को डिप्टी एसपी के पद पर बहाल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने याची को लोक सेवा आयोग द्वारा डिप्टी एसपी से इंस्पेक्टर बनाए जाने की संस्तुति को भी निरस्त कर दिया है। अधिवक्ता विजय गौतम की दलीलों को सुनने के बाद जस्टिस अजित कुमार ने ये आदेश दिया है। साल 2019 में लक्ष्मी सिंह चौहान गाजियाबाद में निरीक्षक के पद पर कार्यरत थीं। 25 सितंबर 2019 को लक्ष्मी और 6 अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ डिप्टी एसपी साहिबाबाद राकेश कुमार मिश्र ने गाजियाबाद के एफआईआर दर्ज कराई। उन पर गाजियाबाद के थाना लिंक रोड में आईपीसी की धारा-409 और 7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में मामला दर्ज हुआ।

### 1 जनवरी 2020 को पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की

इन सभी खिलाफ यह आरोप था कि नोएडा निवासी राजीव सचान को 31 लाख रुपये के साथ और आमिर को 14 लाख 81 हजार पांच सौ रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में राजीव कुमार द्वारा अपने पास से करीब 55 लाख रुपये और आमिर द्वारा अपने पास से करीब 60-70 लाख रुपये बरामद होना बताया। बरामद की गई रकम और आरोपियों द्वारा पूछताछ में बताई गई रकम में करीब 70-80 लाख रुपये का अंतर था। इस केस में याची सहित सभी 6 अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ 1 जनवरी 2020 को पुलिस ने धारा 409/411, 7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में चार्जशीट दाखिल की।



### हाई कोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन दाखिल किया गया

याची इंस्पेक्टर की तरफ से कोर्ट में अधिवक्ता विजय गौतम पेश हुए। उन्होंने बताया कि विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मेरठ में चार्ज शीट दाखिल होने के बाद डिस्चार्ज अप्लीकेशन दाखिल की गई। इस पर स्पेशल जज भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मेरठ ने 2 सितंबर 2021 को आदेश पारित करते हुए याची और 6 अन्य पुलिसकर्मियों को धारा 7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम से डिस्चार्ज कर दिया। उसके बाद सरकार द्वारा उक्त डिस्चार्ज आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन दाखिल किया गया। इसमें हाई कोर्ट ने 10 दिसंबर 2021 को याची को नोटिस जारी किया। साथ ही विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मेरठ के आदेश को अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया।

### 29 अगस्त 2023 को डिप्टी एसपी के पद पर पदोन्नति दी गई

अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 23 अप्रैल 2022 को याची के बैच के 33 इंस्पेक्टरों को डिप्टी एसपी के पद पर पदोन्नति प्रदान कर दी गई। याची का क्रिमिनल केस विचाराधीन होने के कारण डिप्टी एसपी के पद पर पदोन्नति नहीं दी गई। याची से जूनियर निरीक्षकों को भी डिप्टी एसपी के पद पर पदोन्नति कर दिया गया। हाई कोर्ट ने शासनादेश के अनुसार, याची की पदोन्नति पर फैसला लेने का निर्देश दिया। इसके बाद 29 अगस्त 2023 को याची को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा डिप्टी एसपी के पद पर पदोन्नति प्रदान कर दी गई। साथ ही पदोन्नति आदेश के तहत याची ने 30 अगस्त 2023 को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर आगरा में चार्ज लिया।

### 11 जून 2024 को पदोन्नति आदेश को निरस्त कर दिया गया

9 महीने डिप्टी एसपी के पद पर कार्य करने के बाद उनको 11 जून 2024 को विशेष सचिव गृह के आदेश पर डिप्टी एसपी के पद पर की गई पदोन्नति आदेश को निरस्त कर दिया। इसके बाद उन्हें इंस्पेक्टर बना दिया गया। ये आदेश उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की संस्तुति के आधार पर पारित किया गया। याची ने गृह विभाग के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने शासन और पुलिस के आलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि याची डिप्टी एसपी पद पर पदोन्नति रहेगी। यह पदोन्नति पुलिस उपाधीक्षक के रूप में उसके खिलाफ चल रही कार्यवाही के फैसले पर निर्भर करेगी।

# कांग्रेस नेता भाई जगताप के 'बिगड़े बोल' के खिलाफ ईसीआई पहुंची बीजेपी



मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसियां)। बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने चुनाव आयोग को लेकर अपशब्द कहने के मामले में कांग्रेस नेता भाई जगताप के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किरीट सोमैया ने चुनाव आयोग के पास शिकायत दर्ज कराई है। भाई जगताप ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में निर्वाचन आयोग को लेकर आपत्तिजनक बात कही थी। बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के नाम चिट्ठी में लिखा है, "महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नतीजों के मद्देनजर कांग्रेस विधायक भाई जगताप ने चुनाव आयोग को बदनाम करने की मुहिम शुरू कर दी है। जगताप ने चुनाव आयोग को प्रधानमंत्री जी का पालतू कुत्ता बताया। आपसे अनुरोध है कि इस तरह से चुनाव आयोग का अपमान करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।"

**निर्वाचन आयोग पर कह दी थी यह बात**

पिछले दिनों ने भाई जगताप ने कहा था, "मैं अकेला नहीं हूं। 45-47 साल मैंने राजनीति में निकाले। महाराष्ट्र में इस तरह के नतीजे जोकि ऐसा कुछ है ही नहीं है। ना ही ऐसा कोई काम किया है और ना ही केंद्र ने काम किया है। लोकसभा में छह महीने पहले एक निर्णय आता है और वह लोगों का निर्णय आता है। अचानक सारी चीजें हुईं हैं। मैं पहले से कहते आया हूं कि यह ईवीएम का खेल है। आज नहीं तो कल बातचीत होनी चाहिए। जैसा कांग्रेस ने मांग उठाई है कि बैलट पेपर से चुनाव कराया जाए। लोकतंत्र पर सवाल उठता है तो सरकार और निर्वाचन आयोग को जवाब देना चाहिए। निर्वाचन आयोग तो कुत्ता है नरेंद्र मोदी जी के बंगले के बाहर बैठता है।"

**बीजेपी की धुलाई मशीन में हो गए साफ - भाई जगताप**

कांग्रेस नेता यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि एजेंसियों का निर्माण लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए किया गया है लेकिन एजेंसियों का दुरुपयोग पूरे देश में हो रहा है जो कांड हो रहे हैं। कांड शब्द इसलिए इस्तेमाल कर रहा हूं क्योंकि जो मंत्री पद के लिए लड़ाई-झगड़े कर रहे हैं। जिनपर इन लोगों ने आरोप लगाए थे, इनकी धुलाई मशीन में ये क्लीन हो गए।

## पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल ने संभाली उत्तरकाशी पुलिस की कमान, जिले की पहली महिला एसपी बनीं



उत्तरकाशी, 30 नवंबर (एजेंसियां)। पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल ने उत्तरकाशी पुलिस की कमान संभाली। वह जिले की पहली महिला एसपी बनीं हैं। राज्य गठन के बाद जनपद उत्तरकाशी की 19वीं तथा पहली महिला पुलिस अधीक्षक के रुप में उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया।

# पप्पू यादव को फिर मिली धमकी

### इस बार कहा- आखिरी दिन मजे कर लो, 24 घंटे में हत्या कर देंगे



पूर्णिया, 30 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को एक बार फिर से जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी देने वाले ने आखिरी 24 घंटे की मोहलत दी है। व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा है। इसमें कहा कि 24 घंटे में तुम्हारी हत्या कर देंगे। हमारी तैयारी मुकम्मल है। हमारे साथी तेरे बहुत पास पहुंच गए हैं। तुम्हारे गार्ड भी तुम्हें नहीं बचा पाएंगे। तुझे हैप्पी बर्थडे लॉरेंस भाई और उनकी टीम की तरफ से पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव अपना आखिरी दिन के मजे कर लो। इस नंबर से धमकी आई है, वो पाकिस्तान का है। +92 336 0968377 नंबर से धमकी वाला मैसेज भेजा गया है। धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताते हुए सात सेकेंड का धमाके से जुड़ा एक वीडियो भी सांसद के मोबाइल नंबर पर भेजा है। इस मैसेज के बाद से पूर्णिया में सांसद के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## नाबालिग सौतेली बेटी से किया रेप, कोर्ट ने पिता को सुनाई 141 साल की सजा

कोच्चि, 30 नवंबर (एजेंसियां)। केरल की एक अदालत ने नाबालिग सौतेली बेटी से कई वर्षों तक बार-बार दुष्कर्म करने वाले पिता को दोषी ठहराते हुए उसे 141 साल की कुल अवधि की सजा सुनाई है। जिले के मंजेरी शहर की त्वरित विशेष अदालत के जज अशरफ ए एम ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत दोषी को 141 साल की कुल अवधि की सजा सुनाई। अदालत के के आदेश के अनुसार, दोषी को कुल 40 वर्ष जेल की सजा काटनी होगी क्योंकि यह उसे सुनाई सबसे अधिक अवधि की सजा है। इसमें कहा गया कि विभिन्न प्रावधानों के तहत दी गई अलग-अलग सजाएं एक साथ चलेंगी। अदालत ने दोषी पर 7.85 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और पीड़िता को मुआवजा दिए जाने का भी आदेश दिया।

# बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में मुंबई पुलिस का बड़ा एक्शन सभी 26 आरोपियों पर लगाया मकोका



मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसियां)। एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ मकोका की गंभीर धाराएं भी एफआईआर में जोड़ दी हैं। अब तक इस मामले में 26 लोगों को देश के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तार किया गया है। इनमें से ज्यादातर गिरफ्तारियां महाराष्ट्र से ही हुई हैं। कुछ को यूपी और पंजाब से पकड़ा गया है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस हत्या के मामले में तीन लोगों को फरार आरोपी बताया है जिनका नाम शुभम लोनकर, निशान अख्तर और अनमोल बिश्नोई है। आपको बता दें कि इस मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने मकोका तब लगाया जब पुलिस को इस हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की भूमिका का पता चला और उससे जुड़े सबूत मिले। अनमोल के खिलाफ सबूत मिलने के बाद उसे क्राइम ब्रांच ने फरार घोषित कर दिया और फिर इस मामले में महाराष्ट्र कंट्रोल आफ ऑर्गेनाइज्ड क्राईम एक्ट यानी कि मकोका के संबंधित धाराएं भी जोड़ दीं।

**क्या है मकोका ?**

महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ट क्राइम एक्ट यानी कि मकोका जिसे महाराष्ट्र सरकार ने 1999 में बनाया था। इसका उद्देश्य राज्य से संगठित अपराध को रोकना और साथ अपराध से निपटने के लिए विशेष प्रावधान करना है। एक्टर सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने वाले आरोपियों के खिलाफ भी मकोका लगाया गया है। यह कानून दिल्ली में भी लागू है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 2002 में इसे राष्ट्रीय राजधानी में लागू कर दिया था।

**बाबा सिद्दीकी की हत्या**

बाबा सिद्दीकी की पिछले महीने 12 अक्टूबर की रात को उस वक्त हत्या कर दी गई थी जब वह अपने बेटे और पूर्व विधायक जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के पास खड़े थे। उन्हें गोली मारी गई थी। बाबा सिद्दीकी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया था जहां उनकी मौत हो गई थी।

## गलती से भारतीय सीमा में घुसा पाकिस्तानी नागरिक, बीएसएफ ने पाक रेंजर्स को सौंपा

अमृतसर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। एक पाकिस्तानी नागरिक गलती से भारतीय सीमा में घुस गया। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तानी नागरिक को वापस पाक रेंजर्स को सौंप दिया बीएसएफ के इस कदम की पाकिस्तान रेंजर्स ने सराहना की। बीएसएफ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पाकिस्तानी नागरिक गलती से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय सीम में घुस गया था। कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद प्रोटोकॉल के मुताबिक जांच शुरू की गई। शुरुआती जांच में पाया कि व्यक्ति गलती से और बिना किसी इरादे के सीमा पार कर गया था। जिसके बाद पाकिस्तान रेंजर्स से संपर्क किया गया। नियमानुसार व्यक्ति की पहचान की गई। जिसके बाद अधिकारियों ने उसे वापस सौंपने का फैसला किया।

# गाजियाबाद की सोसाइटी में अटकी लिफ्ट

### महिला समेत सात लोग फंसे, वीडियो वायरल

गाजियाबाद, 30 नवंबर (एजेंसियां)। गाजियाबाद में क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी में लिफ्ट में 7 लोग फंस गए गुरुवार रात की यह घटना है। जिस समय लिफ्ट में तकनीकी खराबी आई, उस समय महिला समेत सात लोग थे पहली मंजिल पर लिफ्ट फंसी तो उसमें लोगों के सांस लेने में परेशानी उठानी पड़ी। जिसके बाद सोसायटी के गार्ड व अन्य लोग पहुंचे।स्थानीय निवासियों का कहना है कि लिफ्ट में खराब होने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। बता दें कि सुपरटेक लिविंगस्टोन सोसाइटी के सी 2 ब्लॉक की लिफ्ट की यह घटना रात की है। पहली मंजिल पर फंसी लिफ्ट से रेस्क्यू कराए गए लोगों का वीडियो सामने आया है। जिसमें लिफ्ट में एक बुजुर्ग को सांस लेने में परेशानी होने लगी थी, जिसके बाद वह घबरा गए सोसायटी में रहने वाले सचिन ने बताया कि करवा चौथ की रात भी लिफ्ट ऐसे ही फस गई थी।वहीं घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने कहा कि हमने लिफ्ट की मेंटेनेंस को लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन अभी तक इस मामले पर कोई कदम नहीं उठाया गया। घटना के बाद से वहां रहने वाले लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। गाजियाबाद में लिफ्ट में 7 लोग फंस गए। गुरुवार रात की यह घटना है। लिफ्ट में महिला समेत सात लोग थे। जिसके बाद सोसायटी के गार्ड व अन्य लोग पहुंचे। सुपरटेक लिविंगस्टोन सोसाइटी के सी 2 ब्लॉक की लिफ्ट की यह घटना रात की है। लिफ्ट में सवार बुजुर्ग को सांस लेने में भी दिक्कत हुई।

## सूरत की जानलेवा आइसक्रीमः खाते ही 3 लड़कियों की अचानक हुई मौत, पोस्टमॉर्टम से पता चलेगी वजह

सूरत, 30 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। वहां के पालीगाम में रहने वाली 3 लड़कियों की आइसक्रीम खाने के बाद मौत हो गई। तीनों ने जैसे ही आइसक्रीम खाई उनकी तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाते समय उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अब तीनों का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा और रिपोर्ट के बाद ही बच्चियों की मौत का कारण सामने आएगा। जानकारी के मुताबिक, ये घटना सूरत के पालीगाम इलाके की है, जहां 12, 14 और 8 साल की बच्ची की मौत हो गई। आइसक्रीम खाने के बाद लड़कियों ने उलटी की। इसके बाद लड़कियों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बेटी की मौत से परिवार शोक में है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद बच्चियों की मौत की वजह का खुलासा हो सकेगा। लड़कियों के परिवार वाले अपनी बेटी की मौत से शोक में डूबे हुए हैं। बच्ची का शव सिविल अस्पताल लाया गया है। इस बात की जांच की जा रही है कि तीनों बच्चियों की मौत आइसक्रीम खाने, लू लगने से हुई या किसी अन्य कारण से। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सही वजह सामने आ सकती है।

## अत्याधुनिक हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर को मिली सफलता




चंडीगढ़, 30 नवंबर (एजेंसियां)। काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर ने घरिंडा, अमृतसर के पास नूरपुर पधरी से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पाकिस्तान से तस्करी करके लाए गए हथियारों की खेप को सौंपने के लिए किसी अन्य ऑपरेटिव का इंतजार कर रहे थे। स्टेट स्पेशल ऑपरेशल सेल अमृतसर में शस्त्र अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों से 8 अत्याधुनिक हथियार मिले हैं। इनमें 4 ऑसट्रिया में निर्मित ग्लॉक पिस्तौल, दो तुर्किये 9 मिमी पिस्तौल, दो एक्स-शॉट जिगाना .30 बोर पिस्तौल के साथ-साथ 10 राउंड शामिल हैं।

# ट्रकों में पैसे, नोट गिनने की 36 मशीन, 10 दिन चली रेड भारत के सबसे बड़े आईटी छापे में क्या क्या मिला ?

भुवनेश्वर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आयकर छापा ओडिशा में किया गया जो 10 दिन तक चला। इस छापेमारी में आयकर अधिकारियों ने शराब निर्माण कंपनी, बौध डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड के कई विभागों पर छापेमारी की। इस दौरान 352 करोड़ रुपये की भारी रकम बरामद हुई। जानकारी के अनुसार यह छापेमारी अपने आकार और जटिलता के कारण विशेष रूप से सुर्खियों में रही और इसे आयकर विभाग का अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन माना जा रहा है। छापेमारी के दौरान आयकर विभाग ने न केवल जमीन के नीचे दबे हुए कीमती सामान की पहचान करने के लिए स्कैनिंग व्हील वाली मशीन का उपयोग किया बल्कि इस ऑपरेशन के लिए 36 नई मशीनों की भी व्यवस्था की गई ताकि नोटों की गिनती की जा सके। इतना बड़ा धनराशि मिलने के बाद आयकर विभाग ने अलग-अलग बैंकों से कर्मचारियों को मदद के लिए बुलाया। बताया जा रहा है कि इस विशाल राशि की गिनती और सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में कर्मचारियों की जरूरत पड़ी।

**आयकर विभाग के अधिकारियों को किया गया सम्मानित**

आयकर विभाग ने छापेमारी के बाद बरामद किए गए पैसों को ट्रकों में लादकर कड़ी सुरक्षा के बीच विभाग के दफ्तर में जमा कर दिया। इस ऑपरेशन की सफलता की कहानी ने आयकर विभाग की कुशलता और समर्पण को उजागर किया। बता दें कि अगस्त में केंद्र सरकार ने इस छापेमारी का नेतृत्व करने वाले आयकर विभाग के अधिकारियों को सम्मानित किया जिनमें प्रमुख आयकर जांच निदेशक एसके झा और अतिरिक्त निदेशक गुरप्रीत सिंह शामिल थे। यह छापेमारी न केवल आयकर विभाग की सफलता का प्रतीक बनी, बल्कि इससे यह भी साबित हुआ कि भ्रष्टाचार और काले धन के खिलाफ सरकार की कार्रवाई लगातार जारी है।

# दिल्ली से बेंगलुरु जा रहा था कंटेनर, रास्ते से चोरी हो गए 3 करोड़ के मोबाइल; आरोपी ड्राइवर फरार

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली से बेंगलुरु जा रहे 3 करोड़ के मोबाइल रास्ते में चोरी हो गए है। खाली कंटेनर मिल गया है, लेकिन ड्राइवर मोबाइल चोरी करके फरार हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने खाली कंटेनर को जब्त कर लिया है। वहीं, कंटेनर मिलने वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच पुलिस कर रही है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस मामले को सुलझा लिया जाएगा। कर्नाटक के चिकबल्लापुर जिले से चोरों की घटना सामने आई है। यहां एक कंटेनर में भरे 3 करोड़ के श्याओमी कंपनी के मोबाइल चोरी हो गए है। कंटेनर 22 नवंबर को दिल्ली से मोबाइल लेकर बेंगलुरु शहर के लिए निकला था, लेकिन वह डिलीवरी एड्रेस पर नहीं पहुंचा। डिलीवरी की जिम्मेदारी सैप स्पीड





कैरियर प्रा। लिमिटेड कंपनी को दी गई थी। जब मोबाइल नहीं पहुंचा, तो मोबाइल फोन भेजने वाली कंपनी में हड़कंप मच गया।

**3 करोड़ के मोबाइल चोरी**

कंपनी ने तुरंत कंटेनर के जीपीएस की जांच की, तो पता चला कि कंटेनर चिक्काबल्लापुर जिले के रेड्डी गोल्लाहल्ली के हाईवे के पास खड़ा हुआ है। श्याओमी कंपनी के लोग आनन-फानन में कंटेनर पास पहुंचे। कंटेनर को खोलते ही सब की आंखे फटी की फटी रह गई। सभी ने देखा कि कंटेनर बिल्कुल खाली है, उसमें मौजूद 3 करोड़ की कीमत के मोबाइल गायब है। श्याओमी कंपनी के लोगों ने तुरंत पुलिस को चोरी की सूचना दी। खाली कंटेनर को पुलिस ने जब्त किया इतनी बड़ी की चोरी की जानकारी होते ही पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित लोगों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं, कंटेनर को जब्त करके पेरेसांद्रा पुलिस स्टेशन ले आई है। इस पूरी चोरी में मोबाइल के गायब होने के साथ-साथ कंटेनर का ड्राइवर भी गायब है। इसलिए पुलिस कंटेनर ड्राइवर को चोर मानकर मामला की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# '104 साल का हूं

### अब तो रिहा कर दो', मर्डर के दोषी की याचिका, जानें सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा ?



नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने 104 साल के बुजुर्ग रसिक चंद्र मंडल को अंतरिम जमानत दे दी है। ये फैसला चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई में हुई बेंच ने सुनाया। 1988 में एक हत्या के मामले में दोषी पाए गए मंडल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर अब उसे ट्रायल कोर्ट की शर्तों के आधार पर अस्थायी रूप से रिहा किया जाएगा। रसिक चंद्र मंडल को 1988 के हत्याकांड में 1994 में दोषी ठहराया गया था। उस समय वे उम्र 68 साल के थे। उन्हें इस मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद उन्होंने अपनी सजा को चुनौती देते हुए कई बार अदालत का दरवाजा खटखटाया। उनकी अपील को 2018 में कलकत्ता हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था और फिर सुप्रीम कोर्ट में भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी।

**2020 में बुजुर्ग ने सुप्रीम कोर्ट से रिहाई की मांग की**

मंडल ने 2020 में सुप्रीम कोर्ट में एक नई अपील दायर की थी जिसमें उसने अपनी बुढ़ापे और बीमारियों का हवाला देते हुए समय से पहले रिहाई की मांग की थी। 99 साल की उम्र में उसने कोर्ट से राहत की गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी और 2021 में इसे गंभीरता से लिया।

**कोर्ट ने लिया बड़ा फैसला**

विकसित स्वास्थ्य समस्याओं और वृद्धावस्था को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मंडल को अंतरिम जमानत देने का फैसला किया। कोर्ट ने उसकी स्थिति को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया। पश्चिम बंगाल राज्य की वकील आस्था शर्मा ने अदालत को बताया कि मंडल की शारीरिक स्थिति अभी पहले से बेहतर है और वे जल्द ही अपना 104वां जन्मदिन मनाएंगे। इसके बाद अदालत ने फैसला सुनाया कि उन्हें अंतरिम जमानत दी जाए।

### 'गृह मंत्री क्राइम नहीं, अरविंद केजरीवाल को रोक रहे हैं'

# दिल्ली बीजेपी के आरोप पर संजय सिंह का पलटवार



नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। विधानसभा के शीतकालीन सत्र का कल पहला दिन था। पहले ही दिन आम और बीजेपी ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। बीजेपी ने सीएम आवास में आप सांसद के साथ हुई कथित मारपीट का हवाले देते हुए दिल्ली सरकार को सुरक्षा के मसले पर घेरने की कोशिश की। शनिवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बीजेपी के इन आरोपों का पलटकर जवाब दिया। उन्होंने कहा, बीजेपी सिर्फ झूठ बोलती है। दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब है। दिल्ली में कोई सुरक्षित नहीं है। बीजेपी का लक्ष्य सिर्फ झूठ बोलना और झगड़ा करना रह गया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में क्राइम नहीं, बल्कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को रोक रहे हैं। संजय सिंह ने आगे कहा कि देश की सत्ताधारी पार्टी जो अपने आप को देश की सबसे पार्टी कहती है, को लेकर लोगों के मन में ये बैठता जा रहा है कि वो अब झगड़ा पार्टी बन गई है। आज इसी भारतीय झूठा पार्टी ने फिर एक नया ड्रामा प्रस्तुत किया, जिसे वेरीफाई नहीं किया गया।

**'वीडियो क्लिप चलाने वालों पर करेंगे केस'**

बीजेपी ने ऐसा इसलिए किया है कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे हैं। अमित शाह केजरीवाल के सवालों का जवाब दें और अपराध रोकने का काम करें। वह पूर्व सीएम के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। आज एक फर्जी वीडियो चलाया गया, जिस पर हाई कोर्ट ने रोक लगा रखी है। वो वीडियो चला रहे हैं। इनके खिलाफ कोर्ट को एक्शन लेना चाहिए। ये फर्जी और झूठा ऑडियो क्लिप चलाकर लोगों को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। ये हम नहीं होने देंगे। यही प्रयास इन्होंने महाराष्ट्र में किया। यहां पर जो-जो बीजेपी वाला इस ऑडियो क्लिप को चलाएगा उसके खिलाफ मानहानि का मामला दर्जा किया जाएगा।

**'सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्र की'**

बीजेपी आरोप लगा रही है कि आप सरकार दिल्ली में बांग्लादेशियों के फर्जी वोट बना रही है। इतना ही नहीं बीजेपी एनसीआर लागू करने की भी मांग कर रही है। मैं, कहता हूं सबसे बड़ा घुसपैठिया तो पीएम मोदी के पूंजीपति मित्र हैं। सीमा की सुरक्षा मोदी और केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है।

## कोलकाता के अस्पताल का बांग्लादेशियों को तगड़ा जवाब, नहीं करेगा वहां के मरीजों का इलाज




कोलकाता, 30 नवंबर (एजेंसियां)। कोलकाता के एक अस्पताल ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के विरोध में बड़ा फैसला लिया है। मनिकतला के जेएन रे ने कहा कि वह बांग्लादेशी मरीजों का इलाज नहीं करेगा। अस्पताल के अधिकारी सुभ्रांशु भक्त ने कहा कि हमने एक नोटिफिकेशन जारी किया अनिश्चित काल तक हम किसी भी बांग्लादेशी मरीज को इलाज के लिए भर्ती नहीं करेंगे। तिरंगे का अपमान किए जाने के कारण कोलकाता के इस अस्पताल ने यह फरमान इसलिए सुनाया है। उन्होंने शहर के अन्य अस्पतालों से भी ऐसा ही करने की अपील की है। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हिंदूओं का नरसंहार हो रहा है। शेख हसीना के सत्ता से चले जाने के बाद में बांग्लादेश में हिंदूओं को निर्ममता से कुचला जा रहा है। अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर लूटपाट और बर्बरता की जा रही है। हिंदुओं के प्रतिष्ठानों और घरों को टारगेट किया जा रहा है। बांग्लादेश में इस्कॉन के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से हिंदू समुदाय में और आक्रोश है। चिन्मय दास की गिरफ्तारी पर भारत सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से हम चिंतित हैं। बांग्लादेश की सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद को बताया कि भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों सहित सभी नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करना बांग्लादेश की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शेख हसीना सरकार के जाने और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों में तनाव पैदा हो गया है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर कांग्रेस ने चिंता जताई है। कांग्रेस ने बयान जारी कर कहा कि हम बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के सामने आ रहे असुरक्षा के माहौल पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। इस्कॉन संत की गिरफ्तारी इसका ताजा उदाहरण है।

# आध्यात्मिक और औषधीय गुणों से युक्त : पान का पत्ता



अतुल कुमार

भारतीय अध्यात्म में पान के पत्ते को शुभ और पूजनीय माना गया . कलश के चारों ओर पान के पत्तों से सजाने का विधान है .इसी पत्ते से बने पान को खाने की सदियों पुरानी रीत है .पान का इस्तेमाल विविध कर्म कांडों में किया जाता है . इसकी व्यापक लोकप्रियता को इसी से समझा जा सकता है कि जगह जगह पान की दूकानें ,डब्बे , और केंद्र खुले हैं .प्रायः होटलों के बाहर इनकी उपस्थिति होती है .पान खाने के शौकीनों ने इसे इतना प्रचलित बनाया कि आसानी से यह सभी जगह उपलब्ध हैं .कुछ समय पहले तक पान के चहीते अपने साथ पान दान ले घूमते और जब इच्छा हो तब पान बना चबाते .इसके हरे पत्ते से निकलने वाली लाल पीक के निशान मिलना आम बात है .संस्कृत में इसे तांबूल कहा जाता है . कई जगहों पर पान के बीडे को पूजा में भी रखा जाता है . पत्ते पर कत्था – चूना लगा सौंफ सुपारी के साथ लौंग से बंद कर भोजन के बाद खाने का रिवाज़ है .अक्सर शादी व अन्य समारोहों में खाने के बाद इसे दिया जाता है जिसे मुख शुद्धि कहा गया .

विज्ञान के अनुसार इसके सेवन से नसों से संबंधित रोग दूर होते हैं .गठिया के दर्द को दूर करने में इसको उपयोगी माना गया . गैस्ट्रो प्रोटेक्टिव और मुंह के छालों व बैक्टेरिया से निजात दिलवाने में गुणकारी माना गया. एंटी बैक्टेरियल गुणों के कारण पान का पत्ता शरीर

से टाक्सिंस को बाहर निकालता है . जिससे पाचन से जुडी परेशानियां जैसे गैस , एसिडिटी , और बदहज़मी से छुटकारा मिलता है . न्यूरोलोजिकल सिस्टम में सकृयता लाने में यह पत्ता जादुई असर करता है . दिल और लीवर के लिये भी अच्छा माना गया . इसका बोटैनिकल नाम पाइपर बेटेल है .जिसका मूल निवास स्थान इंडोनेशिया है . भारत , म्यांमार ,मलेशिया ,थाईलैंड और वियतनाम में इसकी अधिक पैदावार होती है .

इसका इस्तेमाल न केवल समारोहों में होता है बल्कि एक शुभ आदान प्रदान सामग्री के रूप में भी होता है .सौदे ,व्यापारिक लेन देन और विवाह के लिये भी तांबूल का उपयोग होता है वैदिक लोग इससे भली भांति परिचित थे आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ सुरुता



और चरक ने इसके गुणों के बारे में पहली बार लिखा . घावों को भरने तथा अल्सर दूर करने में इसके पत्तों को गुणकारी माना गया . रसायन शास्त्री इसमें रासायनिक तत्वों का भंडार मानते हैं इसलिये इसे भारत का हरा सोना मान इसके लाभकारी प्रभावों को महत्वपूर्ण कहा गया .यह न केवल रोगाणुओं से लडते हैं बल्कि दर्द निवारक एजेंट के रूप में भी कार्य करते हैं . 4600 वर्ष पहले हडप्पा संस्कृति में इसकी खेती को उपयोगी माना गया .

दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों का यह सम्मानित पत्ता है . देश के अधिकांश लोग इसका सेवन करते हैं क्यों कि इसे पवित्रता का प्रतीक माना गया. इसके कई प्रकार हैं जैसे बनारसी ,कलकत्ता ,मगही ,केरल में तिरूर और अन्य प्रदेशों में इसके अलग अलग नाम हैं .पान के बारे में फिल्मी गीत लिखे गये " खईके पान बनारस वाला खुल जाए बंद अक्ल का ताला " और " पान खाये सैंया हमारो ,सांवली सुरतिया पर होंठ लाल लाल " इन गीतों ने धूम मचायी .

पौराणिक प्रसंगानुसार हनुमान जी लंका पहुंचे तब सीता को जहां बंधक बना रखा गया था उस स्थान को खोजा और उनको भगवान राम का संदेश सुनाया जिसे सुन सीता जी इतनी खुश हुईं कि खुशी और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में हनुमान जी को पान के पत्तों की माला पहनायी दरअसल वह अशोक वन में थीं और उन्हें माला बनाने के लिये आस पास कोई फूल नहीं मिले मान्यता है कि उस दिन से यह सम्मान का प्रतीक माना गया भक्त हनुमान जी को आज भी पान के पत्तों की माला चढाते हैं .

प्राचीन समय में राजाओं के बीच संधियां होतीं तो उसके साथ पान का आदान प्रदान किया जाता अत; यह मित्रता ,भाई चारे ,सौहार्द पूर्ण रिश्तों की निशानी बना .आज भी छात्र गुरु पूर्णिमा पर अपने गुरुओं को सम्मानित करते हैं तब उन्हें पान पर रख श्रीफल ( नारियल) भेंट करते

हैं . पूजा में जल छिडकने के लिये पान के पत्ते को ही उत्तम माना गया क्योंकि यह जल की तरह शुद्ध और पवित्र होता है .पूजन सामग्री की दूकानों में इसे जल या घास पर रखा जाता है जिससे इसकी चमक फीकी न हो क्यों कि यह समृद्धी का प्रतीक माना गया .चर्म रोग से संबंधित रोगों के लिये यह अचूक इलाज है . पान के शौकीनों के कई किस्से सुने जाते हैं . प्रसिद्ध संगीत निर्देशक एस डी बर्मन पान के बडे शौकीन थे और किसी को अपना पान नहीं देते मुंबई की चौपाटी के निकट उनके पनवाडी की दूकान थी जहां से 35 कि मी की दूरी पर उनके निवास पर विशेष रूप से पान आता . बर्मन के कई मधुर गीतों में एक " फूलों के रंग से दिल की कलम से तुझको लिखी रोज़ पाती " को गीतकार नीरज ने लिखा और किशोर कुमार ने बडी शिद्दत से गाया .इसके फाइनल वर्सन को सुन एस डी बर्मन इतने प्रसन्न हुए कि अपने पान दान से पान निकाल दोनों को भेंट किया जिसे सम्मान के रूप में देखा गया .आज भी वह तराना गाना प्रेमियों को झुमा देता है .

पान के पत्ते में मौजूद तत्व तनाव कम करने में मददगार होते हैं यह मन को शांत और आरामदायक बनाता है .लेकिन इसमें तंबाकू मिला कर खाना सेहत के लिये हानिकारक है . सांस ,खांसी , ज़ुकाम,सिर दर्द के इलाज के रूप में भी इसे उपयोगी माना गया .तामसिक भोजन के बाद इसके सेवन से पाचन आसानी से होता है. दांतों मसूडों के लिये भी इसके पत्ते किसी औषधि से कम नहीं हैं . शरीर में ब्लड शूगर लेवल को कंट्रोल में रखने के लिये फायदेमंद माना गया .

पान सिर्फ एक मज़ेदार और स्वादिष्ट पत्ता ही नहीं बल्कि कब्ज़ को भी खत्म करता है . अब इसमें कई चटनियां मिलाने की विधि भी शुरु हो गयी है .मीठे पान से ले सादे पान तक में कई प्रकार की चटनियां डाली जाती हैं जिससे इसका स्वाद और बडता है . इसके व्यापार को ले कई कंपनियां खुल गयी हैं .मैरेज फंक्शंस में अलग काउंटर के रूप में इसको खोला जाता हैं ताकि मेहमान इसका लुत्फ अन्य व्यंजनों की तरह उठा सकें .एक अध्ययन के अनुसार इस समय देश में अनुमानतः 4.3 करोड पान की दूकानें हैं औसतन प्रति एक कि मी में दो पान की दूकानें हैं .प्रति वर्ष इसके द्वारा रु 9000 करोड का कारोबार होता है . सोचिये ! जिसे सिर्फ पत्ता माना गया वह कितने लोगों के रोज़गार और आमदनी का माध्यम है.

पौराणिक मान्यतानुसार समुद्र मंथन के दौरान जो बूंदें निकलीं वह पान के पत्तों पर भी पडीं इसलिये इसमें देवी देवताओं के वास को मान इसको शुभ कहा गया . अत; पूजा पाठ में कलश पर पांच पान के पत्ते रखने का विधान है ,कई परंपराओं का एक महत्वपूर्ण पहलू है . प्राचीन काल में इसका उपयोग़ जडी बूटी के रूप में होता था . राजाओं और महाराजाओं का भी पान मनपसंद रहा . उनके साथ पान दान और ओगाल दान साथ चला करते थे .

किसी भी खाने की चीज़ की लत लाभ के साथ हानि भी पैदा करती है .वही पान के साथ भी है दांतों का लाल होना उनमें एक है .असाध्य रोग इसी लत के कारण होते हैं . साहित्यकारों और शायरों ने भी इसके रसीले पन पर लिखा किसी शायर ने खूब लिखा " ऊपर से पुर सुकून,अंदर कुछ और कैफियत / पान की गिलौरी सी ही तो है इंसानी फितरत।

# काव्य कुंज

## ठंड ने फिर से दस्तक दिया



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

ठंड ने फिर से दस्तक दिया
अलसाई - सी धूप ने ,
घबराई सी शाम ने,
यह संदेश दिया कि
ठंड ने फिर से दस्तक दिया।
पवन की तेजी ने पत्तों के सिकुड़न ने,
कलियों की चुप्पी ने,
हौले -से मुहँ खोला,
कि ठंड ने फिर से दस्तक दिया ।
चाय की प्याली ने अंगीठी की सुलगती चिंगारी ने,
रजाई के खुले सलवटों ने ठंड का स्वागत किया,
कि ठंड ने दस्तक दिया ।
भीड़ भरी सड़कों पर शनैः शनैः कम होती,
गाड़ियों की खड़खडाहट,
पांव की सरसराहट आवाज देती हैं
कि ठंड ने फिर से दस्तक दिया ।
रेलवे प्लेटफार्म पर फुटपाथ पर सोते लोग,
गर्माहट की खोज में निकले बड़बडाते लोग,
कि ठंड ने फिर से दस्तक दिया ।
कंबलों की दुकान पर पुण्य पाने की चाह में,
अध क्पडों में घूमते लोगों की खोज में,
कि ढक दूं कुछ तन को दुआएं पा लूं कुछ तो,
कि ठंड ने दस्तक दिया ।
सुंनसान -सी गलियों में परछाईयों - सी गुजरते लोग,
कम होते कुत्तों के शोर ने, धीमें से आकर बोला
कि ठंड ने फिर से दस्तक दिया ।

## याद तुम्हारी आती है...



डॉ डी डी देसाई

जब भी याद तुम्हारी आती हैं माँ....
आँखों का सैलाब उमड़ता हैं,
पलकों के बांध टूट जाते हैं।
न छिपा पाऊँ...न दिखा सकूँ,
हालात दर से बद्तर हो जाते हैं।
जब भी याद तुम्हारी आती हैं माँ....
तश्तरियाँ अनछुई रह जाती हैं,
निवाला हलक से उतरता नहीं।
दर्द भी थक हार के रुकता नहीं।
बस असवों के घूँट पीते रहते हैं
जब भी याद तुम्हारी आती हैं माँ....
मंद मंद समीर भी तूफान सा लगता हैं,
मजबूत किले में दरार सा लगता हैं।
सरसों सम बिखर जाती हैं जिंदगी,
खुशियों का बागान भी बंजर सा लगता हैं।
जब भी याद तुम्हारी आती हैं माँ....
दिन... दिन सा नहीं लगता,
रात...रात सी नहीं कटती।
तिलमिलाती हैं नींद भी बिस्तर पर,
अधमरे सपनों का जनाजा निकलता हैं।
जब भी याद तुम्हारी आती हैं माँ....
निर्मोही बन जाता हूँ इस संसार का,
करूँ परित्याग इस जहान का।
बस आखरी आस.. माँ तेरी गोद हो ...
तुम सर पर रखो हाथ और आँखें बंद हो।

## गर्म खबरों का अखबार



संजीव ठाकुर,
रायपुर

सर्द हवाओं की बरसात में,
ऐसी ही एक बेहद ठंडी रात में,
गरीब बेसहारा मां की गोद में
सोया था बच्चा गहरी नींद में,
ठिठुरन वाली हवाओं
ने जोर पकड़ा
सर्दी की ओट में,
बच्चे को ठंड ने जकड़ा,
बच्चा ठंड से हड़बड़ा कर जागा,
मा ने सोचा बच्चा कितना है अभागा,
ओढ़ने को कुछ नहीं
बिछाने की बात तो दूर,
तब ही मां ने ठंड से जागते बच्चे को
बंद चाय की दुकान में पड़े
चलती ट्रेन में भीषण आग,
पैसों की गर्मी से ओतप्रोत
युवक द्वारा नशे में मारपीट,
दंगाइयों द्वारा मकानों में आग
वाले शीर्षक वाले अखबार
के पेज से ठंड से बचने के लिए
अच्छे से ढका,मां की ममता की गोद में
गर्म खबरों के अखबार की
गर्मी से बालक को मिली राहत।
बच्चे ने मासूमियत से पूछा
मां जिन बच्चों के पास
ओढ़ने को अखबार भी नहीं होते
वह गरीब बच्चे कैसे रात गुजारते होंगे,
मां ने बच्चे को जोर से डाटा
ज्यादा गरीबों से हमदर्दी नहीं रखते
हमारी रात कट जाए
ईश्वर से हम यही दुआ करते हैं?

## भारत की आन बान शान



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

आसमान का शान सूरज,
रात्री का आन - बान है चंदा,
बिना सूरज-चंदा के आसमान,
लगता है सूना-सूना मानो विरान ।
आकाश की शान-पहचान
जैसे सूरज और चंदा से है
वैसे ही वैश्विक शांति दूत का,
प्रतीक और द्योतक है भारत ।
भारत की आन बान शान है,
भारतीयता की खास पहचान है,
संस्कृति सभ्यता की निशान है,
हर भारतीय के माथे पर तिलक ।
यह कट्टर धार्मिकता का प्रतीक नहीं,
आस्था व परंपरा का सूचक है सही,
बुद्धी-ज्ञान आध्यात्मिकता संकेत यही,
सर्वमानव समभाव का सूचक है जानो ।
ह्रदयांतर के पवित्रता की पहचान है,
माथे की शोभा प्रभु के प्रति संलग्नता है,
यह तिलक तो सर्वगुणों की संयमता है,
सादगी-स्वच्छ विचारों की सुविशेषता है ।
तिलक मेरे माथे की शोभा ही नहीं आभा है,
अपने-आप को सन्मार्ग पर रखने की प्रभा है ।

## अब सठ को समझाना है



कमलेश झा

ले आओ लक्ष्मण धनुष बाण
अब सठ को समझाना है।
अनुनय विनय का काम नही
अब इसको सबक सिखाना हैं ।।
मान दिया इस ऊंचरिंग को
दिवस तीन अब बीत गए।
मान मनौव्वल करते करते
धीर मेरे सब टूट रहे।।
भान कहां मेरी शक्ति का पल भर में अस्तित्व मिटा सकता।
एक वाण बस काफी है इस जलधी का नीर सुखा सकता ।।
सम्मान अगर दो मूर्खों को ग्रहण कहां वो करता है।
अपनी अल्हड़ चालों से बस अपना नुकसान हीं सहता है।।
यह केवल फुफकार नही अजानबाहू का धैर्य परीक्षा है।
मर्यादा में रहने का अब इस जलधी को देना दीक्षा है
चाप उठा अब हाथों में जब बाणों का संधान किया।
थर थर करता समुद्र देव फिर राम चरण में लेट गया।।
करुणा के तुम सागर हो बल तुममें है अगाध।
पहचान नहीं पाया तुमको तुम स्वामी मैं आपका दास।।
दास तुम्हारे हे नारायण मत करो मेरा तुम विनाश।
आओ पथ मैं देता हूं जाओ लंका करो राक्षसों का नाश।।
बांध बनालो मेरे ऊपर चढ़कर तुम जाओ उस पार।
इसी बहाने हो जायेगा मेरा भी तो बस उद्धार ।।

## ये जो शहर तुम्हारा है



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

ये जो शहर है तुम्हारा।
दिल का बड़ा खसारा है।
सुंदर बहुत है लेकिन,
इसमें कोई नहीं हमारा है।
शहर की जिंदगी,होती है रंगीन,
वफ़ा की आदत नहीं किसी को,
मोहब्बत करके हो जाते ग़म्गीन।
रंगीनियां हुस्न चमन।
लुभाते है नौजवानों को।
भूलकर घर बार बीवी को।
बर्बाद कर जाते खुदको।
फोन ने बड़ा जुल्म ढाया है।
लड़कियां रचाती बड़ी माया।
प्रेम एक से शादी दूजे से, यौवन की मोहक काया है।
लड़के भी मनचले होते है। कई गर्ल फ्रेंड रखते है।
बाहर की दुनिया अलग होती। बीवी को भी छलते है।
तेरे शहर आकर । मै परेशान हो गया हूं।
मां बाप घर भी खोया। हैरान हो गया हूं।
ये जो तुम्हारा शहर है। इसमें हजारों का बसर है।
शहरों में रातें होती ही नहीं। होती सिर्फ़ सहर ही सहर है।
जश्न रात भर चलता रहे। मय की महफिलें जमती रहे।
लुढ़कते पड़ते घर पहुंचे। यूं ही जिंदगी चलती रहे।

## कुरुक्षेत्र



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

अर्जुन उवाच--
हे केशव, विपदा ऐसी है,
असमंजस में पड़ा हुआ हूं।
न चाहिए कुछ भी मुझको
अपनों बीच धंसा हुआ हूं।।
हे केशव....
भिक्षा मांग के जी लूंगा मैं, अपनों को मैं कैसे मारूं,
भाई बंधु खड़े सामने, उन पर तीर मैं कैसे उतारूं,
पितामह, गुरु,पूजनीय मेरे,अस्त्र शस्त्र कैसे उठा लूं
अपने मार के क्या मिलेगा,नजरों से खुद को गिरा लूं,
सूझ नहीं रहा कुछ भी मुझको,धुंध में फंसा हुआ हूं!
हे केशव, विपदा ऐसी है असमंजस में पड़ा हुआ हूं!
न चाहिए कुछ भी मुझको अपनों बीच धंसा हुआ हूं!!
श्रीकृष्ण उवाच
हे पार्थ, तुम दुनिया में कर्म अपना करने आए हो,
जो दे रहे अधर्म साथ क्या उनको बचाने आए हो?
अधर्मियों को बचा, क्या साबित करने आए हो
वस्त्र हरण करने वाले को,क्या सोच बचाने आए हो,
उठाओ गांडीव,धर्म रक्षा को,संग तुम्हारे खड़ा हुआ हूं।
अब न कहना विपदा ऐसी,असमंजस में पड़ा हुआ हूं।
कौन है तेरा, कैसे कहते?अपनों बीच धंसा हुआ हूं।।
जो आया है,जाना होगा कर्म फल भी भोगना होगा,
अत्याचार जब बढ़ जाए,कहीं तो उसे रोकना होगा,
कर्म की तराजू में पाप, पुण्य को तोलना होगा
पाप का करके अंत पुण्य फसल को रोपना होगा
खुद को पहचानो,कभी न कहना डरा हुआ हूं !
अब न कहना विपदा ऐसी,असमंजस में पड़ा हुआ हूं।
कौन है तेरा, कैसे कहते?अपनों बीच धंसा हुआ हूं।।

## जीवन सार



पूजा महेश
हैदराबाद

आपका धापी मचीं हुई हैं
भाग रहे सब दौड़ है अंधी
कहां भागना नहीं कोई जानें
भाग रहें सब साथी संगी
अचानक एक मोड़ आया
थोड़ा सा ठहराव आया
तब मन ने कुछ विचारा
तो कुछ बदलाव आया
कहां भाग रहें सब?
और क्यूं?
कपड़े, गहने सब बेकार
साज श्रृंगार सब बेकार
पहनने को कपड़े
खाने को दाल रोटी
हाथ की मेहनत भगवद भक्ति
बस इतना ही है जीवन सार
जीवन आधार, जीवन सार।।

## सोने जा रहा हूं....



दर्शन सिंह
हैदराबाद

मत आओ तुम लौट कर
हमने इंतजार करना छोड़ दिया
मेरे महबूब की फितरत है साथ छोड़ने की
हमने सफ़र में अब तन्हा चलना सीख लिया
खंडित हैं रेखाएं
क्या शेष किनारे लगने से पहले
सोने जा रहा हूं , तुझे ख्वाब में देखने की हसरत लेकर..
दुआ करना कोई जगा न दे मुझे तेरे दीदार से पहले
याद जब भी कभी उसको मेरी आती होगी
रेत पर लिखकर मेरा नाम मिटाती होगी
मौजें आ आ के उसे छू कर गुजरती होंगी
वो मगर उनकी छुअन जान न पाती होंगी
जिसने मुझे बनाया,
उसको बददुआ लगती होंगी,
मेरी तकदीर लिखने से पहले
सोने जा रहा हूं...
इज़हार ए मोहब्बत का वो पहला खत सीने से लगा रखा
नहीं आदत करूं शिकायत,यादों से कमरा सजाए रखा
यूं ही चलते रह गया,
कभी यहां कभी वहां, अंगारों में झुलसने से पहले
सोने जा रहा हूं..
रह गई कसक बाकी बीते दिनों की
मिल चुकी खाक में उम्मीदें अपनी सारी
लोग कहते हैं हंसते बहुत हो
क्या कहूं जीवित मरने से पहले
सोने जा रहा हूं...

## मासूमियत की तुतलाहट



मनीषा मंजरी
दरभंगा

कोहरे की घनी चादर तले,
कुछ सपनों की गर्माहट है,
ठहरी हुई इस सुबह में कहीं,
फिर से हुई कुछ आहट है।
धड़कनों के धीमे शोर में,
बातों की नयी सी गुनगुनाहट है,
कोरे ख्यालों की बेहोशी में,
किसने कर दी ये मिलावट है।
साहिलों पर तन्हाई कहाँ है,
लहरों से जो होती टकराहट है,
सीपीयां यादों की मुट्ठी में भरी हैं,
फिर क्यों हो रही घबराहट है।
नए रंगों की शाम सजी है,
चाहतों की बेपरवाह बुलाहट है,
इज़ाज़तों की चिट्ठियाँ पड़ी हैं,
पर नसों में बहता इश्क़ हीं रुकावट है।
उम्मीदों के उधेड़े धागों की,
क्या हो सकती नयी बुनाहट है,
आँखों में उमर रहे हैं
बादल या मौसमी बरसात की खटखटाहट है।
पिघलेंगें जज्बात साँसों में,
जिनपर बरसों की बर्फ़ीली जमावट है,
अंगीठियों में ख़्वाहिशें तपी हैं,
होठों पर राख बनी मुस्कराहट है।
नींदें जागी हैं किस्तों में, क़दमों में ठहरी सी थकावट है,
एक साथ का ये धुंआ-धुंआ सा है,
या मृगतृष्णा की दिखावट है।
ज़िन्दगी की बेबस आँधियों में,
एक लिहाफ़ की फुसफुसाहट है,
एकांत कमरे की शाश्वत निःशब्दिता में,
मासूमियत की हुई तुतलाहट है।

## शबरी



टी तारासिंह
हैदराबाद

राम जी है सौम्य ओर आदर्श पुरूष
शबरी है राम जी की भक्त ओर प्रेम दिवानी
राम का नाम ले लेकर शबरी अपना जीवन काल
बिता रही थी आंखे हो गयी थी धुंधली
राम जी को मिलने की लालसा कम ना हुई
अपना घर - कुटिया रोज साफ रखती
देख भाल करती गाय बछडो का
रोज सूनती तोता मैना के मधुर गीत
उनसे राम राम कहलवाती
राम लक्ष्मण जी थे वनवास मे
पधारे शबरी की सुन्दर कुटिया
स्वागत किया ओर पैर धोये
खाने के लिए बेर फल आदि दिये
बेर खाये मिठे बेर ही राम जी को देती
वह ना चाहती खटे बेर खाकर क्रोधित हो जाये
वह तो सादगी प्रिय थी श्रद्धा से , प्रेम से
राम जी को मिठे बेर खिला रही थी ।।

## जीवन का ठहर जाना



लवली आनंद,
बिहार

अरमानों का
अधूरा हीं बिखर जाना
उम्मीदों का बुझ जाना
फिर से एक चुभन पाना,
वो अनकही बातों में कहीं
ऐसे ही मेरा खो जाना।
मेरे दिल के वीरान कोनों में
आस का बुझ गया था दीया,
संवेदनाओं की आँच में फिर से जला गया मुझे वो
किसी के हाथों का बढ़ाना
चाहत के लौ का जलाना- बुझाना।
मेरी राहों में फैला है सन्नाटा,
और खामोशी का घना है पहरा,
खलता है मेरे अधूरे अरमानों का
बस यूँ ही ठहर जाना। मेरी सुख की हर आस का
मेरे पलकों पर छलक जाना,वो अधूरी तमन्नाओं का
मेरे दिल में दरिया बन उतर जाना।
इस कायनात से सवाल है अब
क्या सच में ज़रूरी था,
अरमानों का फिर अधूरा हीं बिखर जाना
जीवन का अनजाने मोड़ पर फिर ठहर जाना।

## व्यथा



हेमंत सुराना,
उदयपुर

क्या मैं लाचार हूँ,
क्या मैं मजबूर हूँ,
क्या मैं अबला हूँ
जन्म पर लक्ष्मी,
बचपन में बिटिया,
जवानी में दुल्हन,
फिर क्यों काँटों की चुभन
और नहीं ,अब और नहीं,
जुल्मों का शिकार नहीं
अबला नहीं, सबला हूं मैं
मन की व्यथा समेटूँगी,
नहीं तो अकेलेपन से भी हारूंगी
पुरुष प्रधान समाज,
नारी के अस्तित्व को ना ललकार
खुले आसमान में उड़ने दो ,सपनों को पूरे करने दो
स्वतंत्र जिंदगी जीने दो, स्वतंत्र जिंदगी जीने दो ।

## समय - एक सफर है



मेधावी महेंद्र,
पुणे

समय - एक सफर है।
एक बीज से वृक्ष बनने कासफर।
एक सोच से यथार्थ बनने कासफर।
एक बात से साथ तक का सफर।
एक पल से जीवन भर का सफर।
यह एक वरदान है।
सपने देखने का वरदान।
उन्हें पूरा कर पाने कावरदान।
नई चीज़ें सीखने का वरदान।
कल्पना को वास्तविकता मेंबदल पाने का वरदान।
यह एक अवसर है।
हर नई सुबह को संवारने काअवसर।
हर हार से सीखने का अवसर।
हर रिश्ते को गहराई सेनिभाने का अवसर।
खुद को बेहतर बनाने काअवसर।
समय - एक दर्पण है। जो दिखाता है बीते पलोंकी छवि।
जो सिखाता है संघर्ष कीलय।
जो देता है आगे बढ़ने कीप्रेरणा।
और जीवन को अर्थ देने कीचेतना।
यह एक एहसास है। पहली मुस्कान का एहसास।
बिछड़े अपनों की यादों काएहसास।
माँ के आंचल की गर्मी काएहसास।
और प्यार के लम्हों मेंखो जाने का एहसास।
यह एक कहानी है। जो हर दिल में लिखी जातीहै।
कभी आँसुओं के अक्षरों से,तो कभी हँसी की लकीरों से।
हर मोड़ पर नया मोतीपिरोती है,
और अंत में बस यादें छोड़जाती है।
समय है एक कविता, मधुर और गहरी,
हर पल की धड़कन में छिपीहै कहनी।
यह लम्हा है अपना,इसे व्यर्थ न जाने दो,
हर ख्वाब को पंख दो,इसे रंगों से सजाने दो।
यह जीवन का संगीत है,इसका सम्मान करो,
हर धुन में छुपे प्रेम काएहसास करो।
क्योंकि यही समय है,जो अमर गीत गाएगा,
और तुम्हारे जीवन काइतिहास बताएगा।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# क्या पहले महादेव का मंदिर था अजमेर शरीफ दरगाह



'हमारी मांग है कि अजमेर दरगाह को संकट मोचन महादेव मंदिर घोषित किया जाए। अगर दरगाह का किसी तरह का पंजीकरण है तो उसे रद्द किया जाए। इसका एएसआई सर्वेक्षण कराया जाए और हिंदुओं को वहां पूजा करने का अधिकार दिया जाए। हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने अजमेर की एक कोर्ट में दायर याचिका में यह बात कही है। 27 नवंबर को अदालत ने याचिका मंजूर कर ली है। अजमेर शरीफ दरगाह के शिव मंदिर होने के दावे क्यों किए जा रहे, इसी टॉपिक की पडताल करती खबर। 25 सितंबर 2024 को हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने अजमेर की सिविल कोर्ट में एक याचिका दायर की। 38 पेज की याचिका में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के अंदर एक शिव मंदिर होने का दावा किया गया। गुप्ता ने अजमेर शरीफ दरगाह पर 2 साल की रिसर्च और एक किताब 'अजमेरः हिस्टॉरिकल एंड डिसक्रिप्टिव' का हवाला दिया। इसमें बताया गया कि दरगाह के नीचे शिव मंदिर मौजूद है।

27 नवंबर को याचिकाकर्ता के वकील योगेश सिरोजा ने सिविल जज मनमोहन चंदेल की बेंच के सामने तथ्य रखे। कोर्ट ने याचिका को मंजूर कर लिया। कोर्ट ने अजमेर दरगाह समिति, अल्पसंख्यक मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को एक नोटिस जारी किया। तीनों से 20 दिसंबर तक जवाब मांगा है।

38 वर्षीय विष्णु गुप्ता का जन्म उत्तर प्रदेश के एटा में हुआ था। गुप्ता बचपन से ही उग्र हिंदू राष्ट्रवाद में दिलचस्पी रखते थे। वे कॉलेज के दिनों में ही शिवसेना की युवा शाखा में शामिल हो गए। 2008 में उन्होंने बजरंग दल जॉइन कर लिया। 2011 में गुप्ता ने अपने साथियों के साथ हिंदू सेना की स्थापना की। शिवसेना या आरएसएस से कोई संबंध नहीं होने के बावजूद हिंदू सेना कई विवादों में शामिल रही... जनवरी 2024 में दिल्ली के बाबर रोड पर लगे साइन बोर्डों पर अयोध्या मार्ग के स्टिकर चिपकाए। जून 2023 में फिल्म आदिपुरुष के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर की। याचिका में आदिपुरुष को बैन करने की मांग की गई। मई 2019 में एक्टर और नेता कमल हासन के खिलाफ दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई, क्योंकि हासन ने नाथूराम गोडसे को हिंदू आतंकवादी कहा था। मई 2016 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चुनाव जीतने पर हवन कराया। ट्रम्प के जन्मदिन पर कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। चुनाव के दौरान डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन का भी विरोध किया। जनवरी 2016 में नई दिल्ली में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन्स के कार्यालय में तोड़फोड़ की। इसके लिए विष्णु गुप्ता को गिरफ्तार किया गया था।

जनवरी 2014 में हिंदू सेना ने भीड़ के साथ मिलकर गाजियाबाद में आम आदमी पार्टी के कार्यालय में तोड़फोड़ की। आप नेता प्रशांत भूषण ने बयान दिया था कि जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना की तैनाती के लिए जनमत संग्रह कराया जाना चाहिए।

बहरहाल, विष्णु गुप्ता ने याचिका में तीन तर्क दिए। इन्हीं के आधार पर उन्होंने जांच की मांग की...। पहला रिटायर्ड जज हरबिलास शारदा ने 1911 में 'अजमेरः हिस्टॉरिकल एंड डिसक्रिप्टिव' किताब लिखी। 168 पन्नों की इस किताब में 'दरगाह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती' नाम से एक पूरा चैप्टर है। पेज नंबर 93 पर लिखा है कि दरगाह के 'बुलंद दरवाजे' की उत्तरी तरफ तीसरी मंजिल पर छतरी है। वह किसी हिंदू इमारत के हिस्से से बनी है। दरवाजे पर बनी छतरी की सतह पर खूबसूरत नक्काशी को चूने और रंग पुताई से भर दिया गया। पेज नंबर 94 पर लिखा है कि छतरी में जो लाल रंग का बलुआ पत्थर का हिस्सा लगा है, वह किसी जैन मंदिर का है। पेज नंबर 96 के मुताबिक, बुलंद दरवाजे और अंदर के आंगन के नीचे पुराने हिंदू मंदिर के तहखाने हैं। इसमें कई कमरे अभी भी वैसे ही हैं। यह सब देखकर लगता है कि दरगाह को मुसलमान शासकों ने पुराने हिंदू मंदिर की जगह पर बनाया है। पेज नंबर 97 पर हिंदू परंपरा के मुताबिक, तहखाने के अंदर मंदिर में महादेव की छवि है। इस पर हर दिन एक ब्राह्मण परिवार चंदन जलाता था। इस जगह को अब दरगाह के घड़ियाली (घंटी बजाने वाला) के रूप में जाना जाता है। वे कहत हैं कि जब मैंने हरबिलास शारदा की किताब को पढ़ा तो उसमें साफ-साफ लिखा था कि यहां पहले ब्राह्मण दंपती रहते थे। यह दंपती सुबह चंदन से महादेव का तिलक करते थे और जलाभिषेक करते थे।

दूसरा विष्णु गुप्ता ने दावा किया कि उन्होंने 2 साल तक अजमेर में रिसर्च की है। वे खुद दरगाह के अंदर गए और छानबीन की। इस जांच में 3 बातें पता चली...।

दरवाजों की बनावट और नक्काशीः दरगाह में मौजूद बुलंद दरवाजे की बनावट हिंदू मंदिरों के दरवाजे की तरह है। नक्काशी को देखकर भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां पहले हिंदू मंदिर रहा होगा।

ऊपरी स्ट्रक्चरः दरगाह के ऊपरी स्ट्रक्चर देखेंगे तो यहां भी हिंदू मंदिरों के अवशेष जैसी चीजें दिखती हैं। गुम्बदों को देखकर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसी हिंदू मंदिर को तोड़कर यहां दरगाह का निर्माण करवाया गया। पानी और झरनेः जहां-जहां शिव मंदिर हैं, वहां पानी और झरने जरूर होते हैं। यहां (अजमेर दरगाह) भी ऐसा ही है।

याचिका में विष्णु गुप्ता ने कहा कि अजमेर का हर एक शख्स जानता है और उनके पूर्वज भी बताते रहे हैं कि दरगाह के नीचे शिवलिंग होता था। यहां हिंदू मंदिर था।

इस पर अजमेर दरगाह के प्रमुख उत्तराधिकारी और ख्वाजा साहब के वंशज नसरुद्दीन चिश्ती ने बयान दिया- कुछ लोग सस्ती मानसिकता के चलते ऐसी बातें कर रहे हैं। आए दिन हर मस्जिद-दरगाह में मंदिर होने का दावा किया जा रहा है। हरबिलास शारदा की किताब की बात छोड़ दें, यहां के 800 साल पुराने इतिहास को नहीं नकारा जा सकता है। अंदर जो चांदी (42,961 तोला) का कटहरा है वो जयपुर महाराज ने दरगाह पर चढ़ाया हुआ है। इतिहासकार डॉ. जाहरुल हसन शाहरिब की किताब 'ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती' के मुताबिक, मोइनुद्दीन चिश्ती का जन्म सन 1135 में ईरान के इस्फान शहर में हुआ था। 1149 में वो तालीम हासिल करने के लिए उज्बेकिस्तान के समरकंद और बुखारा चले गए। यहां उन्होंने 1155 तक शिक्षा हासिल की। इसके बाद वे चिश्ती ऑर्डर के संत उस्मान हारूनी के साथ हज करने मक्का-मदीना गए। वहां उन्हें पैगम्बर मोहम्मद साहब का ख्वाब आया। उन्होंने मोइनुद्दीन चिश्ती को दिल्ली जाने का आदेश दिया। यहां से वे सीधे दिल्ली की तरफ रवाना हो गए। 11वीं सदीं के अंत तक वे दिल्ली पहुंचे और फिर अजमेर चले गए। यहां उन्हें एक नया नाम मिला 'गरीब नवाज' यानी गरीबों का भला करने वाला। उनके पास सभी धर्मों के लोग आने लगे। इससे वे दूर-दूर तक मशहूर हो गए।

1236 में मोइनुद्दीन चिश्ती के निधन के बाद अजमेर में उनका मकबरा बनाया गया। शुरुआत में यह एक छोटा सा मकबरा था। समय के साथ अलग-अलग लोगों ने दरगाह का निर्माण कराया। मांडू के बादशाह महमूद खिलजी ने यहां एक मस्जिद बनवाई। इसके बाद मुगल सल्तनत में भी यहां निर्माण कार्य हुए। मोहम्मद बिन तुगलक और शेरशाह सूरी जैसे बादशाहों ने भी दरगाह को संरक्षण दिया। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का उर्स हर साल इस्लामिक माह रजब में मनाया जाता है। हजारों लोग उर्स में शामिल होने के लिए दूर-दूर से आते हैं। इस दौरान दिल्ली के महरौली में स्थित कुतुब उद्दीन बख्तियार कारी की दरगाह से एक जुलूस निकलता है। ये जुलूस 400 किलोमीटर पैदल चलकर अजमेर शरीफ दरगाह पर पहुंचता है। जुलूस में हिस्सा लेने वाले लोगों को 'कलंदर' कहा जाता है। अजमेर शरीफ की दरगाह का 3 मशहूर किताबों में भी जिक्र किया गया है...

अकबरनामा

इस किताब को 16वीं सदी में अबुल फजल ने लिखा था। इसमें बताया गया कि 1562 में अकबर फतेहपुर जा रहे थे। मंडाकर गांव के पास से गुजरते समय उन्होंने दरगाह के चमत्कारों के बारे में सुना और वे दरगाह जा पहुंचे। इसके बाद यह दरगाह आम जनता और शासकों के लिए आस्था का केंद्र बन गई।

सम अकाउंट ऑफ द जनरल एंड मेडिकल टोपोग्राफी ऑफ अजमेरः इस किताब को 1841 में आर एच इरविन ने लिखा था। इसके मुताबिक, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के समय दरगाह की जगह एक प्राचीन महादेव मंदिर था। चिश्ती हिंदू और मुस्लिम दोनों ही धर्मों को मानते थे। ख्वाजा मोइनुद्दीन ने 40 दिनों तक मंदिर में शिवलिंग पर जल भी चढ़ाया था।

द श्राइन एंड कल्ट ऑफ मुइन अल-दीन चिश्ती ऑफ अजमेर

इस किताब को 1989 में ब्रिटिश इतिहासकार पीएम करी ने लिखा था। इसमें भी दरगाह के नीचे शिव मंदिर होने का जिक्र है। किताब के मुताबिक, मोइनुद्दीन चिश्ती की कब्र के नीचे शिवलिंग स्थापित है।

दरगाह के पहले हिंदू मंदिर होने की बात पहले भी उठती रही है। 2021 में महाराणा प्रताप सेना संगठन ने दरगाह में स्वास्तिक चिह्न की जाली वाले फोटो शेयर किए। एएसआई की टीम ने दरगाह शरीफ में जांच की, लेकिन यहां टीम को कहीं भी स्वास्तिक के निशान वाली जाली नहीं मिली। नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा- यहां 1950 में भी सर्वे हुआ था, एएसआई से हमें पहले ही क्लीन चिट मिल चुकी है। इसके बाद ऐसी बातें करने से आपसी भाईचारा खत्म होता है। यहां तो देश के कई राजा अकीदत करने आते थे।

इतिहासकार और प्रोफेसर नदीम रिज्वी ने कहा कि दरगाह के नीचे मंदिर होने की बात गलत है। इस तरह दरगाह के नीचे मंदिर के होने की बात शुरू करने से देश की छवि पर गलत असर पड़ेगा। अजमेर शरीफ दरगाह पर सभी धर्मों के लोगों का आना होता है।

# संकट नौकरियों का नहीं बल्कि स्किल्स का है

भारत ने आजादी की सदी पूरी होने यानी 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य सामने रखा है। यह एक कठिन चुनौती है। बहुत कुछ वैश्विक परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। यदि विश्व-अर्थव्यवस्था लड़खड़ाती है या धीमी हो जाती है तो भारत अपने दम पर बहुत अधिक विकास नहीं कर पाएगा। फिर भी, पिछले तीन दशकों में भारत के विकास की गति को देखते हुए यह लक्ष्य उसकी पहुंच के बाहर नहीं है।

अगर बहुत आशावादी दृष्टिकोण से देखें तब भी मेरी गणना बताती है कि हमें लक्ष्य को प्राप्त करने में निर्धारित समय से संभवतः 10 से 15 वर्ष और लगेंगे। लेकिन यह एक सराहनीय उपलब्धि होगी- जिसे भारत के आकार का कोई भी देश इतनी तेजी से हासिल नहीं कर पाया होगा! 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को लगभग एक चौथाई सदी तक लगभग 10% की वार्षिक वृद्धि की आवश्यकता होगी। हम किसी चमत्कार से कम की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, जो विश्व-इतिहास में केवल एक बार हुआ है- चीनी अर्थव्यवस्था ने 1990 और 2000 के दशक में दोहरे अंकों की वार्षिक जीडीपी वृद्धि हासिल की थी।

इसके बाद 2010 के दशक में उसकी विकास दर 6% से 7% और 2020 के दशक में इससे भी कम रह गई। अगर भारत 2060 के दशक तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होता है- जैसा कि मेरा अनुमान है- तो उसके लिए 7% की सालाना जीडीपी वृद्धि की दरकार होगी, और यह लक्ष्य भी आसान नहीं है।

भारत की उम्मीदें उसके युवाओं द्वारा शिक्षा और कौशल में निवेश पर टिकी हैं। भारत में शीर्ष प्रतिभाओं की एक पतली-सी परत है, जो भारत और विदेशों में मुट्ठी भर आईआईटी और शीर्ष विश्वविद्यालयों से प्रशिक्षित हैं। यह पतली परत दुनिया के बाकी हिस्सों से प्रतिस्पर्धा करती है और वैश्विक स्तर पर इसकी काफी मांग है।

इसी में से कई लोग फॉर्च्यून 500 कंपनियों में शामिल हो गए हैं और कुछ तो उन्हें चला भी रहे हैं। यह 2000 से औसतन 7% प्रति वर्ष की दीर्घकालिक जीडीपी वृद्धि के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए पर्याप्त रही है। लेकिन इस श्रेणी से नीचे कौशल का स्तर गिर जाता है।

विकास की गति को जारी रखने के लिए हमें दूसरी, तीसरी और चौथी परत बनाने की भी जरूरत है। हमने अब तक शीर्ष श्रेणी से नीचे के श्रमिकों के कौशल-स्तर को बढ़ाने के लिए जो कुछ किया है, वह नाकाफी है। पिछले दो दशकों में, इंजीनियरों, डॉक्टरों, नर्सों, प्रबंधकों और अन्य क्षेत्रों के पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के लिए बड़ी संख्या में पेशेवर विश्वविद्यालय सामने आए हैं। भारत के विश्वविद्यालयों से हर साल एक करोड़ से अधिक युवा ग्रेजुएट होते हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर के पास ऐसी स्किल्स नहीं होतीं कि उन्हें नौकरी पर रखा जा सके।

राजनीतिक दल और विश्लेषक इस बात पर चिंताएं जताते हैं कि भारत में नौकरियों का संकट है। उनका तर्क यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था रिकॉर्ड उच्च दरों पर बढ़ने के बावजूद लाखों महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए नौकरियां पैदा करने में विफल रही है। जबकि यह नौकरियों के साथ-साथ कौशल का भी संकट है।

आज हमारे पास इंजीनियरिंग, प्रबंधन, नर्सिंग में डिग्री रखने वाले लाखों युवा हैं, लेकिन उनके पास पर्याप्त स्किल्स नहीं हैं, इसलिए उन्हें वह नौकरी नहीं मिलती, जो वे चाहते हैं। उद्योगपति कुशल श्रमिकों की कमी के बारे में शिकायत करते रहते हैं। भारतीय इंजीनियरिंग कॉलेज हर साल 15 लाख इंजीनियर तैयार करते हैं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा हैं।

इंजीनियरों के लिए अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह पर्याप्त होना चाहिए। लेकिन अफसोस कि नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस (नैसकॉम) की एक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से केवल 10% स्नातकों में ही इंजीनियर के रूप में काम पर रखे जाने योग्य स्किल्स हैं।

नैसकॉम का अनुमान है कि अगले दो से तीन वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था को एआई और अन्य उन्नत इंजीनियरिंग क्षेत्रों में दस लाख से अधिक इंजीनियरों की आवश्यकता होगी। जब तक इंजीनियरिंग कॉलेज अपने कार्यक्रमों में उद्योग-विशिष्ट कौशल प्रदान करने के लिए बदलाव नहीं करते- जिनकी भविष्य में आवश्यकता है- तब तक लाखों इंजीनियर बेरोजगार रहेंगे और दूसरी तरफ इंजीनियरिंग के लाखों पद भी खाली रहेंगे।

एक तरफ नर्सों की भारी कमी है, दूसरी ओर नर्सिंग स्कूलों से स्नातक होने वाले हजारों लोगों के पास नर्सिंग होम या अस्पतालों में देखभाल प्रदान करने के लिए बुनियादी कौशल नहीं हैं। आने वाले दशक में चुनौती यह होगी कि शिक्षा की गुणवत्ता कैसे सुधारी जाए।

हमारे इंजीनियरिंग कॉलेज हर साल 15 लाख इंजीनियर तैयार करते हैं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा हैं। लेकिन इनमें से केवल 10% में ही इंजीनियर के रूप में काम पर रखे जाने योग्य स्किल्स हैं। यही हाल दूसरे क्षेत्रों का भी है।

# केजरीवाल नेता तो बने लेकिन आरटीआई वेंटिलेटर पर कर गए

अरविंद केजरीवाल कभी आरटीआई एक्टिविस्ट थे, उसी से मशहूर हुए, 2006 में रमन मैग्सेसे पुरस्कार जीता, फिर आम आदमी पार्टी बनाई और दिल्ली के सीएम बने। अब दिल्ली के साथ पंजाब में भी उनकी पार्टी की सरकार है। आरटीआई एक्टिविस्ट आरोप लगा रहे हैं कि पंजाब सरकार इस कानून को खत्म कर रही है। इन्फॉर्मेशन डिपार्टमेंट का स्टाफ भी आधा कर दिया। दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी की सरकार है, लेकिन वहां सेंट्रल इन्फॉर्मेशन कमीशन काम करता है। इसलिए आरटीआई एक्ट का पालन कराना आप सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। पंजाब की आप सरकार से तीन शिकायतें हैं...। सरकार से आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी नहीं मिलती। जवाब मिलता भी है, तो वे टालने वाले होते हैं। जिस जानकारी से सरकार पर सवाल उठे, उन पर जवाब की बजाय फाइन दे दिया जाता है। इस मसले पर एक्टिविस्ट हरमिलाप ग्रेवाल और मानिक गोयल आरटीआई सिस्टम का पूरा खुलासा किया है। पंजाब के चर्चित आरटीआई एक्टिविस्ट हरमिलाप ग्रेवाल कहते हैं कि इन्फॉर्मेशन डिपार्टमेंट में सूचना छिपाने और सूचना के अधिकार का इस्तेमाल करने वाले लोगों को भटकाने के कई उदाहरण हैं। वे अपना एक अनुभव बताते हैं, '2022 में नई सरकार बनी थी। हर तरफ बड़े-बड़े होर्डिंग और अखबारों में फुल पेज विज्ञापन आ रहे थे। हमने सोचा कि इन विज्ञापनों का हिसाब पूछना चाहिए। मई में हमने डायरेक्टोरेट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड पब्लिक रिलेशन डिपार्टमेंट से सरकार के ऐडवर्टाइजमेंट के खर्च के बारे में पूछा। नियम के मुताबिक 30 दिन में जवाब आ जाना चाहिए था, लेकिन नहीं आया। मेरी टीम ने अपील डाली। कुछ हाथ नहीं लगा। फिर दूसरी अपील डाली। सुनवाई की डेट कई महीनों बाद आई। इन्फॉर्मेशन कमिश्नर ने डीआईपीआर पर फाइन लगा दिया। फाइन के 10 हजार रुपए का चेक कुछ दिन में मिल भी गया। विभाग ने फाइन का अमाउंट तो दे दिया, लेकिन जवाब आज तक नहीं दिया।'

पंजाब में आरटीआई की स्थिति पर एक्टिविस्ट मानिक गोयल एक लेटर दिखाते हुए कहते हैं, '7 नवंबर को एक आरटीआई एप्लिकेशन पोस्ट की। उसे मंजूर ही नहीं किया गया। रिफ्यूज्ड के कॉलम में टिक करके वापस भेज दिया। हमने सरकार के भीतर चल रही बड़ी गड़बडियों को आरटीआई के जरिए एक्सपोज किया, तो विभाग ने हमारे जवाब देने ही बंद कर दिए। मानिक गोयल और हरमिलाप ग्रेवाल के मुताबिक, आम आदमी पार्टी की सरकार नई-नई बनी थी, तब जवाब मिल रहे थे। जवाबों के बाद जो खुलासे हुए, उससे सरकार असहज हो गई और आरटीआई लगाने वालों पर सख्ती करने लगी। वे मामले बताते हैं, जब आरटीआई के जवाब से सरकार परेशानी में घिर गई। वे बताते हैं, '11 मार्च, 2022 को पंजाब में विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया था। 16 मार्च को भगवंत मान ने पंजाब के सीएम पद की शपथ ली। 12 मार्च को जीत का जश्न मना। ये सेलिब्रेशन अमृतसर में हुआ था। 12 मार्च को पूरे राज्य की सरकारी बसों को जश्न में हिस्सा लेने वाले पंजाब और पूरे देश से आए पार्टी कार्यकर्ताओं की सेवा में लगा दिया गया। मतलब उस दिन सरकारी बसें आम लोगों के लिए थीं ही नहीं। एक दिन में करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए।'



आरटीआई के तहत मिले जवाब बहुत हास्यास्पद थे। सबसे मजेदार जवाब सीएम हाउस से मिला। कहा गया कि सरकारी बसों से पोलिंग एजेंट को ले जाया जा रहा था। अब बताइए वोटिंग के बाद ही तो जीत हुई थी, तो फिर पोलिंग एजेंट कहां जा रहे थे। दूसरा मजेदार जवाब था कि बस से बरनाला के विधायक को मत्था टेकने ले जाया जा रहा था। पहली बात तो सरकारी बस से मत्था टेकने क्यों भेजा गया। उससे भी ज्यादा एक विधायक के साथ 30 बसें क्या कर रहीं थीं। ये जवाब सामने आए तो लोग सवाल करने लगे। विपक्ष ने भी सरकार को घेरा। खूब हंगामा हुआ। ये पहली बार था जब पंजाब की आम आदमी पार्टी को सूचना के अधिकार से दिक्कत हुई।

दिसंबर, 2022 में गुजरात में विधानसभा चुनाव हुए थे। इस इलेक्शन में पंजाब के मुख्यमंत्री का जेट इस्तेमाल किया गया। भगवंत मान के साथ अरविंद केजरीवाल गुजरात गए थे। उस वक्त मुख्यमंत्री भगवंत मान की एक फोटो वायरल हुई थी, जिसमें वे चरखा चलाते दिख रहे थे। ये गुजरात की ही थी। भगवंत मान तो सिर्फ मौजूद रहने के लिए गए थे। पंजाब सरकार का जेट दिल्ली के सीएम के नाम पर भेजते तो ज्यादा सवाल उठते। गुजरात चुनाव में आम आदमी पार्टी बहुत एक्टिव थी। पंजाब सरकार का पैसा पार्टी ने गुजरात चुनाव में खर्च किया। हमने पूछा कि पंजाब के जेट को गुजरात ले जाने में कितना खर्च हुआ? जवाब मिला, 45 लाख रुपए। हमने इसे एक्सपोज कर दिया। फिर हंगामा मचा। दूसरी बार आम आदमी पार्टी को झटका लगा। ऐसी और भी एप्लिकेशन के जवाब सामने आए। ये दोनों बहुत बड़े एक्सपोजर थे। इससे आम आदमी पार्टी ने सबक लिया और सूचना न देनी पड़े, इसके लिए रास्ते निकाले। 2022 जून में मोहल्ला क्लिनिक का डेटा मांगा, लेकिन जवाब नहीं मिला। इसमें 2 तरह का डेटा मांगा गया था, पहला दवाइयों का और टेस्ट कहां से करवाए जाते हैं। पंजाब में बहुत हथियार पकड़े जाते हैं। ये पंजाब में आम खबर होती है। डीजीपी इनकी फोटो भी डालते हैं कि पुलिस ने ये हथियार पकड़े हैं। एक रिपोर्ट आई थी कि इन हथियारों की नीलामी होती है। 25 अप्रैल, 2022 को आरटीआई डाली कि हथियारों की नीलामी कब-कब हुई। कितने हथियार रिकवर किए गए। जवाब मिला कि आप अलग-अलग जिलों से ये जानकारी लीजिए। यानी हम 23 जिलों में आरटीआई डालें और उनसे जवाब लें। मानिक पूछते हैं कि क्या ये जवाब गले उतरने वाला है। इतना सेंसिटिव डेटा है, इसका कोई सेंट्रल डेटा बेस नहीं होगा क्या। क्या ये पॉसिबल है। बस इसलिए आरटीआई को उलझाया गया, ताकि उन्हें जवाब न देना पड़े

अभी अगस्त में सरकार ने रेडक्रॉस की बठिंडा यूनिट को 11 करोड़ की जमीन कौड़ियों के भाव दे दी। सरकारी जमीन को ऐसे नहीं दिया जा सकता। आरटीआई का 3 महीने बाद भी जवाब नहीं मिला। एक महीने पहले हमने फर्स्ट अपील की है। उसका जवाब अब तक तो नहीं आया। हमने सरकारी कॉलोनियों को लेकर 23 मई, 2022 को आरटीआई डाली। 3 महीने इंतजार किया, लेकिन जवाब नहीं मिला। 2 अगस्त, 2022 को अपील डाली। आखिरकार कोर्ट ने 20 हजार का फाइन लगा दिया। संबंधित विभाग ने जवाब फिर भी नहीं दिया। राघव चड्ढा और दूसरे मंत्रियों के बंगलों का रेनोवेशन हुआ था। हमने 19 जुलाई 2022 को आरटीआई डाली कि इस काम में कितना पैसा लगा। दो साल हो गए, जवाब नहीं मिला है।

हरमिलाप ग्रेवाल कहते हैं कि मिलावट के मामलों पर हमने फूड एंड ड्रग डिपार्टमेंट से डेटा मांगा था। पूछा कि 2014 से 2024 तक विभाग कितने केस कोर्ट में लेकर गया। कितनों को सजा दिलवाई। खाने के सामान में मिलावट के मामलों पर रोज खबरें आती हैं। हमने आरटीआई डाली, तो जवाब मिला कि ये डेटा आपको जिलों से मिलेगा। अब सोचिए कि इस विभाग के हेड ऑफिस में पूरे राज्य का डेटा ही नहीं है।

दरअसल ये जवाब इसलिए दिया गया कि 23 जिलों में आरटीआई डालने की बात सुनकर एक्टिविस्ट का हौसला टूट जाएगा। हमने जिलों में भी आरटीआई डालनी शुरू की हैं। अब तक 8 जिलों से जवाब मिला है। इनमें जालंधर में 10 साल में सिर्फ 10 लोगों को सजा मिली। अमृतसर में 10 साल में 2 और मानसा जिले में सिर्फ एक को सजा मिली। कृषि विभाग में एक आरटीआई डाली थी, लेकिन जवाब नहीं आया। पोर्टल में पब्लिक इन्फॉर्मेशन ऑफिसर का नंबर लेकर फोन किया। 3 महीने हो गए, मुझे जवाब नहीं मिला। आपका जवाब देने का इरादा है, तो मैं फर्स्ट अपील नहीं डालूंगा। उसने पूछा आपने आरटीआई कहां डाली है। बताया बठिंडा में। उसने कहा, 'अरे, वहां से तो एक साल पहले मेरा ट्रांसफर हो गया है।'

हरमिलाप ग्रेवाल बताते हैं कि फरवरी, 2023 में सरकार ने आरटीआई डिपार्टमेंट से जुड़े इन्फॉर्मेशन कमिश्नर की संख्या 10 से कम करके 5 कर दी। उस वक्त तक बैकलॉग 10 हजार के करीब पहुंच चुका था। अभी पंजाब इन्फॉर्मेशन कमीशन में एक चीफ इन्फॉर्मेशन ऑफिसर और उसके नीचे 3 स्टेट ऑफिसर हैं। कटौती के बाद भी स्टेट ऑफिसर की संख्या 5 होनी चाहिए थी।

इन्फॉर्मेशन कमीशन की स्ट्रेंथ पर एक्टिविस्ट निखिल थम्मन ने पीआईएल डाली। इस पर हरियाणा-पंजाब हाईकोर्ट ने अपॉइंटमेंट के लिए सरकार को आदेश दिया। ये आदेश 18 जुलाई, 2024 को आया। मार्च 2022 में सरकार बनने के बाद से लेकर जुलाई 2024 तक कमीशन में एक भी अपॉइंटमेंट नहीं हुआ। पिटिशनर ने डेटा देते हुए कहा था कि आखिरी अपॉइंटमेंट जुलाई, 2021 में हुआ था। सितंबर, 2021 तक कमीशन ने फुल स्ट्रेंथ में काम किया।

10 स्टेट इन्फॉर्मेशन कमिश्नर और एक चीफ था। इस बीच एक-एक करके सारे स्टेट इन्फॉर्मेशन कमिश्नर रिटायर होते रहे। 9 जुलाई, 2024 को आखिरी स्टेट इन्फॉर्मेशन कमिश्नर असित जौली रिटायर हो गए। एक समय ऐसा भी आया जब कमीशन में सिर्फ चीफ कमिश्नर बचे। करीब 4 महीने तक ऐसा रहा। कोर्ट के आदेश के बाद अगस्त में 3 कमिश्नर नियुक्त किए गए, लेकिन अब भी दो कमिश्नर कम हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है। हमने यहां भी आरटीआई कमीशन की स्थिति देखी। पता चला कि यहां अलग से कमीशन नहीं है। सेंट्रल इन्फॉर्मेशन कमीशन ही काम करता है। पंजाब में सूचना के अधिकार कानून पर हमने आम आदमी पार्टी के नेशनल स्पोक्सपर्सन कुलदीप कुमार से बात की। उन्होंने जवाब दिया कि ये मामला पंजाब का है। आप वहीं बात करें। मुझे इस बारे में कुछ नहीं पता है।

# अमावस्याः सूर्य और चंद्र रहेंगे वृश्चिक राशि में

## अमावस्या पर सूर्य-चंद्र रहते हैं एक राशि में, इस दिन के स्वामी है पितर देवता, इस तिथि पर कौन-कौन से शुभ काम कर सकते हैं





अगहन यानी मार्गशीर्ष मास की अमावस्या है। इस बार तिथियों की घट-बढ़ की वजह से आज यानी 1 दिसंबर को भी अमावस्या रहेगी। हिन्दी पंचांग में एक महीने में दो पक्ष होते हैं। एक कृष्ण पक्ष और दूसरा शुक्ल पक्ष। एक पक्ष 15 दिनों का होता है। कृष्ण पक्ष में चंद्र घटता है और अमावस्या पर पूरी तरह से अदृश्य हो जाता है। शुक्ल पक्ष में चंद्र की कलाएं बढ़ती हैं यानी चंद्र बढ़ता है और पूर्णिमा पर चंद्र पूरा दिखाई देता है।

शास्त्रों में चंद्र की कुल सोलह कलाएं बताई गई हैं। इन कलाओं में सोलहवीं कला का नाम अमा है। अमावस्या तिथि पर नाम चंद्र की इसी कला के नाम पर पड़ा है। इस तिथि पर सूर्य-चंद्र एक साथ एक ही राशि में रहते हैं। 30 नवंबर और 1 दिसंबर को ये दोनों ग्रह वृश्चिक राशि में रहेंगे।

**अमावस्या तिथि के स्वामी है पितर देवता**

शास्त्रों में पितर देवताओं को अमावस्या का स्वामी बताया गया है, इसलिए इस तिथि पर पितरों के लिए धूप-ध्यान, पिंडदान, श्राद्ध-तर्पण आदि धर्म-कर्म करने की परंपरा है। घर-परिवार के मृत सदस्यों को पितर माना जाता है। अमावस्या पर परिवार के मृत सदस्यों को याद करते हुए उनके पर पर धूप-ध्यान और दान करते हैं।

मान्यता है कि ऐसा करने से मृत सदस्य की आत्मा को यमलोक में भोजन और सुख मिलता है। आत्मा तृप्त होकर अपने कुटुम्ब के लोगों को आशीर्वाद देती है। पितरों के आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। पितृ दोष दूर करने के लिए अमावस्या पर करना दान-पुण्य चाहिए। इस दिन किए गए दान-पुण्य से कुंडली के पितृ दोष का असर कम होता है।

अमावस्या पर कर सकते हैं ये शुभ काम

अमावस्या पर किसी पवित्र नदी में स्नान करने की परंपरा है। इस दिन किसी नदी में स्नान नहीं कर पा रहे हैं तो अपने घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। ऐसा करने से भी तीर्थ स्नान के समान पुण्य मिलता है।

**स्नान के बाद सूर्य देव को तांबे के लोटे से जल चढ़ाएं और ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करें। अमावस्या पर सूर्य के नाम पर गुड़ का दान करना चाहिए।**

इस दिन किसी शिव मंदिर जाएं और तांबे के लोटे में जल भरकर शिवलिंग का अभिषेक करें। ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें। जल चढ़ाने के बाद शिवलिंग पर चंदन का लेप करें। बिल्व पत्र, धतूरा, आंकड़े के फूल, गुलाब आदि चढ़ाएं। मिठाई का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें।

**हनुमान जी के सामने दीपक जलाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें**

इस दिन महालक्ष्मी का विष्णु जी के साथ अभिषेक करना चाहिए। अमावस्या तिथि पर देवी लक्ष्मी समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं, इसी वजह से हर अमावस्या पर लक्ष्मी पूजा करने की परंपरा है।

अमावस्या पर चंद्र देव की भी पूजा करनी चाहिए। शिव जी के मस्तक पर विराजित चंद्र और चंद्र देव की प्रतिमा की पूजा इस दिन की जा सकती है। शिव जी के साथ ही चंद्र देव का भी अभिषेक करना चाहिए।

# 15 दिसंबर से बंद हो जाएंगे मांगलिक कार्य, शुरू होने वाला है खरमास



वैदिक शास्त्र के अनुसार जब सूर्य गोचर करके धनु राशि में प्रवेश करते हैं तब खरमास शुरू होता है और इसे धनु संक्रांति भी कहा जाता है। जब तक सूर्य धनु राशि में रहते हैं उस दौरान शुभ कार्य करने से शुभ फल की प्राप्ति नहीं होती। इसलिए इस दौरान कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य नहीं किए जाते।

खरमास में भगवान विष्णु और भगवान सूर्य देव का पूजन किया जाता है। कहते हैं कि इससे घर में सुख-समृद्धि और खुशियां आती हैं। आइए जानते हैं दिसंबर में कब शुरू हो रहा है खरमास?

**खरमास 2024 कब होगा शुरू?**

जब सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करते हैं और तो इसे धनु संक्रांति कहा जाता है। इसी दिन खरमास लग जाता है। बता दें इस बार 15 दिसंबर 2024 से खरमास शुरू हो रहे हैं। जब तक सूर्य देव मीन राशि में रहते हैं तब तक कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य नहीं किया जाता। इस दौरान केवल पुजा-पाठ, अनुष्ठान, स्नान व दान करना फलदायी माना गया है।

**नहीं होंगे मांगलिक कार्य**

खरमास लगने के बाद हिंदू धर्म में शादी-विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, सगाई आदि जैसे शुभ व मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। अगर आप भी कोई मांगलिक कार्य करने की प्लानिंग कर रहे हैं तो 15 दिसंबर से पहले ही कर लें। या फिर खरमास खत्म होने का इंतजार करें। बता दें कि खरमास करीब एक महीने तक चलते हैं और 15 दिसंबर से शुरू होने के बाद 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन समाप्त होते हैं।

**खरमास में क्या नहीं करना चाहिए?**

हिंदू धर्म में खरमास के कुछ नियम होते हैं और इनका पालन जरूर करना चाहिए। इस दौरान 16 संस्कार यानि शुभ कार्य वर्जित हो जाते हैं। इन 16 संस्कारों में शादी, विवाह, सगाई, अन्नप्राशन, नामकरण और कई शुभ कार्य नहीं किए जाते। साथ ही खरमास में प्रॉपर्टी न खरीदनी चाहिए और न ही घर-मकान बनवाना चाहिए।

# 32 या 36, कितने गुण मिलना है शुभ?

## विवाह के लिए कम से कम 18 गुणों का मिलान जरूरी?




हिन्दू धर्म में शादी के दौरान दो लोगों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन होता है, इसलिए लड़का और लड़की दोनों के परिवार वाले विवाह से पहले युवक और युवती का गुण मिलान कराते हैं। इससे लड़का और लड़की के भविष्य में आने वाली परेशानियों के संकेत मिलते हैं। दरअसल, गुणों का मिलान नाम और जन्मतिथि यानी कि कुंडली के आधार पर होता है। इसके लिए कुछ निश्चित गुण शुभ माने जाते हैं। जब किसी लड़का या लड़की की शादी पक्की करनी होती है तो इससे पहले उनके गुण मिलान ही उनकी शादी की तारीख पक्की करते हैं। आइए जानते हैं भोपाल निवासी ज्योतिष आचार्य पंडित योगेश चौरे से कितने गुण मिलना शुभ माने जाते हैं और कम से कम कितने गुण मिलना जरूर होता है।

**कितने गुण मिलना होता है शुभ?**

विवाह से पहले लड़का और लड़की की कुंडली मिलाई जाती है और इसी से मांगलिक दोष, नाड़ी दोष और गुण दोषों का पता लगाया जाता है। पंडित जी के अनुसार कुंडली में कुल 36 गुण होते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि किसी के 36 के 36 गुण मिलें तो शुभ होगा। इसके लिए भी निश्चित अंक निर्धारित हैं, जिसके अनुसार लड़का-लड़की के 32-36 तक गुण का मिलना सर्वश्रेष्ठ माना गया है।

विवाह के लिए कम से कम कितने गुण जरूरी?

जब भी किसी लड़का या लड़की के विवाह से पहले उसका गुण मिलान किया जाता है तो इसके लिए जरूर नहीं 32-36 गुणांक आने पर ही विवाह शुभ हो। इसके लिए कम से कम अंक भी निर्धारित हैं। पंडित जी के अनुसार यदि लड़का-लड़की के 18 से कम गुण मिल रहे हैं, तो उन्हें भविष्य में दांपत्य जीवन की परेशानियों से जूझना पड़ सकता है। वहीं यदि किसी लड़के या लड़की की कुंडली के 1, 4, 7, 8, और 12 भाव में मंगल की दशा होती है या फिर महादशा होती है तो ऐसी स्थिति में उसी के अनुसार कुंडली मिलान किया जाना जरूर है। इसके बाद ही विवाह का मुहूर्त निकलवाया जा सकता है क्योंकि यही शुभ माना गया है।



# इस नक्षत्र में जन्मे लोग बनते हैं बड़े इंजीनियर

## बिजनेस में होता है नाम



वैदिक ज्योतिष के 27 नक्षत्र में से 14वां नक्षत्र चित्रा नक्षत्र है, जो 23 डिग्री 20 मिनट कन्या राशि और 6 डिग्री 40 मिनट तुला राशि तक फैला है। चित्रा नक्षत्र मंगल द्वारा शासित होता है। इस नक्षत्र के स्वामी ब्रह्मांड के शिल्पकार और वास्तुकार विश्वकर्मा हैं। कन्या और तुला राशि वाले इस नक्षत्र का प्रतीक मोती है, जो सुंदरता पवित्रता और शुभता को परिभाषित करता है।

**चित्रा नक्षत्र का व्यक्तित्वः** चित्रा नक्षत्र में जन्म लेने वाले जातक संतोषी, धनवान एवं देवता सदृश होते हैं। ये हमेशा अपने जन्म स्थान से दूर प्रसिद्धि प्राप्त करते हैं। मंगल ग्रह से प्रभावित होने के कारण यह काफी साहसी और उग्र स्वभाव के होते हैं। इस नक्षत्र में जन्मे लोग नौकरी के बजाय अपना खुद का व्यवसाय करना ज्यादा पसंद करते हैं और जो नौकरी करते हैं, वह अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा आगे रहते हैं। व्यावसायिक मामलों में इनका दिमाग काफी चलता है, इसलिए व्यवसाय में काफी तरक्की करते हैं।

इस नक्षत्र के पहले दो चरण कन्या राशि और अंतिम दो चरण तुला राशि के अंतर्गत आते हैं। धन, ऐश्वर्य और सफलता को दर्शाने वाला यह नक्षत्र अत्यधिक शुभ, व्यक्ति की प्रतिभा और आंतरिक प्रकाश का प्रतिनिधित्व करता है। इस नक्षत्र के चार चरणों के अलग-अलग फल होते हैं।आइए जानते हैं इसके प्रत्येक चरण के बारे में।

पहला चरण सिंह नवमांश में सूर्य द्वारा शासित होता है। इस चरण वाले व्यक्ति शारीरिक रूप से आकर्षक, अधिकार, आंतरिक शक्ति के साथ ही आत्म-नियंत्रण रखने वाले होते हैं। हालांकि यह कभी-कभी थोड़े कठोर हो जाते हैं।

दूसरा चरण कन्या नवमांश में बुध द्वारा शासित होता है। इस चरण में सूर्य, बुध, मंगल और राहु जैसे ग्रहों का प्रभाव बौद्धिक क्षमता, अनुशासन और पूर्णतावादी गुण प्रदान करता है।

तीसरा चरण तुला नवमांश में शुक्ल द्वारा शासित इस चरण पर बुध, शुक्र और शनि का प्रबल प्रभाव होता है। ऐसे लोग आत्मकेंद्रित होकर चालाकी और हेरा-फेरी करके सफलता प्राप्त करने वाले होते हैं। यह लोग आत्मविश्वासी और धैर्यवान होते हैं।

चौथा चरण वृश्चिक नवमांश में मंगल द्वारा शासित इस चरण पर केतु, शनि, शुक्र और राहु का प्रभाव होता है। जीवन को जोश और उत्साह के साथ व्यतीत करनेवाले ऐसे व्यक्ति अनैतिक माने जानेवाले कार्यों को करने की प्रवृत्ति रखते हैं। क्रोधी और आसानी से उत्तेजित हो जानेवाले इन लोगों का जीवन हमेशा आसान नहीं होता, बल्कि इन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

चित्रा नक्षत्र के लिए व्यवसाय : चित्रा नक्षत्र में जन्मे पुरुष के लिए सबसे अच्छा पेशा वास्तुकला, इंजीनियरिंग, पायलट और यात्रा से संबंधित कुछ भी हो सकता है। व्यवसाय में भी जातक साझेदारी में या अपने माता-पिता के साथ काम करके भी अच्छी कमाई कर सकता है।

चित्रा नक्षत्र में जन्मे जातक जटिल या विषम रोगों से कष्ट पाता है। रोग का कारण बहुधा समझ पाना कठिन होता है। फोड़े-फुंसी, सूजन या चोट से कष्ट होता है।

**उपाय : असगंध की जड़ भुजा में बांधने से लाभ होता है।**

**चित्रा नक्षत्र संबंधी उपायः**

**चित्रा नक्षत्र में जन्मे लोगों को इसी नक्षत्र में तांबे का बर्तन और घी का दान करने से भाग्य साथ देता है।**

**चित्रा नक्षत्र में जन्मे लोगों को बेल का वृक्ष लगाना चाहिए, इससे इनका नक्षत्र मज़बूत होता है।**

# खुले बालों में खाना बनाना क्यों है मना? क्या कहते हैं धार्मिक ग्रंथ



सनातन धर्म शास्त्रों में भोजन बनाने के समय कई नियम और मान्यताओं का पालन किया जाता है। क्योंकि, भोजन की शुद्धता और पौष्टिकता के साथ उसे बनाने के तरीका आप पर प्रभाव डालता है। यही नहीं शास्त्रों में भोजन बनाने की सही दिशा और समय तक का उल्लेख मिलता है। फिलहाल, इस आर्टिकल में हम जानेंगे कि खुले हुए बालों में भोजन बनाना कितना उचित है?

ज्योतिष शास्त्र में खुले बालों के साथ भोजन बनाने की मनाही है। हालांकि, आजकल परंपराओं को रीति रिवाजों को मानने वाले भी कम होते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि क्यों खुले बालों में भोजन बनाना वर्जित माना गया है और इसके क्या नुकसान हो सकते हैं?

**क्या कहते हैं शास्त्र?**

शास्त्रों में खुले बालों के साथ भोजन बनाने की मना ही है क्योंकि भोजन बनाने को पूजा के समान पवित्र कार्य ही माना गया है। ऐसा कहा जाता है कि जिस प्रकार पूरी श्रद्धा और लग्न के साथ पूरे मन से पूजा की जाना शुभ और फलदायी माना गया है। उसी प्रकार इन चीजों को भोजन बनाने के समय में भी जरूरी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जब आप खुले बालों में भोजन पकाते हैं तो इसे देवता स्वीकार नहीं करते साथ ही ऐसा भोजन ग्रहण करने से नकारात्मकता आती है।

**अशुद्धता भी है बड़ी वजह**

जब आप खुले हुए बालों में भोजन पकाते हैं तो यह संभव है कि उसमें बाल टूटकर गिर सकते हैं और यदि ऐसा होता है तो वह भोजन अशुद्ध माना जाता है क्योंकि, जब भोजन में बाल आता है तो आप स्वयं भी ऐसे भोजन को ग्रहण नहीं करते क्योंकि इससे आपको नुकसान हो सकता है। ऐसे में खुले बालों के साथ भोजन बनाने की मना होती है।

**क्या है आध्यात्मिक कारण?**

शास्त्रों में भोजन को देवताओं के प्रसाद के समान बताया गया है। वहीं हिन्दू धर्म में भोजन ग्रहण करने से पहले देवताओं को इसका भोग भी लगाया जाता है। इसलिए जरूरी है कि भोजन को बनाते समय पूरी शुद्धता और पवित्रता का ध्यान रखा जाना चाहिए। यह तो रहा आध्यात्मिक कारण।

**क्या है वैज्ञानिक कारण?**

वहीं बात करें वैज्ञानिक कारण की तो खुले बालों में भोजन बनाने को यहां भी सही नहीं माना गया है। आपने रेस्टोरेंट में भोजन बनाने वाले रसोइए को भी अपने बालों को कवर किए हुए देखा होगा। क्योंकि, खुले बालों से किसी भी तरह की गंदगी आपके भोजन में गिर सकती है जो आपका स्वास्थ्य खराब कर सकती है।

# हेमंत मार्गशीर्ष



विकेश कुमार बडोला

कार्तिक पूर्णिमा बीतने पर मार्गशीर्ष का आरंभ वातावरण को अप्रतिम स्वरूप में शोभित करता है। नवंबर का उत्तरार्द्ध हिमालय के पर्वतीय भूभाग पर अनुपम आलोक के साथ विद्यमान। सूर्योदय के पश्चात सूर्यप्रकाश का पीत प्रवाह-प्रसार समशीतोष्ण हेमंत ऋतु में गहन सम्मोहन उत्पन्न कर रहा। सूर्य का पीत प्रकाश एक स्वस्थ विशाल जीवन लगता है। ऐसी पीतमयता में तन-मन के विकार, रोग-व्याधियाँ तथा अवसाद अदृश्य हैं। चहुंओर पर्वतीय शोभना की शांति परिव्याप्त। पक्षीदल अनुपस्थित। पुष्प भी अभी पुष्पित-पल्लवित नहीं। खेत बोने के बाद गेहूं वर्ग के खाद्यान्न बीज उनमें रोप दिए गए हैं। जुते-बोए हुए खेत भूरे रंग के साथ औषधीय संक्रमण कर रहे। दिवस के पूर्वाह्न, मध्याह्न, दोपहर एवं अपराह्न की घड़ियां भू व वायुमंडल की सम्मोहित भूषण बनी हुईं। अनुभव होता कि जीवन में कोई भी दुःख, कष्ट, रोग, मनोरोग, अवसाद, चिंता तथा कठिनाई नहीं है। जीवन की गति किंचित हेमंत की पर्वतीय पारिस्थितिकी जैसी प्रतीत होती।

जीवन का अनुभव आजकल के सूर्योदय, सूर्यप्रकाश, समशीतोष्ण जलवायु, आकर्षक भू प्राकृतिक तत्त्वों तथा इनके गहन आकर्षण की भांति हो रहा है। जीवन जीने की व्यवस्था पूर्णतः अनुकूल प्राकृतिक व्यवस्था की भांति लगती। कृत्रिमता, आधुनिकता तथा इनके कारण पग-पग पर उत्पन्न कठिनाइयां अनस्तित्व हैं। आह! मेरे भगवान! क्या सुंदर, सुभाषित, सुरक्षित, सुरुचिकर तथा सुमंगित जीवन रचा है तुमने! इस हेतु विनम्र धन्यवाद तुम्हारा।

# जब राज कुंद्रा की एक्स वाइफ ने शिल्पा पर लगाए आरोप, बताया घर तोड़ने वाली महिला

**आज ही शिल्पा** शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा के घर और ऑफिस में ईडी का छापा पड़ा है। एक मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए पोर्नोग्राफी के सर्कुलेशन मामले में उन पर यह रेड की जा रही है। साल 2021 में भी उनके खिलाफ इसी मामले में केस हुआ था। ऐसे कई और विवाद राज कुंद्रा की जिंदगी से जुड़े हैं। लेकिन शिल्पा शेट्टी से शादी करने के बाद उनकी पूर्व पत्नी ने भी कई आरोप राज और शिल्पा पर लगाए थे। खासकर राज की पूर्व पत्नी ने शिल्पा को ज्यादा निशाना बनाया।

**कौन हैं राज की पूर्व पत्नी**

शिल्पा शेट्टी, राज कुंद्रा की दूसरी पत्नी हैं। उनसे पहले भी राज ने कविता नाम की एक महिला से साल 2003 में शादी की, उनकी एक बेटी भी है। राज और कविता ने एक लंबे रिलेशनशिप के बाद ही शादी की थी। मगर तीन साल के बाद इनका तलाक हो गया। फिर राज ने साल 2009 में शिल्पा शेट्टी से शादी की। दोनों के दो बच्चे हैं, एक बेटा और एक बेटी।

**शिल्पा को घर तोड़ने वाली कहा**

कुछ साल पहले ही राज कुंद्रा की पूर्व पत्नी ने एक बयान दिया, जिसमें उन्होंने शिल्पा शेट्टी पर उनका घर तोड़ने का आरोप लगाया। जिसमें उन्होंने कहा था कि जब शिल्पा और राज की मुलाकात एक परफ्यूम लॉन्च को लेकर हुई तो राज का व्यवहार उनके लिए बदल गया। राज ने कुछ महीनों बाद कविता पर तलाक देने का प्रेशर बनाया। आखिर में राज ने कविता से तलाक ले लिया।


राज कुंद्रा — राज की पूर्व पत्नी कविता



**शिल्पा ने कविता के आरोप का जवाब दिया**

जब राज की पूर्व पत्नी कविता ने शिल्पा पर घर तोड़ने का आरोन लगाया तो वह चुप नहीं बैठीं। शिल्पा ने एक इंटरव्यू में कहा कि यह एक बहुत ही खराब आरोप है। ऐसा कुछ नहीं है। शिल्पा ने इंटरव्यू में यह भी कहा था कि उन्होंने राज को कह दिया था कि जब तक उनका तलाक नहीं हो जाता, तब तक वह उनसे दोस्त से अधिक कोई रिश्ता नहीं रख सकती है। ऐसा माना जाता है कि शिल्पा, राज की जिंदगी में उनके तलाक होने के दौरान आई थीं।

**राज कुंद्रा ने भी दी सफाई**

राज कुंद्रा ने भी इस मामले में सफाई दी और अपनी पूर्व पत्नी कविता के आरोप को झूठा बताया। उन्होंने एक इंटरव्यू में कुछ साल पहले बताया था कि कविता को ऐसा करने के लिए पैसे मिले हैं। साथ ही राज ने यह भी बताया कि शादी में रहते हुए उनकी पहली पत्नी उनको धोखा दे रही थीं। यही उनके तलाक का कारण भी रहा। इसके अलावा राज यह भी बताते हैं कि शिल्पा शेट्टी उनकी जिंदगी में तलाक के बाद आईं। इस तरह से राज कुंद्रा ने शिल्पा पर लगे, घर तोड़ने के आरोप को सिरे से नकारा दिया।

# मैं वही करती हूँ जो दिल कहता है : श्रद्धा कपूर



**श्रद्धा कपूर** की पिछली रिलीज फिल्म 'स्त्री 2' थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के झंडे गाड़ दिए। पिछले कुछ सालों में उसने कुछ ही फिल्मों में काम किया है और उसके अगले प्रोजैक्ट के बारे में फिलहाल अभी तक कोई अपडेट नहीं आया है। इस बारे में बात करते हुए श्रद्धा ने खुलासा किया कि उसे 'बैक-टू-बैक' फिल्में साइन करने का कोई उतावलापन नहीं है। वह खुद पर भरोसा करती है और वही करती है जो उसका दिल कहता है।

श्रद्धा ने कहा, मैं वही करती हूं जो मैं करना चाहती हूं। मुझे लगातार फिल्में साइन करने की जल्दी नहीं है। अपने दिल की सुनना ही मुझे जमीन पर रहना सिखाता है।

जब लगातार रिप्लेस हुई श्रद्धा

श्रद्धा ने कहा, असफलता सही में एक बहुत पावरफुल टीचर है और सफलता की ओर एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। मैंने अपने करियर की शुरूआत में अनगिनत ऑडिशन दिए। मुझे कुछ फिल्मों के लिए फाइनल भी किया गया और फिर मुझे रिप्लेस कर दिया गया। उस समय, यह बहुत निराशाजनक था लेकिन उन अनुभवों ने मुझे वह बनाया जो मैं आज हूं। मैं अपने सफर के हर पहलू को संजो कर रखती हूं।

गौरतलब है कि पिछली बार अमर कौशिक की ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' में राजकुमार राव के साथ दिखने से पहले उसने रणबीर कपूर के साथ 2023 की सुपरहिट फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' में काम किया था। हालांकि उसने ऑफिशियली अपनी अगली फिल्म का ऐलान नहीं किया है, लेकिन चर्चा है कि वह फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन और जूनियर एन.टी.आर. के साथ एक गाना कर सकती है। वहीं बात करें उसकी पिछली फिल्म 'स्त्री 2' की, तो इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की थी। यह इस वर्ष की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिन्दी फिल्म बनकर उभरी। यह मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स की ऑफिशियल चौथी किस्त और 2018 में आई फिल्म 'स्त्री' की सीक्वेल है। फिल्म में श्रद्धा और राजकुमार के अलावा पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना व तमन्ना भाटिया भी थे। 'धूम 4' का भी हिस्सा नहीं श्रद्धा

पिछले काफी समय से ऐसी खबरें भी आ रही थीं कि श्रद्धा फिल्म 'धूम 4' में दिखाई दे सकती है लेकिन एक इंटरव्यू में उसने इन खबरों का खंडन कर दिया। उसने कहा, मैं ने तौर पर कोई फिल्म साइन नहीं की है और मुझे यह भी नहीं पता कि ये अफवाहें कहां से आती हैं।

**'स्त्री 3' में आ सकती है नजर**

वहीं, 'स्त्री 2' की अपार सफलता के बाद अब श्रद्धा 'स्त्री 3' में भी दिखाई देने वाली है। सूत्रों का कहना है कि डायरैक्टर अमर कौशिक को इसकी कहानी मिल गई है और वह जल्द ही इस पर काम भी शुरू कर सकते हैं। श्रद्धा का मानना है कि असफलता सफलता की ओर एक बड़ा कदम होती है। उसने याद किया कि कैसे फाइनल होने के बाद भी उसे फिल्मों से रिप्लेस कर दिया गया।

**ऋतिक की फिल्म में करेगी आइटम सॉन्ग**

पिछले काफी समय से अटकलें लग रही थीं कि श्रद्धा कपूर जल्द रिलीज होने जा रही साऊथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन स्टारर पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पा 2' में आइटम सॉन्ग करती दिखाई दे सकती है। हालांकि, बाद में खबर आई कि वह इससे बाहर हो गई है और अब उसका आइटम सॉन्ग 'पुष्पा 2' में नहीं दिखाई देगा। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि 'पुष्पा 2' हाथ से निकलने के बाद श्रद्धा को नई फिल्म 'वॉर 2' में आइटम नम्बर मिल गया है, जिसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एन.टी.आर. दिखाई देने वाले हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इसकी ऑफिशियल घोषणा नहीं की है।'वॉर 2' को अयान मुखर्जी डायरैक्ट कर रहे हैं, जो

# बढ़ रही है 'महिलाओं' की भागीदारी : माधुरी दीक्षित



माधुरी दीक्षित ने बॉलीवुड में अतुलनीय योगदान दिया है। दिग्गज अभिनेत्री का मानना है कि 1980 और 90 के दशक के बाद से बॉलीवुड में बहुत कुछ बेहतर हुआ है और अब हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उसने कहा, महिलाओं ने एक लंबा सफर तय किया है। ये छोटे-छोटे कदम हैं। जब मैं 1980 और 90 के दशक में काम करती थी, तो सैट पर केवल मैं, मेरी सह-कलाकार ही महिलाएं होती थीं या हेयरड्रेसर होती थीं।₹ ₹आज, जब मैं किसी सैट पर जाती हूंतो डी. ओ. पी. से लेकर ए, डी., लेखक और एक्शन मास्टर तक हर जगह महिलाएं हैं। मैं सोच भी नहीं सकती थी कि वे इस क्षेत्र में होंगी, जो आश्चर्यजनक है। अब तो हम महिलाओं को एक्शन भूमिकाओं में भी देख रहे हैं।

# शादी के बाद हीरोइनों का करियर 'खत्म' नहीं होता : कियारा आडवाणी



कियारा आडवाणी अपनी लुक्स के साथ ही शानदार एक्टिंग के लिए भी जानी जाती है। फिल्मों व अपने फैशन को लेकर सुर्खियों में रहने वाली कियारा ने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। लोग जो भी कहें कियारा का मानना है कि सफलता के लिए उसने खूब मेहनत की है और अपने हिस्से का संघर्ष भी उसने झेला है। कियारा के अनुसार उसके लिए बॉलीवुड में अपनी जगह बनाना आसान नहीं था और उसने यह मुकाम पाने के लिए बहुत स्ट्रगल किया है।

कियारा कहती है, मेरे स्ट्रगल के साल मेरी सक्सैस के बाद मुझे ग्राऊंडेड रहने में मदद करते हैं। मुझे फिल्म इंडस्ट्री में 10 साल हो गए हैं। शुरूआत के साल मेरे स्ट्रगल के रहे हैं जिसकी वजह से मेरे पैर जमीन पर ही रहते हैं। मैं स्वभाव से ही आभारी महसूस करने वाली हूं।

शादी के बाद करियर पर क्या हुआ असर

जब हमने अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल किया तो कई लोगों ने उस समय कहा कि अरे यह क्यों इस टाइम शादी कर रही है। यह तो अपने करियर को ऊंचाई पर हैलेकिन दर्शकों में बहुत बदलाव आ गया है। लोगों ने बहुत ही खुले दिल से मुझे स्वीकार किया। शादी के बाद मैंने अपनी दो सबसे बड़ी हिट फिल्में साइन कीं। आज के समय में सारी टॉप हीरोइनें शादीशुदा हैं। मुझे नहीं लगता है कि शादी का प्रभाव करियर पर अब पड़ता है।

खुद अपना सोशल मीडिया हैंडल करती है

कियारा बताती है कि एक काम ऐसा है जो वह खुद ही करना पसंद करती है। उसका सोशल मीडिया हैंडल करने के लिए कोई टीम नहीं है। वह अपना इंस्टाग्राम खुद मैनेज करती है। वह ज्यादा एड (विज्ञापन) पोस्ट करती है तो लोगों ने उसका नाम 'एड-वाणी' रख दिया है।

उसने कहा, लेकिन लगता है कि मेरे लिए अब अपने इंस्टा पर थोड़ा काम करना जरूरी है। मैं इस पर थोड़ा कम एक्टिव रहने की कोशिश करती हूं ताकि मुझे उसकी लत न लग जाए क्योंकि जब भी आप इसको चलाते हो तो आपको पता ही नहीं चलता है कि आप कितनी देर उसमें बिता देते हैं। इसकी जगह आप कुछ पढ़ सकते हैं या कुछ और काम कर सकते हैं।

कियारा ने आगे कहा, सुबह उठते ही कभी सोशल मीडिया नहीं देखना चाहिए। मैं भी सुबह उठते ही सोशल मीडिया से अपना दिन शुरू नहीं करती हूं। मैं सुबह उठकर पहले ब्रेकफास्ट और फिर वर्कआऊट करती हूं। मैं कोशिश करती हूं कि सोशल मीडिया चलाने की जगह किताब पढ़ू या कुछ और करूं।

'डॉन 3' के लिए एक्साइटेड है कियारा

शांत-रोमांटिक फिल्में करने के बाद कियारा अब एक्शन करती नजर आने वाली है। उसने अपनी अगली फिल्मों में से एक 'डॉन 3' के बारे में कहा, मैं इस बार कुछ अलग करना चाहती थी। मैंने कभी एक्शन नहीं किया था तो इसके लिए हां कहा। एक्शन के लिए मुझे तैयारियां भी करनी हैं। मैं 'डॉन 3' के लिए बहुत एक्साइटेड हूं क्योंकि मैंने कभी कोई

# यह 'दिल' को छू लेगा : उर्वशी रौतेला



उर्वशी रौतेला का नया म्यूजिक वीडियो 'रब्बा करे' हाल ही में रिलीज हुआ है जिसे गायक शैल ओसवाल ने गाया है। उर्वशी का कहना है कि यह प्यार में गहराई से डूब जाने की मोहक भावना को दर्शाने वाली एक नाजुक स्तुति है। उर्वशी की उपस्थिति के साथ, यह गीत प्रेम के सार को उसके शुद्धतम रूप में दर्शाता है- एक ऐसा प्रेम जो रोमांचकारी और शांत दोनों लगता है। दुबई के जगमगाते तथा सुंदर इलाकों में फिल्माए गए इस गीत का हर फ्रेम एक शानदार दृश्य प्रस्तुत करता है, जो एक शानदार परीकथा को दर्शाता है, जहां प्रेम सर्वोच्च है। भव्य पृष्ठभूमि के सामने उर्वशी और गायक शैल की कैमिस्ट्री शानदार है और एक ऐसा अनुभव प्रदान करती है जो दिल में बस जाती है।

उर्वशी इस गाने के बारे में कहती है, यह गाना शुद्ध जादू है - प्यार और गर्मजोशी से भरा हुआ तथा दुबई के खूबसूरत परिदृश्यों में शूटिंग करना एक सच्ची परीकथा जैसा लगता है। शैल के साथ काम करना अद्भुत था; संगीत और कहानी कहने के लिए उनका जुनून हर पल में झलकता है। इस गाने के माध्यम से रोमांस और भव्यता के अनुभव को लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। यह ऐसा गाना है जो सबके दिल को छू लेगा।

गीत के बारे में शैल ओसवाल कहता है, गीत 'रब्बा करे' के साथ मैं प्यार में पड़ने के जादू को कैद करना चाहता था - उत्साह, आश्चर्य और एहसास कि आपके आस-पास की हर चीज अचानक और भी खूबसूरत हो जाती है।

यह गीत उस मनमोहक माहौल का जश्न मनाता है, और दुबई की शानदार पृष्ठभूमि में उर्वशी के साथ काम करने से यह सब जीवंत हो गया। मुझे उम्मीद है कि श्रोता हर नोट में प्यार, जुनून और खुशी महसूस करेंगे और यह प्यार भरे पलों के लिए साउंडट्रैक बन जाएगा।



## 'दिसंबर तक ग्राहकों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ें'

### वित्त मंत्री ने आरआरबी से की अपील

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी ) से ग्रामीण ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई जैसी डिजिटल सेवाओं से जोड़ने की अपील की है। मंत्री ने बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के आठ आरआरबी के साथ शुक्रवार को पटना में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान डिजिटल समावेशन के महत्व पर जोर दिया। बैठक में सीतारमण ने आरआरबी को डिजिटल सेवाओं के लिए ग्राहकों को शामिल करने को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने इसके लिए दिसंबर 2024 तक इस कार्य को पूरा करने की समय सीमा तय की। उन्होंने आरआरबी को अपने प्रायोजक बैंकों के समर्थन से अपने ग्राहकों के बीच डिजिटल सेवाएं अपनाने को बढ़ावा देने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने




कहा , आरआरबी को इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई जैसी डिजिटल सेवाओं से ग्राहकों को जोड़ने को प्राथमिकता देनी चाहिए उन्होंने व्यवसाय विकास को बढ़ावा देने के लिए ऋण प्रवाह बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से कृषि और सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों से जुड़ी गतिविधियों के लिए।सीतारमण ने महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ऋण प्रवाह बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से नाबार्ड और सिडबी के साथ मिलकर एसएचजी को उद्यम के रूप में विकसित करने में मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) कार्यक्रम की क्षमता की ओर इशारा किया और वित्तीय संस्थानों को एसएचजी को प्रशिक्षण और विपणन सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। केंद्रीय मंत्री ने आरआरबी में दक्षता और सेवा वितरण में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आरआरबी की वित्तीय सेहत में सुधार को स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि समेकित सीआरएआर वित्त वर्ष 2022 के 7.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 9.4 प्रतिशत हो गया और सकल एनपीए वित्त वर्ष 2022 में 25 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2024 में 15 प्रतिशत हो गया। मंत्री ने कहा, पूर्वी क्षेत्र के आरआरबी ने वित्त वर्ष 2023 में 690 करोड़ रुपये के शुद्ध घाटे के मुकाबले वित्त वर्ष 2024 के दौरान 625 करोड़ रुपये का समेकित लाभ अर्जित किया है। सीतारमण ने भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए आरआरबी में परिसंपत्ति की गुणवत्ता बनाए रखने, डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने और मजबूत कॉरपोरेट प्रशासन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए समापन किया।

## अनिल अंबानी की मुश्किल बढ़ी सेबी ने उनकी कंपनी पर लगाया नौ लाख रुपये का जुर्माना



नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने उनकी कंपनी रिलायंस सिक्योरिटीज पर नौ लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कंपनी पर बाजार मानदंडों के साथ-साथ शेयर ब्रोकरों के नियमों का उल्लंघन करने के लिए यह कार्रवाई की गई है। यह आदेश नियामक और शेयर बाजारों, एनएसई और बीएसई द्वारा सेबी-पंजीकृत शेयर ब्रोकर रिलायंस सिक्योरिटीज लिमिटेड (आरएसएल) के अधिकृत व्यक्तियों के खातों, रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों की विषयगत ऑनसाइट जांच के बाद आया है।यह निरीक्षण यह पता लगाने के लिए किया गया था कि क्या शेयर ब्रोकर नियमों, एनएसईआईएल पूंजी बाजार विनियमों और एनएसई वायदा एवं विकल्प कारोबार मानदंडों के प्रावधानों के संबंध में आरएसएल द्वारा अपेक्षित तरीके से इनका रखरखाव किया जा रहा है। यह निरीक्षण अप्रैल, 2022 से दिसंबर, 2023 की अवधि के लिए किया गया था।निरीक्षण के निष्कर्षों के अनुसार सेबी ने 23 अगस्त, 2024 को आरएसएल को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया। सेबी ने 47 पन्नों के आदेश में आरएसएल और उसके अधिकृत व्यक्तियों द्वारा किए गए कई उल्लंघन पाए। इनमें ग्राहक ऑर्डर नियोजन को रिकॉर्ड करने के लिए पर्याप्त तंत्र का रखरखाव न करना, टर्मिनल स्थानों में विसंगतियां और अन्य ब्रोकरों के साथ साझा किए गए कार्यालयों में अलगाव की कमी शामिल है। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि आरएसएल अपने अधिकृत व्यक्तियों- जितेंद्र कंबाद और नैतिक शाह से जुड़े ऑफलाइन ग्राहकों के लिए आवश्यक ऑर्डर नियोजन रिकॉर्ड बनाए रखने में विफल रही। सेबी ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अनधिकृत कारोबारों को रोकने के लिए ब्रोकरों को ग्राहक ऑर्डर के सत्यापन योग्य साक्ष्य बनाए रखने का आदेश दिया है।

## दूसरी तिमाही में मंदी से वित्तीय वर्ष में भारत की जीडीपी 6.5% से फिसलने की आशंका, एसबीआई का दावा

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.5 प्रतिशत से नीचे आने की उम्मीद है, क्योंकि दूसरी तिमाही (क्यू 2 एफवाई 25) में जीडीपी वृद्धि 5.4 प्रतिशत तक धीमी हो गई है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पहली छमाही (एच 1 एफवाई25) में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.0 प्रतिशत रही, जबकि दूसरी छमाही (एच 2) में 6.5-6.8 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार विनिर्माण-आधारित मंदी ने समग्र आर्थिक प्रदर्शन को काफी प्रभावित किया। उद्योग क्षेत्र की वृद्धि क्यू2 में छह-तिमाही के निचले स्तर 3.6 प्रतिशत पर आ गई, जिसने जीडीपी के आंकड़ों को कम करने में योगदान दिया। रिपोर्ट में कहा गया, वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 6.0 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि के साथ, पूरे वित्त वर्ष के लिए समग्र वृद्धि 6.5% से कम हो सकती है (यह मानते हुए कि दूसरी छमाही में 6.5-6.8% की वृद्धि होगी)। गैर-आवेगपूर्ण ऋण वृद्धि के साथ तुलना करने पर विनिर्माण क्षेत्र की यह मंदी एक अस्पष्ट रीडिंग देती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उद्योग क्षेत्र में वृद्धि पिछले वर्ष की इसी अवधि की 1.4 लाख करोड़ रुपये की तुलना




में दूसरी तिमाही में केवल 42,515 करोड़ रुपये थी, जो लगभग 1 लाख करोड़ रुपये की गिरावट को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार सात तिमाहियों के बाद, मुख्य रूप से उद्योग क्षेत्र में 3.6 प्रतिशत की वृद्धि के कारण दूसरी तिमाही में में जीडीपी वृद्धि 6.0 प्रतिशत से नीचे गिर गईर। अन्य क्षेत्रों में कुछ लचीलेपन के बावजूद, सुस्त औद्योगिक प्रदर्शन ने अर्थव्यवस्था पर भारी असर डाला। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में सेवा क्षेत्र में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के 6.0 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है, लेकिन वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में यह लगभग सपाट है। कृषि क्षेत्र, जो महामारी के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, दूसरी तिमाही में 3.5 प्रतिशत की दर से बढ़ा (वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 1.7 प्रतिशत की तुलना में)। हालांकि, कुल विकास में इसका योगदान मामूली रहा, जिसमें केवल 40 आधार अंकों का भारित योगदान था।

## अडानी ग्रुप पर रिश्वत को लेकर लगे आरोप के बीच कंपनी ने दिया बयान, आखिर अमेरिका से ही क्यों जुटा रही है पैसा?

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। अडानी समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) जुगेशिंदर सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ठेके हासिल करने के लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने की बात सरासर गलत है. इसके साथ ही सिंह ने कहा कि अगर किसी बड़ी राशि का भुगतान किया जाता, तो उन्हें निश्चित रूप से उसकी जानकारी होती. उन्होंने वित्तीय सेवा मंच ट्रस्ट ग्रुप के एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि हम शत-प्रतिशत इस बात से अवगत हैं कि इस तरह का कोई भी मामला नहीं है. क्योंकि अगर आप किसी को इतनी नकद राशि का भुगतान कर रहे हैं, तो मुझे निश्चित रूप से पता होगा. सिंह ने कहा कि समूह के चेयरमैन गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी सहित अन्य के खिलाफ अमेरिका में लगाए गए



आरोप अभियोजन अधिकार के अनूठे उपयोग का मामला है. उन्होंने यह भी कहा कि यह समूह पर हमला नहीं है. **कंपनी के इस**

**अधिकारी ने कही ये बात**

उन्होंने कहा कि आरोपों में जिन व्यक्तियों के नाम है, वे मामले में उचित मंच पर जवाब देंगे. सिंह ने कहा कि अमेरिका में लगाए गए इन आरोपों के बाद किसी भी बैंक ने समीक्षा के लिए समूह से संपर्क नहीं किया है. हर कोई समूह को बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए जो कुछ भी चाहिए, वह देने को तैयार है.उन्होंने कहा कि बुनियादी रूप से, हमारे बैंक साझेदार समझते हैं कि हमें उनके पैसे की जरूरत नहीं है. हमें इसकी जरूरत नहीं है लिहाजा यह हमारे लिए उपलब्ध है. वर्तमान में समूह के पास 30 महीने के कर्ज दायित्वों को चुकाने की पर्याप्त क्षमता है. उन्होंने कहा कि अगले 12 महीनों में लगभग तीन अरब डॉलर का कर्ज चुकाया जाना है. उन्होंने भरोसा जताया कि ज्यादातर बैंक इस कर्ज भुगतान के लिए वित्तपोषण कर देंगे.

**क्यों अमेरिका से कर्ज जुटा रही कंपनी?**

सिंह ने कहा कि अडानी समूह की इच्छा घरेलू बाजारों से भारतीय रुपये में यथासंभव कर्ज जुटाने की है, लेकिन लंबी अवधि की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए दीर्घकालिक वित्त की कमी होने से उसे अमेरिका जाना पड़ रहा है. हालांकि, उन्होंने कहा कि समूह खुदरा निर्गमों जैसे साधनों के जरिये ऐसी परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए घरेलू बाजारों की क्षमता बढ़ाने की कोशिश कर रहा है. उन्होंने कहा कि अडानी समूह अमेरिकी कानूनों का सम्मान करता है और मामले में सहयोग कर रहा है.

समूह के सीएफओ ने कहा कि जब आरोप सार्वजनिक हुए तो वह लंदन में गौतम अडानी के साथ थे और उन्हें इस पर आश्चर्य हुआ था. यह पूछे जाने पर कि क्या आंध्र प्रदेश ने वास्तव में समूह के साथ हुए बिजली खरीद समझौते को रद्द कर दिया है, सीएफओ ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है. हालांकि उन्होंने कहा कि वे ऐसी घटना से खुश होंगे क्योंकि इससे वे अधिक कीमत पर बिजली बेच सकेंगे.

## मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने फिर मारी बाजी

### दूर-दूर तक कोई नहीं है टक्कर में



नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। विजीकी न्यूज स्कोर रैंकिंग 2024 में राजस्व, लाभ, बाजार मूल्य और सामाजिक प्रभाव के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज मीडिया में भारत की सबसे अधिक विजिबिलिटी वाली कंपनी है। विजीकी मीडिया ने बताया कि मीडिया में रिलायंस की विजिबिलिटी भारत की अग्रणी एफएमसीजी या बैंकिंग और वित्त कंपनियों की तुलना में काफी अधिक है। साल 2024 के लिए न्यूज स्कोर पर मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस ने 100 में से 97.43 अंक हासिल किए। साल 2023 में यह 96.46, 2022 में 92.56 और 2021 में 84.9 था। कंपनी लगातार टॉप पर बनी हुई है और इसकी विजिबिलिटी लगातार बढ़ रही है।

विजीकी का न्यूज स्कोर खबरों की संख्या, शीर्षक उपस्थिति, प्रकाशनों की पहुंच और पाठकों की संख्या के आधार पर निर्धारित किया जाता है। रिलायंस विजीकी की स्थापना के बाद पिछले पांच वर्षों से विजीका न्यूज स्कोर वार्षिक रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई है। विजीकी रैंकिंग में रिलायंस की रैंकिंग 97.43 के न्यूज स्कोर के साथ बाकी कंपनियों से ऊपर रही। इसके बाद भारतीय स्टेट बैंक (89.13), एचडीएफसी बैंक (86.24), पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस (84.63), आईसीआईसीआई बैंक (84.33) और जोमैटो (82.94) का स्थान रहा।

**कैसे होता तय**

विजीकी न्यूज स्कोर एक गणना है, जो विभिन्न कारकों पर विचार करके भारत में किसी ब्रांड की मीडिया उपस्थिति को मापता है। इसमें समाचार की संख्या (ब्रांड के बारे में समाचार की संख्या), शीर्षक उपस्थिति (ब्रांड का नाम कितनी बार सुर्खियों में दिखाई दिया), प्रकाशन पहुंच (ब्रांड को कवर करने वाले प्रकाशनों की पहुंच) और पाठक संख्या (ब्रांड को कवर करने वाले प्रकाशनों की पाठक संख्या) शामिल हैं। स्कोर शून्य से 100 तक होता है और यह चार लाख से अधिक प्रकाशनों की निगरानी पर आधारित है।

## ईपीएफओ ने जारी की नई गाइडलाइन

### ये कर्मचारी बिना आधार के निकाल पाएंगे पीएफ से पैसा

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। पीएफ क्लेम के लिए वैसे तो आधार कार्ड की जरूरत होती है, लेकिन हाल ही में ईपीएफओ ने आधार से जुड़े नए नियम बनाए है, जिसके तहत कुछ लोगों को बिना आधार लिंक के ही उनका फिजिकल क्लेम अप्रूव हो जाएगा यानी पीएफ का पैसा मिल जाएगा।

आइए जानते हैं ईपीएफओ की नई गाइडलाइन के हिसाब से किन-किन लोगों को छूट मिलेगी।

1। ऐसे कर्मचारी जिन्होंने पीएफ से जुड़ा सारा असाइनमेंट पूरा कर लिया है और वह विदेश चले गए है। उनको छूट मिलेगी।

2। इसके अलावा उन लोगों को भी छूट मिलेगी, जो भारत छोड़कर विदेश चले गए हैं और वहां की नागरिकता भी ले चुके हैं। वे लोग भी आधार के बिना क्लेम सेटल करा सकते हैं।

**नेपाल और भूटान के लोगों को भी मिलेगी छूट**

ईपीएफओ ने कहा है कि नेपाल और भूटान के ऐसे लोग, जो भारत की किसी ऐसी कंपनी में काम कर रहे हों, जहां पर ईपीएफ की सुविधा हो, तो उन लोगों को भी फिजिकल क्लेम बिना आधार कार्ड के मिल जाएगा। हालांकि इन लोगों के फाइनल रिडम्पशन के लिए नागरिकता प्रमाण पत्र की जरूरत होगी। बिना उसके पूरा पैसा नहीं मिलेगा।

**यूएन जनरेट कराना होगा- ईपीएफओ**

ईपीएफओ की ओर से नेपाल और भूटान के कर्मचारियों के लिए बकायका गाइडलाइन जारी की गई है, जिसमें पैसे किस प्रकार से मिलेंगे। इसके बारे में बताया गया है, जिसमें कहा गया है कि उनकी पात्रता की जांच करने के लिए पैन और बैंक खाते आदि देखे जाएं। ईपीएफओ ने अपने परिपत्र में यह भी रेखांकित किया है कि इन मामलों में समुचित सावधानी बरती जाए, सत्यापन का ब्यौरा विधिवत दर्ज किया जाए।

## सोने-चांदी में रही गिरावट

### सोना 1047 रुपए गिरकर 77,787 रुपए पर आया, चांदी 89,383 रुपए प्रति किलो बिक रही

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 22 नवंबर को सोना 77,787 रुपए पर था, जो अब (30 नवंबर) को 76,740 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,047 रुपए कम हुई है।वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को ये 90,850 रुपए पर थी, जो अब 89,383 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 1,467 रुपए कम हुई है। वहीं 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत



78,150 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,000 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 71,500 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 78,000 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,000 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,050 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 78,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 71,600 रुपये है।

## कोर और सर्विस सेक्टर से आई गुड न्यूज, इकोनॉमी को फायदा

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। भले दूसरी तिमाही में देश की जीडीपी दो साल के निचले स्तर पर पहुंच गई हो, लेकिन कोर और सर्विस सेक्टर से देश की इकोनॉमी को अच्छी खबर मिली है. जहां कोर सेक्टर सितंबर के मुकाबले में बेहतर स्थिति में देखने को मिला है. वहीं दूसरी ओर सर्विस एक्सपोर्ट में लगातार दूसरे महीने में तेजी देखने को मिली है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर दोनों सेक्टर्स में किस तरह के आंकड़े देखने को मिले हैं.

**कोर सेक्टर में तेजी**

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 फीसदी रहा. पिछले साल के इसी महीने में यह 12.7 प्रतिशत था. जबकि अक्टूबर 2024 की वृद्धि दर हालांकि इससे पिछले महीने सिंतबर 2024 में दर्ज 2.4 फीसदी के मुकाबले अधिक है. अक्टूबर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में कमी आई है. कोयला, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में वृद्धि क्रमशः 7.8 प्रतिशत, 0.4 प्रतिशत, 4.2 प्रतिशत और 0.6 प्रतिशत रही. पिछले साल अक्टूबर में यह



आंकड़ा क्रमशः 18.4 प्रतिशत, 5.3 प्रतिशत, 16.9 प्रतिशत और 20.4 प्रतिशत था.समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गया. चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों – कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली – की वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत रही. पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.8 प्रतिशत थी. ये आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं.

**सर्विस एक्सपोर्ट में इजाफा**

वहीं दूसरी ओर देश के सर्विस में लगातार दूसरे महीने इजाफा देखने को मिला है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में यह 22.3 प्रतिशत बढ़कर 34.3 अरब डॉलर हो गया. दूसरी ओर, अक्टूबर में आयात 27.9 प्रतिशत बढ़कर 17.21 अरब डॉलर हो गया है. जुलाई के मुकाबले अगस्त में गिरावट के बाद सितंबर में सेवा निर्यात बढ़कर 32.57 अरब डॉलर हो गया था. आयात में भी लगातार दूसरे महीने वृद्धि हुई.

**जीडीपी में आई कमी**

मैन्युफैक्चरिंग और माइनिंग सेक्टर्स के खराब प्रदर्शन के अलावा कमजोर खपत की वजह से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई. हालांकि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है. एक साल पहले की समान अवधि में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी. वहीं अप्रैल-जून, 2024 की तिमाही में यह 6.7 प्रतिशत थी. जीडीपी एक निश्चित अवधि में देश की सीमा में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




**ग्रह स्थिति**

| | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | मे |
| चंद्र- | वृश्चिक | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | धनु | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

**लग्नारंभ समय**

| | | |
|---|---|---|
| वृश्चिक- | 05-26 | बजे |
| धनु---- | 07-40 | बजे |
| मकर... | 09-45 | बजे |
| कुंभ-- | 11-37 | बजे |
| मीन-- | 13-15 | बजे |
| मेष--- | 14-50 | बजे |
| वृष--- | 16-36 | बजे |
| मिथुन- | 18-36 | बजे |
| कर्क--- | 20-49 | बजे |
| सिंह--- | 23-00 | बजे |
| कन्या-- | 01-07 | बजे |
| तुला--- | 03-13 | बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-32
सूर्यास्त. -17-36
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- अमावस्या 11-51 तक उपरान्त प्रतिपदा
मास - मार्गशीर्ष कृष्ण , रविवार 01 December
नक्षत्र - अनुराधा 14-23 तक उपरान्त ज्येष्ठा
योग - सुकर्मा 16-32 तक उप धृति
करण- नाग 11-51 तक उप किस्तुघ्न
विशेष:- व्रत -त्योहार - देवकार्ये अमावस्या

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 16:16 से 17:39 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:32 - 07:55 | अशुभ | शुभ | 17:36 - 19:16 | शुभ |
| चंचल | 07:55 - 09:18 | शुभ | अमृत | 19:16 - 20:52 | शुभ |
| लाभ | 09:18 - 10:42 | शुभ | चंचल | 20:52 - 22:29 | शुभ |
| अमृत. | 10:42 - 12:05 | शुभ | रोग | 22:29 - 00:06 | अशुभ |
| काल. | 12:05 - 13:29 | अशुभ | काल | 00:06 - 01:42 | अशुभ |
| शुभ | 13:29 - 14:52 | शुभ | लाभ | 01:42 - 03:19 | शुभ |
| रोग | 14:52 - 16:16 | अशुभ | उत्पात | 03:19 - 04:55 | अशुभ |
| उत्पात | 16:16 - 17:36 | अशुभ | शुभ | 04:55 - 06:32 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,): कुछ भ्रम की स्थिति आज आपके कार्य क्षेत्र में आने की संभावना है। आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी अच्छे तरीके से कार्य कर रहे है , साथ ही साथ आपको एक व्यापार में शामिल होने के लिए एक प्रस्ताव मिल सकता है जो काफी भरोसेमंद है और पुरस्कार से भरपूर भी परन्तु इस तरह का प्रस्ताव आप ने पहले न देखा न सुना इसलिए आप अनिर्णय की स्थिति में रहेंगे ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,): आज के दिन आपको एक अप्रत्याशित रूप से उपहार आपके दिल के निकट के व्यक्ति से मिल सकता है। आज का दिन आपके लिए काफी उत्तम रहेगा । आपके सहकर्मी और आपसे उच्च पद पर तैनात सहकर्मी आपसे खुश रहेंगे तथा आपसे पूरा सहयोग एवं सहायता करेंगे जिसकी वहज से आप अपना काम समय पर पूरा कर पाएंगे तथा सांयकालीन बेला में आप किसी समारोह का भी आयोजन कर सकते है।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,): आप किसी भी सरकारी हस्तक्षेप के बिना छुट्टियों के कुछ दिन बिताने के बाद अब वापस अपनी कार्य करने की शैली में वापस आ गए है , लेकिन आपके ग्राहकों, सहयोगियों के व्यवहार से ऐसा नहीं लगता । उन्हें समझे और उनकी समस्याओं के प्रति सम्मान दिखाए । उन्हें कार्यो से हटकर कुछ मानसिक शांति देने का प्रयास करे लेकिन उन्हें ऐसा न लगे की आप उन पर कोई एहसान कर रहे है ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,): आपकी भलाई इसी मैं है की , यदि आवश्यक हो तो आप सतर्क या यहां तक कि विद्रोही हो जाये । जो लोग अपने आपको ज्यादा जानकर या जानकारियों से पूर्ण मानते है वे आज के दिन ऐसी गलतिया कर सकते है , जिससे पार पाना मुश्किल साबित हो सकता है । उनके आदेश का पालन करना आपको मुसीबत में ला सकता है ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,): आपकी करियर से सम्भंधित योजना बिगड़ रही है। आप एक बात पर अपना दिमाग एकाग्रचित नहीं कर पा रहे है । आप सोच सोच कर समय को बर्बाद कर रहे हैं। आप किसी भी अनुभवी पेशेवर या एक कैरियर सलाहकार से सलाह ले सकते हैं। एक कैरियर सलाहकार के मार्गदर्शन से आप को एक मार्ग मिल सकता है ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ हफ्तों से एक प्रवृत्ति को बल मिल रहा था और उसका परिणाम आज दिखाई देगा। परिणाम दोहन करने के लिए अपने आप को तैयार रखे । योग्य व्यक्तियों से मेल जोल बढ़ा कर रखे । सकरात्मक बातचीत से एक अभिनव व्यापार विचार को गति मिलेगी । जो आपके पास है उससे आपको संतुष्ट रहना चाहिए ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,): आज आपके कार्य क्षेत्र में आपके सितारे आपका साथ देंगे । ये आपकी वित्तीय जरुरतो के लिए काफी संतोषजनक है , लेकिन यह कार्यालय में ईर्ष्या को भी जन्म देगा । आज आपको अपने सहयोगियों के साथ पुराने बातें भूलकर उनके साथ आगे बढ़ना है परन्तु आपको दुश्मन और दोस्त की पहचान करने की भी जरूरत है क्यों की कोई सहकर्मी आपके करियर के विपरीत कार्य कर सकता है।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,): काम करते हुए आप एक विस्तृत दृष्टिकोण को अपनाते है । यह आपका सकारात्मक पहलू है और इस सप्ताह के अंत में आपका दृष्टिकोण मौद्रिक लाभ में बदलेगा । जोड़-तोड़ से बचें और जो भी करे ईमानदारी से करे । आपके काम की गुणवत्ता आपके काम की मात्रा के बजाय ज्यादा महत्व रखेगी । वफ़ादारी स्वागतयोगनीय होगी जो किसी भी मुश्किल स्थिति से आपको बाहर निकल देगी ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे): आज का दिन उनके लिए अछा है जो की निर्माण के व्यवसाय से जुड़े है । आज के दिन आपको जाँच परख कर निवेश करना है क्योंकि ये अवसर लघु समय के लिए है । अगर आप अपने लिए घर खरीदने की सोच रहे है तो आपको अच्छे प्रस्ताव मिल सकते है । अपने इस चीज़ के लिए जो वित्तीय रणनीति बनाई थी उनका फल अब आपको मिल सकता है ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी): हालाँकि आपको अपने कार्य स्थल पर हास्य और आनंद लेने की कला आती है परन्तु अब आप पूरी तरह से अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आप आज एक गैर जरुरी कार्य में भी गंभीर मुद्रा में रहेंगे । एक सहयोगी की सुस्ती और लापरवाही के कारण आप उसका काम अपने लिए कर सकते है । इसलिए आप पर कुछ अनुचित कार्य का दबाव आज बन सकता है ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,): आज का दिन आपके लिए एक विवादास्पद दिन हो सकता है! आप का किसी के लिए बुदबुदाना या क्रोधित होना व किसी दूसरे के माध्यम से उन्हें पता चलने पर आपका पेशेवर जीवन बर्बाद हो सकता है । इसके अलावा, आप किसी से किसी और का रहस्य खोल सकते है जो की सही नहीं होगा इसलिए आसपास के ऐसे लोगो से उचित दुरी बना कर रखे ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची): आज आपको अपना कठोर और मजाकिया दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है, बेहतर होगा कि आप लोगों की भावनाओं से सम्बन्ध स्थापित करे और साथ ही साथ ये जानने की भी कोशिश करे कि वे क्या चाहते हैं और कौन सा रास्ता उन्होंने अपनाया है ! ध्यान देने योग्य बात ये है की आपको समझना होगा की चीज़े कैसे कार्य कर रही है बजाय की आप अपना तरीका अपने सहकर्मियों पर थोपे ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# छत्तीसगढ़ को तीन नए आईएएस अफसर मिले

## अक्षय का पाकिस्तान बॉर्डर के करीब बीता बचपन, विपिन मिर्जापुर के आईपीएस रहे

रायपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ को 3 नए आईएएस अफसर मिले हैं। अब यह अधिकारी छत्तीसगढ़ में अपने करियर की शुरुआत करेंगे। यूपीएससी में 75वें रैंक पाने वाले राजस्थान के अक्षय दोषी, 238 रैंक वाले विपिन दुबे यूपी के मिर्जापुर और 441 रैंक वाले क्षितिज गुरभले महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। केंद्रीय लोक कार्मिक प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने आदेश जारी किया है।



राजस्थान के बाड़मेर जिले के चौहटन गांव के रहने वाले अक्षय दोषी का बचपन इंडिया पाकिस्तान बॉर्डर के करीब ही बीता है। परिवार में कोई भी सरकारी नौकरी में नहीं था। अक्षय बताते हैं कि, उनके पिता के बड़े भाई का सपना था कि, परिवार से कोई यूपीएससी जरूर क्रैक करें। उन्हीं से इंस्पायर होकर अक्षय ने पढ़ाई की शुरुआत की थी।

अक्षय के पिता एलआईसी एजेंट है। मां हाउस वाइफ हैं। एक मिडिल क्लास फैमिली में रहते हुए अक्षय ने यूपीएससी की तैयारी की। खास बात यह है कि, पांच बार यूपीएससी में नाकाम रहने के बाद भी हौसला नहीं टूटा। अक्षय डटे रहे और 6वें अटेम्प्ट में यूपीएससी-2023 में 75वीं रैंक हासिल कर अब आईएएस अफसर बने हैं। युवाओं के बीच मिर्जापुर का नाम सुनते ही उन्हें मशहूर वेब सीरीज की याद आ जाती है। जिसमें मुख्य किरदार में अभिनेता पंकज त्रिपाठी नजर हैं। असल दुनिया में मिर्जापुर शहर के रहने वाले विपिन दुबे आईपीएस रह चुके हैं। दरअसल, विपिन दुबे को अपने आखिरी प्रयास में आईपीएस सर्विस मिली थी। हालांकि इसके बावजूद वे रुके नहीं। वे आईएएस की तैयारी करते रहे और उन्हें सफलता भी मिली। विपिन के पिता पेशे से वकील हैं। पहले प्रयास में ही विपिन ने 361वीं रैंक हासिल की और आईपीएस बने। विपिन हर दिन 10 से 12 घंटे पढ़ाई करते रहे। अब वे छत्तीसगढ़ में आईएएस की जिम्मेदारी संभालेंगे।

क्षितिज गुरभले ने आईआईटी रुड़की जैसे देश के शीर्ष संस्थान से पढ़ाई की है। जब नौकरी की बात आई, तो वे करोड़ों के पैकेज वाली कंपनियों के पास नहीं गए। उन्होंने अपने दोस्तों और परिवार वालों को बताया कि, उन्हें अफसर बनना है।

वे यूपीएससी की तैयारी करते रहे और पहली ही कोशिश में परीक्षा पास कर ली। अब आईएएस बनकर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। महाराष्ट्र के नागपुर में जन्मे क्षितिज की स्कूली शिक्षा भोपाल में हुई। जब 2023 के यूपीएससी के नतीजे घोषित हुए तो क्षितिज का एक वीडियो वायरल हुआ। क्षितिज को यूपीएससी के लिए अपने पिता से प्रेरणा मिली थी। इसलिए वो सबसे पहले अपने पिता के दफ्तर में अपने चयन की खबर देने पहुंचे। उसका एक दोस्त वीडियो शूट कर रहा था।

# पीएलएफआई एरिया कमांडर लंबू मारा गया

## पुलिस और उग्रवादियों के बीच हुई थी मुठभेड़, कई राउंड चली गोलियां

चाईबासा, 30 नवंबर (एजेंसियां)। चाईबासा में शनिवार को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें सुरक्षाबलों ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू को ढेर कर दिया। एनकाउंटर के दौरान दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई। एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। एनकाउंटर टेबो थाना अंतर्गत तोमरोंग गांव के जंगल में हुआ था। सुरक्षाबलों को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का दस्ता एरिया में आया हुआ है। वो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में बैठक कर रहे हैं।

इसके बाद सुरक्षाबल के जवान मौके पर पहुंचे और उनकी घेराबंदी शुरू कर दी। इसी दौरान उग्रवादियों की नजर जवानों पर पड़ी और उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की और एरिया कमांडर लंबू को मार गिराया।

# सीबीआई ने सीजीएसटी के दो रिश्वतखोर अफसरों को दौड़ाकर पकड़ा

## कारोबारी से लिए 60 हजार, सुपरिंटेंडेंट-इंस्पेक्टर ने सेटलमेंट के लिए मांगे थे घूस

रायपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। रायपुर में सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को दो अफसरों को दवा कारोबारी से 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों दौड़ाकर पकड़ा है। सुपरिंटेंडेंट इलोंका मिंज और इंस्पेक्टर सौम्य रंजन मलिक जीएसटी की राशि में गड़बड़ी का सेटलमेंट करने और पेनल्टी से बचाने के नाम पर घूस मांग रहे थे। डीबी स्टार के सबूतों के आधार पर हुई कार्रवाई के बाद दोनों अधिकारियों के घरों पर देर रात छापेमारी हुई। सीबीआई ने वहां से भी सबूत जुटाए हैं। मिंज और मलिक ने दवा कारोबारी राहुल वर्मा को 3 लाख रुपए की पेनल्टी का डर दिखाया। इसके सेटलमेंट के लिए उसने पहले 75 हजार रुपए मांगे थे। छत्तीसगढ़ में ऐसा पहला मौका है, जब सीजीएसटी अफसरों को रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया गया है। रायपुर में पहली बार रिश्वतखोरी केस में सीजीएसटी अफसर की गिरफ्तारी हुई है। धमकाने से गिड़गिड़ाने तक की पूरी कहानी 8 नवंबर को कारोबारी राहुल के वॉट्सऐप पर इंस्पेक्टर मलिक ने कॉल किया और कहा कि आपके जीएसटी की राशि में गड़बड़ी हुई है। आप फौरन सीजीएसटी के दफ्तर में आ जाइये। साथ ही वॉट्सऐप पर नोटिस भी भेजा। नोटिस में करीब 1 लाख 21 हजार रुपए का हिसाब-किताब नहीं होना बताया। लेकिन दोनों ही अफसरों ने इसमें ब्याज जोड़कर 3 लाख का जुर्माना लगाने की बात कही। बार-बार दबाव बनाने के बाद कारोबारी भास्कर के दफ्तर पहुंचा। डीबी स्टार ने सीजीएसटी के अधिकारियों का स्टिंग किया। एक्शन के लिए हमारी टीम एसीबी दफ्तर पहुंची तो एसीबी के आईजी ने सीबीआई के पास भेजा। सीबीआई ने अपनी डिवाइस से फिर स्टिंग करवाया और उसकी जांच की। फिर शुक्रवार की शाम को सीजीएसटी दफ्तर में दोनों अधिकारियों को घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने 3 टीम बनाकर घेराबंदी की। टीम-ए में 7 अफसर थे, जो कारोबारी के साथ जीएसटी ऑफिस पहुंचे। टीम-बी में इंस्पेक्टर लेवल के 4 अफसर थे। जो आस-पास इलाके की निगरानी कर रहे थे। टीम-सी में 9 अफसर पूछताछ के लिए ही कार्यालय में इंतजार कर रहे थे। टीम ए ने घूस की रकम गाड़ी में रखने जाते वक्त इंस्पेक्टर को दौड़ाकर पकड़ा।

डीबी स्टार टीम कारोबारी के साथ सीजीएसटी दफ्तर पहुंची तो मिंज ने दूसरे दिन बुलाया।

# 300 करोड़ से बनेगी फिल्म सिटी

## 54 एकड़ के कैंपस में एयरपोर्ट, रेलवे-स्टेशन, वॉटरफॉल और स्नोफॉल जैसी लोकेशन, लोग बना सकेंगे रील्स

रायपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। मुंबई, नोएडा, हैदराबाद फिल्म सिटी के तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में भी फिल्म सिटी बनेगी। रायपुर के माना इलाके में फिल्म सिटी का निर्माण होगा। इसमें एयरपोर्ट, रेलवे-स्टेशन, वॉटरफॉल और स्नोफॉल जैसे 50 से ज्यादा लोकेशन होंगे। यहां आने वाले लोग भी वीडियो और रील्स बना सकेंगे। फिल्म सिटी को शासन ने चित्रोत्पला फिल्म सिटी नाम दिया है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अधिकारियों ने दैनिक भास्कर को बताया, कि फिल्म सिटी 54 एकड़ में बनेगी। इसके साथ ही कन्वेक्शन सेंटर भी 4 एकड़ में बनेगा। केंद्र सरकार ने इसके लिए 147.66 करोड़ रुपए फंड दिया है। बाकी फंड राज्य सरकार और पीपीपी मॉडल से जनरेट कर खर्च किया जाएगा। मंडल के अधिकारियों के



मुताबिक, चित्रोत्पला फिल्म सिटी बनने और रनिंग करने में 300 करोड़ रुपए खर्च होंगे। चित्रोत्पला फिल्म सिटी निर्माण का फंड मिलते ही प्रपोजल को ग्राउंड पर लाने की तैयारी शुरू हो गई है। फंड के हिसाब से प्रपोजल तैयार किया जा रहा है। प्रपोजल पूरा होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों की स्वीकृति ली जाएगी। इसके बाद उसका टेंडर जारी किया जाएगा। इसके निर्माण का टेंडर 'ए क्लास' ठेकेदार को दिया जाएगा। प्रपोजल बनने और उसकी कागजी कार्रवाई होने में डेढ़ महीने का समय लगने की बात मंडल के अधिकारियों ने बताई है। फिल्म सिटी निर्माण में मेकर्स के साथ-साथ दर्शकों की सहूलियत का भी ध्यान रखा जा रहा है। परिसर में दर्शकों के लिए एक्सपीरियंस सेंटर का निर्माण किया जाएगा। दर्शक फिल्म मेकिंग, एडिटिंग और शूटिंग देख सकेंगे।

# छत्तीसगढ़ में पहली बार घर-घर पहुंचेगी रसोई गैस पाइप-लाइन

## रायपुर में 2025 से शुरुआत, 1 लाख घरों को मिलेगा सीएनजी कनेक्शन, ये एलपीजी से सस्ता

रायपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में पहली बार लोगों के किचन तक पाइपलाइन के जरिए कुकिंग गैस की सप्लाई होगी। साथ में एक मीटर लगा होगा, जितनी गैस उपयोग होगी उतने का पैसा देना होगा। यह गैस एलपीजी से सस्ती होगी। रायपुर में इस प्रोजेक्ट की शुरुआत होने जा रही है। शुक्रवार को रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने इसे लेकर एक बैठक की। इसमें भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड और पाइपलाइन बिछाने के लिए अधिकृत हरियाणा गैस एजेंसी के अधिकारी शामिल हुए। अब इस प्रोजेक्ट को फाइल से निकालकर जमीन पर लाने की पूरी तैयारी है। इस प्रोजेक्ट को रायपुर में 2025 में शुरू कर दिया जाएगा और आने वाले कुछ ही



महीनों में लोगों को घरों में इस गैस का कनेक्शन भी मिलेगा। साल 2025 में गेल इंडिया लिमिटेड रायपुर में गैस पाइपलाइन बिछाएगा। शुरुआत में 1 लाख घरों में सीएनजी गैस सप्लाई का काम होगा। ये पाइपलाइन घरों पर चूल्हों से अटैच होगी। इसी के जरिए कुकिंग होगी। पाइपलाइन का काम पूरा होते ही लोगों को कनेक्शन देने का काम जिला प्रशासन की मदद से होगा। रायपुर की गाड़ियों के लिए सीएनजी स्टेशन भी इस प्रोजेक्ट में बनेंगे। शुक्रवार को अफसरों की मीटिंग में हरियाणा गैस एजेंसी के प्रबंधक राकेश रंजन, नगर निगम रायपुर के इंजीनियर राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने बातचीत की।

प्रोजेक्ट की डिजाइनिंग और एरिया को लेकर बात की गई। गेल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि मुंबई, नागपुर, झारसुगुड़ा में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाई जा रही है।

# मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा

## दो गिरफ्तार, हथियार बनाने का सामान बरामद

जमशेदपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। जमशेदपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मानगो थाना क्षेत्र के दाईगुट्टू में संचालित एक मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने आर्म्स पैडलर गोविंद शर्मा और उसके साथी गोपाल साव को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के ठिकाने से एक देसी पिस्टल और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए गए हैं। डीएसपी मुख्यालय 1 भोला प्रसाद ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दाईगुट्टू में अवैध हथियार बनाए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने खरीदार बनकर गोविंद से संपर्क किया। गोविंद को उसके घर से गिरफ्तार किया गया, जहां से एक देसी पिस्टल और हथियार बनाने के उपकरण बरामद हुए।



जांच में पता चला कि गोविंद हथियार बनाने का काम करता था, जबकि गोपाल उन्हें बेचने का काम संभालता था। गोपाल ने 45 हजार रुपए में एक व्यक्ति से हथियार की डील की थी। गोपाल ने गोविंद से 30 हजार में हथियार खरीदने की बात की थी और एडवांस के रूप में 2 हजार रुपए भी दिए थे। पुलिस के अनुसार, गोविंद 2018 में भी अवैध हथियार बनाने के आरोप में जेल जा चुका है। इसके अलावा अन्य आपराधिक मामलों में भी उसका नाम सामने आ चुका है। गोपाल भी मारपीट समेत कई मामलों में संलिप्त रहा है। पुलिस फिलहाल उस ग्राहक की तलाश में जुटी है, जिसे यह हथियार बेचा जाना था।

# 10 महीने में 12 हजार हादसे, 5500 की मौत

## छत्तीसगढ़ में 70% बाइकर्स की गई जान, रायपुर बिलासपुर समेत 7 जिलों में सबसे ज्यादा एक्सीडेंट

रायपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। जनवरी से अक्टूबर 2024 तक पिछले दस महीने में प्रदेश में 12 हजार सड़क हादसे हुए हैं। इनमें 5500 लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों के मुताबिक सड़क हादसे में साढ़े 9 हजार दोपहिया चालक घायल हुए हैं, जबकि करीब पांच हजार लोगों की मौत हुई है। अधिकांश सड़क हादसे दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे के बीच हुए हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह थकान और हड़बड़ी को माना गया है। सड़क दुर्घटना में 49 फीसदी हादसे 7 जिलों हुए हैं। इनमें रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, महासमुंद और बलौदाबाजार जिला शामिल है। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा 70 फीसदी मौत बाइक सवार की होती है। हादसे का शिकार होने वालों में पैदल यात्री 15.48 फीसदी, ट्रैक्टर 3.43 फीसदी, कार सवार 2.95 फीसदी, साइकिल सवार 2.73 फीसदी, मालवाहक 2.18 फीसदी, ट्रक-ट्रेलर -2.04 फीसदी, हल्के सवारी वाहन से 0.83 फीसदी और सबसे कम बस 0.73 फीसदी की मौत हुई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य के स्कूलों में कक्षा पहली से दसवीं तक के कोर्स में ट्रैफिक नियमों को शामिल किया है। राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने पाठ्य पुस्तकें तैयार की हैं। इनमें सड़क यातायात नियमों से संबंधित अध्याय पाठ्यक्रम में शामिल किए गए हैं।

यातायात व्यवस्था का इलेक्ट्रॉनिक सर्विलेंस रायपुर, बिलासपुर और नवा रायपुर में किया जा रहा है। भिलाई और दुर्ग में यह व्यवस्था आंशिक रूप से है। सितंबर 2023 से अक्टूबर 2024 तक 101 ब्लैक स्पॉट और 748 जंक्शन के सुधार किए गए हैं।

# 19 दिसंबर से शुरू होगी अंबिकापुर-बिलासपुर फ्लाइट

## फ्लाइंग शेड्यूल जारी, बीजेपी नेता बोले- ये सुविधा दी गई है या मजाक, पीएम ने किया था शुभारंभ

सरगुजा, 30 नवंबर (एजेंसियां)। अंबिकापुर से हवाई सेवा दिसंबर से शुरू हो जाएगी। एयरलाइन कंपनी फ्लाई बिग ने 19 दिसंबर से अंबिकापुर-बिलासपुर रूट में हवाई सेवा शुरू करने के लिए शेड्यूल जारी किया है। यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन चलेगी। एक माह पहले ही पीएम नरेंद्र मोदी ने अंबिकापुर के एयरपोर्ट का वर्चुअल शुभारंभ किया था।

अंबिकापुर-बिलासपुर सेवा शुरू करने के जारी शेड्यूल को लेकर लोगों ने इसे हवाई सेवा के नाम पर मजाक बताया है। भाजपा नेता कैलाश मिश्रा ने कहा कि इसमें कौन उड़ेगा। लोगों की मांग रायपुर-अंबिकापुर-वाराणसी सेवा की है। यह सेवा मजाक है और पूरी तरह से फेल हो जाएगी। शेड्यूल के अनुसार बिलासा एयरपोर्ट बिलासपुर के डायरेक्टर बीरेंद्र सिंह ने बताया कि फ्लाई बिग ने अपना शेड्यूल दे दिया है।



अंबिकापुर-बिलासपुर-अंबिकापुर के लिए हवाई सेवा सप्ताह में तीन दिन गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगी।

भाजपा नेता आलोक दुबे ने कहा कि यह सेवा औचित्यहीन है। अंबिकापुर से बिलासपुर तीन से साढ़े तीन घंटे में सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है। अंबिकापुर से रायपुर, वाराणसी और दिल्ली के लिए फ्लाइट होने पर लोगों को इसका लाभ मिलेगा। व्यवसायी संजय मित्तल ने कहा कि अंबिकापुर से वाराणसी, दिल्ली की सेवाएं शुरू की जानी चाहिए। इसके साथ ही कोलकाता और हैदराबाद तक सीधी फ्लाइट हो तो लोगों को लाभ मिलेगा। बिलासपुर फ्लाइट से जाने का औचित्य नहीं दिखता। यह सेवा किसी काम की नहीं है। अंबिकापुर से हवाई सेवा शुरू करने का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था। पूर्व में दरिमा एयरपोर्ट के विस्तार के लिए स्वीकृति 2021 में दी गई थी। इसके बाद एयरपोर्ट का विस्तार किया गया। लोगों को अंबिकापुर से रायपुर और वाराणसी के लिए सेवा शुरू करने की उम्मीद थी। दरिमा में मां महामाया एयरपोर्ट को लोकसभा चुनाव के पहले डीजीसीए ने लाइसेंस जारी किया था। लंबे इंतजार के बाद 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया था।

# बीच सड़क तहसीलदार को पीटा, सीए को जेल

## चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बंद कराया शहर, कलेक्टर और स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत

मनेंद्रगढ़, 30 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ में तहसीलदार को बीच सड़क पर एक व्यापारी ने पीटा है। बताया जा रहा है कि अतिक्रमण हटाने के दौरान तहसीलदार से मारपीट की गई है। आरोपी को जेल भेज दिया गया, जिससे नाराज छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने शनिवार को मनेंद्रगढ़ नगर बंद का ऐलान किया है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने तहसीलदार के खिलाफ कलेक्टर और मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से शिकायत की है। मंत्री ने व्यापारियों और तहसीलदार के बीच सुलह की कोशिश भी की, लेकिन बात नहीं बन सकी।

मनेंद्रगढ़ के महौरापारा में शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान नेशनल हाइवे 43 की नाली पर रखे व्यवसायी नितिन अग्रवाल की सीमेंट के शेड्स को जेसीबी से तोड़ दिया गया। इससे भड़के नितिन अग्रवाल ने तहसीलदार यादवेंद्र कैवर्त को पीट दिया। गाली-गलौज करते हुए नितिन अग्रवाल ने तहसीलदार को धमकाया कि वह अपना ट्रांसफर करा ले। पुलिस बल की मौजूदगी में ये घटना हुई। व्यापारियों का आरोप है कि तहसीलदार कैवर्त ने व्यवसायी को सामान हटाने का मौका नहीं दिया, जबकि वे शेड्स को हटवा रहे थे। इससे उन्हें करीब डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है। तहसीलदार के खिलाफ कलेक्टर से भी शिकायत की गई है। देर शाम नितिन अग्रवाल को जेल भेजने की सूचना मिलने पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने 30 नवंबर को नगर बंद का आह्वान किया है। इसकी लिखित सूचना एसडीएम को दे दी गई। नितिन अग्रवाल व्यवसायी होने के साथ सीए भी हैं। तहसीलदार यादवेंद्र कैवर्त का कहना है कि एक सप्ताह से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। सभी व्यापारियों को अपना अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जा चुका था, लेकिन उन्होंने सामानों को नहीं हटाया, जिसके बाद कार्रवाई की गई है।

मामले में तहसीलदार यादवेंद्र कैवर्त की लिखित शिकायत पर मनेंद्रगढ़ कोतवाली पुलिस ने नितिन अग्रवाल के खिलाफ धारा 115(2), 121(1), 132, 221, 296, 351(2)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया। इनमें से कई धाराएं गंभीर हैं। आरोपी व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक सप्ताह पहले भी अतिक्रमण हटाने के दौरान तहसीलदार यादवेंद्र कैवर्त का विवाद हो गया था। बिना नोटिस के अतिक्रमण हटाने को लेकर नदीपार इलाके में व्यवसायी प्रियम केजरीवाल ने मोबाइल चालू कर वीडियो बनाते हुए तहसीलदार से सवाल किया था। आवेश में आकर तहसीलदार ने युवक का मोबाइल छीन लिया था।

# मंगल मुंडा की मौत की जांच शुरू

## मरांडी-चंपाई बोले- ये हत्या है, इलाज में लापरवाही का किया था खुलासा

रांची, 30 नवंबर (एजेंसियां)। बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा का रिम्स में इलाज शुरू होने में हुई देरी और फिर मौत के मामले को बीजेपी ने आड़े हाथों लिया है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और कोल्हान टाइगर चंपाई सोरेन ने इसे हत्या करार दिया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि इस घटना ने सरकार की पोल खोल दी है। बिरसा मुंडा के परिजनों के साथ इलाज में लापरवाही बरती गई तो समझिए आम आदमी के साथ क्या होगा। वहीं चंपाई सोरेन ने कहा राज्य सरकार ने शहीद परिवार के वंशज को नजर अंदाज करने का काम किया है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। बाबूलाल ने अपने X अकाउंट पर लिखा- सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद जिस तरह से मंगल मुंडा को इलाज के लिए तड़पना पड़ा, वह हमारी व्यवस्था की संवेदनहीनता को दर्शाता है। इतनी नाजुक स्थिति में भी उन्हें समय पर ट्रामा सेंटर में बेड नहीं मिला। इलाज शुरू करने में 10 घंटे की देरी हुई। परिजनों को 15 हजार की दवाएं भी खुद खरीदनी पड़ीं।

अबुआ सरकार में एक गरीब आदिवासी की जिंदगी की कीमत आज बस इतनी ही रह गई है। यह केवल मंगल मुंडा जी की मौत नहीं, बल्कि व्यवस्था के द्वारा उनकी हत्या है। जिस झारखंड को बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलना चाहिए था, वहां उनके वंशज के साथ ऐसा व्यवहार होना हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर कर रख देता है। क्या आज हमारी सरकार और व्यवस्था में गरीबों की कोई जगह नहीं बची है? यह सवाल सिर्फ मंगल मुंडा के परिवार का नहीं, बल्कि झारखंड के हर गरीब आदिवासी का है।

बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा के इलाज में हुई लापरवाही का खुलासा किया था। मंगल मुंडा के भाई जंगल सिंह मुंडा ने बताया- हादसा 25 नवंबर को हुआ था।

हम लोग रात 10 बजे रिम्स पहुंचे थे। वहां ट्रॉली मैन से कहा- ऑक्सीजन वाला बेड चाहिए। उसने कहा- बेड खाली नहीं है। डॉक्टरों ने इमरजेंसी में भी भर्ती नहीं किया। एम्बुलेंस में ही मंगल मुंडा को ऑक्सीजन लगाया गया।

# गला घोंटकर पत्नी की हत्या रातभर शव के साथ सोया

## दंपती में होता था विवाद, वाइफ के बेवकूफ कहने से था नाराज

घाटोटांड़, 30 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड में पत्नी द्वारा बार-बार बेवकूफ कहे जाने से पति इतना नाराज हो गया कि उसने वाइफ की हत्या कर दी। यही नहीं मर्डर के बाद वो बेड पर शव के साथ रातभर सोया और फिर एंबुलेंस से डेडबॉडी बिलासपुर (छत्तीसगढ़) ले गया। यहां पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना 23 नवंबर की है। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ पुलिस ने आरोपी को रामगढ़ पुलिस के हवाले किया। दंपती की 10 महीने की एक बेटी भी है। आरोपी प्रदीप कुमार निषाद बिलासपुर के आमगांव का रहने वाला था। वो अपनी पत्नी किरण देवी और बेटी के साथ रामगढ़ के केदला में रहता था। प्रदीप यहां एक ईंट भट्ठा में मजदूरी करता था। प्रदीप ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि किरण से उसकी शादी तीन साल पहले हुई थी। इसके बाद से दोनों में खूब विवाद होता था। वो अक्सर प्रदीप को बेवकूफ कहती थी, जिससे उसे बहुत बुरा लगता था। 23 नवंबर की रात किरण के सो जाने के बाद आरोपी ने उसी के दुपट्टे से उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी। मर्डर के बाद शव के बगल में 10 महीने की बेटी को सुलाकर वह भी बच्ची के बगल में सो गया। अगली सुबह करीब 3 बजे उसने बोलेरो मंगाया और शव को कोठार ले गया। पत्नी को गंभीर रूप से बीमार बता कर एंबुलेंस की व्यवस्था कर शव को अपने पैतृक गांव बिलासपुर ले गया।

# देवघर के त्रिकुट पर्वत पर फिर लगेगा रोपवे

## हाईब्रिड तकनीक का होगा इस्तेमाल तीन साल पहले हुआ था हादसा

रांची, 30 नवंबर (एजेंसियां)। त्रिकुट पर्वत पर अब हाईब्रिड तकनीक से नई रोपवे लगाई जाएगी। इसमें भारतीय और विदेशी तकनीक को मिलाकर काम किया जाएगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर में देशी समान लगाए जाएंगे जबकि केबिन में विदेशी सामान लगेंगे। पर्यटन विभाग इस पर काम कर रहा है। त्रिकुट रोपवे पर 10 अप्रैल 2022 को हादसा हुआ था। इसमें 3 लोगों की मौत हुई थी। इधर, पर्यटन विकास निगम की बैठक चार दिसंबर को बुलाई गई है। इसमें इस मुद्दे पर फैसला होगा। सरकार ने राइट्स के सुझाव पर त्रिकुट पर्वत पर नया रोपवे बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। हादसे के बाद राइट्स ने वहां का स्थल निरीक्षण किया था। फिर अपना सुझाव झारखंड को दिया। राइट्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि त्रिकुट रोपवे 15 साल पुराना हो गया है। पिलर में भी हल्के क्रेक आ गए हैं। ऐसे में वहां की पूरी संरचना को हटाकर नया ढांचा बनाने की जरूरत है। पहले विदेशों में चल रहे रोपवे सिस्टम की तरह ही यहां भी सिस्टम लगाने की बात हुई, पर यह काफी महंगा हो रहा था। इसलिए हाईब्रिड सिस्टम पर रोपवे बनाने पर सहमति बनी है।

उल्लेखनीय है कि झारखंड हाईकोर्ट ने त्रिकुट पर्वत पर हुए हादसे के लिए वहां रोपवे संचालन करने वाली कंपनी दामोदर रोपवेज को दुर्घटना के लिए जिम्मेवार माना और सरकार द्वारा उसे पांच साल के लिए ब्लैकलिस्ट करने और लगभग 9 करोड़ रुपए के जुर्माने की कार्रवाई को उचित बताया है। इसके साथ ही अब सरकार ने रोपवे निर्माण की प्रक्रिया को तेज कर दिया है।

त्रिकुट रोपवे हादसे में हेलीकॉप्टर की मदद से फंसे हुए यात्रियों की जान बचाई गई थी। इस घटना के बाद रोपवे संचालन करने वाली कंपनी मेसर्स दामोदर रोपवेज एंड इनफ्रा लिमिटेड पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने का आरोप लगा। सरकार ने जांच के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी और एक इन्क्वायरी कमेटी बनाई, जिसके आधार पर कंपनी को पांच साल के लिए ब्लैकलिस्ट किया गया और उसपर जुर्माना लगाया गया। घटना के बाद से त्रिकुट पर रोपवे का संचालन बंद है।

# बांग्लादेश में इस्कॉन पर बैन के लिए सड़कों पर कट्टरपंथी

## जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शन, चिन्मय की रिहाई के लिए दुनियाभर में इस्कॉन की प्रार्थना सभाएं

ढाका, 30 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में ढाका हाईकोर्ट के इस्कॉन पर बैन लगाने से इनकार करने के बाद कट्टरपंथी समूहों ने शुक्रवार को भारी हंगामा किया। जुम्मे की नमाज के बाद देशभर की मस्जिदों में लाखों मुसलमानों ने प्रदर्शन किया।

सबसे बड़े प्रदर्शन राजधानी ढाका और चटगांव में हुए। प्रदर्शनकारियों ने इस्कॉन को 'हिंदू उग्रवादी संगठन' और 'कट्टरपंथी व राष्ट्र-विरोधी समूह' बताते हुए इस संगठन पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की। इन रैलियों में कट्टरपंथी संगठन हिफाजत-ए-इस्लाम, खिलाफत मजलिस और इस्लामिक आंदोलन सहित कई धार्मिक-आधारित संगठनों और राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया।

हिफाजत ने कहा कि देश की पराजित ताकतें हिंदुओं का इस्तेमाल अराजकता फैलाने के लिए कर रही हैं। पिछले मंगलवार को चटगांव कोर्ट परिसर में जिस तरह से वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या की गई, वह गृहयुद्ध भड़काने की कोशिश थी।

वहीं, चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई के लिए इस्कॉन ने



कोलकाता में विरोध कीर्तन आयोजित किया। इस्कॉन ने घोषणा की है कि रविवार को दुनिया भर के सभी इस्कॉन मंदिरों में वैश्विक प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें बांग्लादेश में हिंदू भक्तों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए प्रार्थना की जाएगी। युनूस प्रशासन ने इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक अकाउंट्स 30 दिनों के लिए सीज कर दिया है। इसमें चिन्मय प्रभु का अकाउंट भी शामिल है। बांग्लादेश फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (बीएफआईयू) ने गुरुवार को अलग-अलग बैंकों को ये निर्देश भेजे। फाइेंशियल इंटेलिजेंस एजेंसी ने सेंट्रल बांग्लादेश बैंक से इन सभी 17 लोगों से जुड़े एकाउंट्स से हुई लेने-देन की जानकारी 3 दिन के भीतर भेजने को कहा है। चटगांव में 26 नवंबर को चिन्मय प्रभु के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान एक वकील की मौत हो गई थी। मारे गए वकील का नाम सैफुल इस्लाम ऊर्फ आलिफ (35) था। वकील की मौत कैसे हुई, ये पता नहीं चल पाया है। चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी का असली नाम चंदन कुमार धर है। वे चटगांव इस्कॉन के प्रमुख हैं। बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच 5 अगस्त 2024 को पीएम शेख हसीना ने देश छोड़ दिया था। इसके बाद बड़े पैमाने पर हिंदुओं के साथ हिंसक घटनाएं हुईं। इसके बाद बांग्लादेशी हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए सनातन जागरण मंच का गठन हुआ। चिन्मय प्रभु इसके प्रवक्ता बने।

सनातन जागरण मंच के जरिए चिन्मय ने चटगांव और रंगपुर में कई रैलियों को संबोधित किया। इसमें हजारों लोग शामिल हुए। 25 अक्टूबर को चटगांव के लालदीघी मैदान में सनातन जागरण मंच ने 8 सूत्री मांगों को लेकर एक रैली की थी। इसमें चिन्मय कृष्ण दास ने भाषण दिया था। इस दौरान न्यू मार्केट चौक पर कुछ लोगों ने आजादी स्तंभ पर भगवा ध्वज फहराया था।

# सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर पर विद्रोहियों का कब्जा

## 250 की मौत, अलेप्पो में एयरपोर्ट-अस्पताल बंद, सरकार की मदद के लिए पहुंची रूसी सेना

दमिश्क, 30 नवंबर (एजेंसियां)। सीरिया में विद्रोही गुट ने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो और इदलिब के आधे से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल-शम (एचटीएस) और उसके सहयोगी संगठन शामिल हैं। इन्हें अलकायदा का समर्थन हासिल है। साल 2016 में सीरियाई सेना ने विद्रोहियों को खदेड़ दिया था। 8 साल बाद ऐसा फिर हो रहा है जब विद्रोही गुटों ने अलेप्पो पर कब्जा करने जा रहे हैं। एचटीएस ने 27 नवंबर को हमला किया था और शहर के अंदर घुस कर कई मिलिट्री ठिकानों पर कब्जा कर लिया था। सीरिया सरकार ने शनिवार को अलेप्पो एयरपोर्ट, हॉस्पिटल और शहर से जुड़ी सभी सड़कों को बंद कर दिया है। इस बीच रूस, सीरियाई सरकार की मदद में जुट गया है। मॉस्को टाइम्स के मुताबिक रूसी सेना ने शुक्रवार को विद्रोहियों और उनके हथियार गोदामों पर घातक बमबारी की। रूसी सेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटे में विद्रोहियों के



23 ठिकानों पर हमला किया और 200 से ज्यादा विद्रोहियों को मार गिराया है। सीरिया में 3 दिन पहले विद्रोहियों का शुरू हुआ हमला बशर अल-असद सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। अब तक हुई झड़पों में दोनों तरफ के 250 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति असद के 3 सबसे बड़े सहयोगी ईरान, हिजबुल्लाह और रूस घरेलू मामले में उलझे हैं। रूस, यूक्रेन से जंग लड़ रहा है, जबकि ईरान और हिजबुल्लाह का इजराइल के साथ विवाद चल रहा है। इन तीनों ने असद सरकार को गृह युद्ध से निपटने में अहम भूमिका निभाई थी। सीरिया, ईरान के लिए जरूरी है, क्योंकि हिजबुल्लाह और हमास तक हथियार पहुंचाने के लिए ईरान, सीरिया का इस्तेमाल करता है। ऐसे में जल्द ही ईरान, सीरिया को हथियार मुहैया करा सकता है।

ईरान समर्थक इराकी मिलिशिया सीरिया जा सकते हैं। इन मिलिशिया में कताइब हिजबुल्लाह, असाइब अहल अल हक, हरकत अल नुजबाह शामिल हैं। 2011 में अरब क्रांति के साथ ही सीरिया में गृह युद्ध की शुरुआत हुई थी। सीरिया के लोगों ने 10 साल से सत्ता में काबिज बशर अल-असद सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए। इसके बाद 'फ्री सीरियन आर्मी' के नाम से एक विद्रोही गुट तैयार हुआ। विद्रोही गुट के बनने के साथ ही सीरिया में गृह युद्ध की शुरुआत हो गई थी। इसमें अमेरिका, रूस, ईरान और सऊदी अरब के शामिल होने के बाद ये संघर्ष और बढ़ता गया। इस बीच, सीरिया में आतंकवादी संगठन आईएसआईएस ने भी पैर पसार लिए थे। 2020 के सीजफायर समझौते के बाद यहां सिर्फ छिटपुट झड़प ही हुई हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, एक दशक तक चले गृहयुद्ध में 3 लाख से ज्यादा लोग मारे गए थे। इसके अलावा लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा था। 1986 में यूएनईएससीओ से वैश्विक धरोहर का दर्जा हासिल करने वाला और दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक अलप्पो शहर 2012 के आते-आते सीरिया के गृह युद्ध की अहम जगह बन गया था। सीरिया का अलेप्पो शहर न सिर्फ वैश्विक धरोहर बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का केंद्र भी था।

# कनाडाई कोर्ट बोला-मंदिर के 100 मीटर में खालिस्तानी न फटकें

## प्रदर्शनकारी आएं तो पुलिस गिरफ्तार करे, लक्ष्मीनारायण मंदिर की याचिका पर दिया आदेश



ओटावा, 30 नवंबर (एजेंसियां)। कनाडा की एक कोर्ट ने मंदिरों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा, मंदिर के 100 मीटर के दायरे में खालिस्तानी न फटकें। ओंटारियो की सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस ने प्रदर्शन के नाम पर आने वाले खालिस्तान समर्थकों पर रोक लगा दी है। टोरंटो में स्कारब्रॉ के लक्ष्मीनारायण मंदिर की याचिका पर कोर्ट ने कहा, मंदिर में शनिवार को होने वाले कॉन्सुलर कैंप के दौरान प्रदर्शनकारियों के 100 मीटर दायरे में आने पर मनाही रहेगी। इस परिधि में प्रदर्शनकारियों को पुलिस गिरफ्तार करे। कोर्ट ने कहा कि हिंसा की आशंका के चलते यह फैसला किया गया है। यह मनाही शनिवार सुबह 8 बजे से लेकर 6 बजे तक लागू रहेगी। कोर्ट ने ऐसे हर आदमी या सामान को हटाने का आदेश दिया है, जो लोगों को मंदिर तक जाने से रोकता है। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) भारतीय उच्चायोग की ओर से लगाए जाने वाले कॉन्सुलर कैंप पर हमलों की धमकी दे चुका है। लक्ष्मीनारायण मंदिर और ब्रैम्प्टन में 3 नवंबर को हुए हमले में भी एसएफजे से जुड़े लोगों का हाथ सामने आया था। ब्रैम्प्टन कॉन्सुलर कैंप में हिंसा में पुलिस अफसर हरिंदर सोही को दोषी पाया था, लेकिन जांच में ही क्लीनचिट दे दी। कनाडा में भारतीय राजनयिकों पर भी नजर रखी जा रही है। इसकी जानकारी गुरुवार को भारत सरकार ने संसद को दी थी। सरकार ने बताया कि वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों के ऑडियो और वीडियो मैसेजेस की निगरानी की जा रही थी और उनके निजी मैसेजेस को पढ़ा जा रहा था। कनाडा के अधिकारियों ने हाल ही में इसकी सूचना भारतीय वाणिज्य दूतावास को दी थी। भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर उठाए गए कदम पर गुरुवार को विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि भारत, कनाडा के साथ लगातार संपर्क में है। हमने उन्हें हमारे राजनयिकों को हर वक्त जरूरी सुरक्षा मुहैया करने को कहा है।

# खतरनाक तरीके से मौसम ने ली करवट

## बाढ़ और भूस्खलन में 15 लोगों की मौत

कोलंबो, 30 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका में मौसम ने खतरनाक करवट ले ली है। बता दें कि इस द्वीप देश के दक्षिण-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के प्रभाव से मौसम की यर प्रतिकूल स्थिति पैदा हुई है।



आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने जानकारी दी कि ऐसे प्रतिकूल मौसम स्थिति के कारणर बाढ़, तूफान और भूस्खलन से जन-जीवन अस्त-व्यस्थ हो गया है। मौसम की इस खतरनाक करवट ने श्रीलंका में 15 लोगों की जान ले ली है। अभी मौसम के और खराब होने की आशंका जाहिर की गई है।

डीएमसी ने कहा कि देश में बाढ़, तेज हवाओं और भूस्खलन से 4,50,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। इसने बताया कि सबसे अधिक 10 मौतें पूर्वी प्रांत में हुईं। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पूर्वी प्रांत में कहर बरपाने वाला चक्रवाती तूफान शनिवार को बाद में भारत के दक्षिणी राज्य तमिलनाडु की ओर बढ़ेगा। इसके बाद देश में मौसम की स्थिति में सुधार हो सकता है। मौसम विभाग ने कहा कि हालांकि, उत्तर, उत्तर मध्य और पूर्वी त्रिंकोमाली जिलों में 100 मिलीमीटर से अधिक बारिश की संभावना है। देश के कुछ हिस्सों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है। इस बीच, पुलिस ने बताया कि उसने पूर्वी शहर समनथुराई में ट्रैक्टर पर जाते समय बाढ़ के कारण हुई छह छात्रों की मौत के मामले में एक स्कूल के प्रधानाचार्य और एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। प्रधानाचार्य ने बस नहीं होने के कारण छात्रों को ट्रैक्टर से जाने के लिए कहा था।

# खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने 17 आतंकियों को मार गिराया

## कराची हवाईअड्डे पर हमले में जेआईटी गठित

पेशावर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा प्रांत लंबे समय से आतंकियों और सुरक्षाबलो के बीच में जंग का मैदान बना है। इस बीच, सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को वहां आतंकियों ने के खिलाफ दो बड़े अभियान चलाए। इन दोनों हमलों में कुल सत्रह आतंकी ढेर किए गए हैं। वहीं, कराची हवाईअड्डे पर हमले के मामले में सिंध सरकार ने 2 संदिग्धों की जांच के लिए पूछताछ दल गठित किया है। इन संदिग्धों ने पिछले महीने कराची हवाई अड्डे के पास एक चीनी काफिले पर आत्मघाती हमले में कथित तौर पर मदद की थी।

**खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मारे गए 17 आतंकी**

सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को दो अलग-अलग अभियानों में सत्रह आतंकवादी मारे गए। दरअसल, सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन बन्नू और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में आतंकियों के खिलाफ अभियान चलाया था। इन दोनों अभियानों में उनके ठिकानों को निशाना बनाया।



जानकारी के मुताबिक, बन्नू जिले के बाका खेल इलाके में, हाफिज गुलबहादुर समूह से जुड़े 12 आतंकवादियों को हेलिकॉप्टरों ने उनके परिसर पर हमला कर मार गिराया। वहीं, दूसरा ऑपरेशन उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली के हासो खेल इलाके में चलाया गया। इसमें पांच आतंकवादी मारे गए।

**बरामद हुए हथियार**

सूत्रों ने यह भी बताया कि आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकियों की तस्वीरें भी जारी कीं हैं। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान के सिंध प्रांत के अधिकारियों ने दो संदिग्धों की जांच के लिए एक संयुक्त पूछताछ दल (जेआईटी) का गठन किया है। इन दोनों संदिग्धों ने पिछले महीने अक्तूबर में कराची हवाई अड्डे के पास एक चीनी काफिले पर आत्मघाती हमले में कथित तौर पर मदद की थी। गौरतलब है कि 6 अक्तूबर को हुए आत्मघाती हमले में दो चीनी इंजीनियरों और एक पाकिस्तानी नागरिक की जान चली गई थी। इसके बाद से पाकिस्तान और चीन के बीच संबंधों में तनाव आ गया। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली थी। पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद बीएलए के नेताओं और अन्य के खिलाफ पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की।

# अंजू के बाद एक और भारतीय लड़की पाकिस्तानी प्रेमी को दे बैठी दिल

## बिना वीजा शादी करने पहुंची तो हुई अरेस्ट

मुजफ्फराबाद, 30 नवंबर (एजेंसियां)। अंजू के बाद एक और भारतीय लड़की अपने पाकिस्तानी प्रेमी से शादी करने के लिए वहां पहुंच गई है। भारतीय लड़की बिना वीजा अवैध तरीके से एलओसी पार करके पीओके पहुंच गई। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक इस भारतीय लड़की का नाम फातिमा है और यह जम्मू कश्मीर की रहने वाली है। फातिमा अपने प्रेमी से शादी करने के लिए अवैध तरीके पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर या पीओके के इलाके में घुस गई। पीओके की पुलिस को जब भारतीय लड़की के आने की जानकारी मिली तो उसने फातिमा को अरेस्ट कर लिया। फातिमा के प्रेमी का नाम इमरान है और उसे भी अरेस्ट कर लिया गया है। पाकिस्तानी टीवी चैनल जिओ की रिपोर्ट के मुताबिक पीओके की कहूटा पुलिस ने जम्मू कश्मीर की लड़की फातिमा को अवैध तरीके से घुसने के आरोप में अरेस्ट किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इमरान ने उससे वादा किया था कि अगर वह पीओके में आ जाती है तो वह शादी कर लेगा। इसके बाद फातिमा ने यह जोखिमभरा कदम उठाया। इसकी सूचना जब पीओके की पुलिस को मिली तो उसने इमरान के केइर्ने गांव स्थित घर पर छापा मारा और फातिमा को अरेस्ट कर लिया। इस बारे में पीओके की पुलिस ने एक एफआईआर भी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि फातिमा 24 नवंबर को एलओसी पार करके आई थी और वह पीओके के पुंछ जिले में पहुंच गई।

# चीन में मिला दुनिया का सबसे बड़ा सोने का भंडार

## इससे बन सकती हैं 50 करोड़ शादी की रिंग, बदलेगी ड्रैगन की किस्मत

बीजिंग, 30 नवंबर (एजेंसियां)। चीन के हुनान प्रांत में सोने का विशाल भंडार खोजा गया है। हुनान प्रांत के भूवैज्ञानिक ब्यूरो ने बताया है कि पिंगजियांग काउंटी में सोने की ये खोज हुई है। एक्सपर्ट का अनुमान है कि इस खान में 1000 मीट्रिक टन उच्च गुणवत्ता का सोना हो सकता है। इस सोने की कीमत भारतीय रुपए में तकरीबन सात लाख करोड़ आंकी गई है। ये खोज चीन के गोल्ड बाजार में बड़ा फर्क पैदा कर सकती है। ये दुनिया में अभी तक खोजा गया सोना का सबसे विशाल भंडार है। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के वान्गु गोल्ड फील्ड में हुई सोने की इस अद्भुत खोज से 500 मिलियन यानी 50 करोड़ सोने की अंगूठियां बनाई जा सकती हैं। एक सोने की अंगूठी का औसत वजन आमतौर पर दो ग्राम होता है। एक टन में



दस लाख ग्राम होते हैं। ऐसे में 1,000 टन सोने का वजन एक अरब ग्राम होगा। ऐसे में ये सोना 500 मिलियन अंगूठियां बनाने के लिए काफी है। ऐसे में इस भंडार से चीन अपनी आबादी की ज्यादातर महिलाओं को सोने की अंगूठी दे सकता है। चीन की कुल महिला आबादी करीब 68 करोड़ है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह खोज पिंगजियांग काउंटी के खेतों के नीचे हुई है। यहां 40 से ज्यादा गोल्डन वेन पाए गए हैं। जमीन के नीचे ये गोल्डन वेन यानी सोने के भंडार भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के जरिए हजारों वर्षों में बनते हैं। एक्सपर्ट को पहले 2,000 मीटर की गहराई में खुदाई करने पर 300 टन सोना मिला। वैज्ञानिकों ने इसके बाद 3D मॉडलिंग का इस्तेमाल किया तो पता चला कि गोल्डन वेन 3,000 मीटर की गहराई तक जा सकती हैं। ऐसे में सोना 300 नहीं 1000 टन है।

भूवैज्ञानिक चेन रुलिन ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ड्रिल किए गए रॉक कोर में सोना दिखाई दे रहा था। रुलिन ने उम्मीद जताई है कि साइट के बाहरी इलाकों में और भी सोना मिल सकता है।

हुनान प्रांत के भूवैज्ञानिक ब्यूरो ने बताया है कि यह भंडार ना केवल सोने की मात्रा के मामले में बल्कि उसकी गुणवत्ता के मामले में भी समृद्ध है। सोने के इस भंडार से लिए गए नमूनों के परीक्षणों से पता चला है कि साइट पर प्रत्येक टन अयस्क में लगभग 138 ग्राम शुद्ध सोना है। यह उच्च गुणवत्ता वाले सोने के लिए न्यूनतम मान आठ ग्राम प्रति टन से काफी अधिक है।

# ट्रम्प के रक्षा मंत्री पर महिलाओं के शोषण के आरोप

## मां ने 6 साल पहले खुलासा किया था लिखा- दूसरी महिलाओं के साथ संबंध बनाए

वाशिंगटन, 30 नवंबर (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार में रक्षा सचिव के पद के लिए चुने गए पीट हेगसेथ पर महिलाओं के शोषण के आरोप लगे हैं। अमेरिकी मीडिया हाउस न्यूयॉर्क टाइम्स ने पीट हेगसेथ की मां के 6 साल पुराने ई-मेल के हवाले से इसकी जानकारी दी है। 2018 में लिखे मेल में उनकी मां पेनेलोपे ने आरोप लगाए थे कि हेगसेथ ने कई सालों तक अलग-अलग महिलाओं का शोषण किया। इस ईमेल में हेगसेथ की मां उनके खराब चरित्र के बारे में बात की थी।

ईमेल मे पेनेलोप ने हेगसेथ पर अपनी ताकत और अहंकार के लिए महिलाओं का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हेगसेथ की मां होते हुए उन्हें बहुत दुख और शर्मिंदगी होती है, लेकिन यह एक दुखद सच है।

इसके अलावा, कैलिफोर्निया के मोंटेरे में एक राजनीतिक सम्मेलन में हुई घटना के बाद हेगसेथ के खिलाफ 2017 में दुष्कर्म की शिकायत भी की गई थी। हेगसेथ ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि संबंध आपसी सहमति से बने थे।

पीट हेगसेथ एक लोकप्रिय टीवी होस्ट भी हैं। वे दक्षिणपंथी चैनल पर 'फॉक्स एंड फ्रेंड्स वीकेंड' के को-होस्ट हैं। हेगसेथ की एक बड़ी फैन फॉलोइंग है।

# लेबनान में इजरायल को हमने झुका दिया

## ये 2006 से बड़ी जीत, सीजफायर के बाद हिजबुल्लाह चीफ कासिम का बड़ा दावा

बेरूत, 30 नवंबर (एजेंसियां)। लेबनानी गुट हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम ने कहा है कि इजरायल के खिलाफ उनकी बहुत बड़ी जीत हुई है। शुक्रवार को एक टीवी भाषण में कासिम ने लेबनान के हालिया युद्ध में इजरायल को झुकने पर मजबूर करने के दावा किया है। कासिम ने कहा कि हिजबुल्लाह ने प्रतिरोध को जारी रखते हुए इजरायल को घुटनों पर ला दिया और समझौता करने पर मजबूर किया। कासिम ने कहा कि हिजबुल्लाह ने 2006 के बाद एक बार फिर से लेबनान में इजरायल को हराया है। यरूशमल पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, कासिम ने



सितंबर में हुए पेजर हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इजरायल को उम्मीद थी कि वह हिजबुल्लाह के कमांड सिस्टम पर हमला करके अपने लक्ष्य हासिल कर लेगा। ऐसा नहीं हुआ और हिजबुल्लाह ने इजरायल के घरेलू मोर्चे पर हमले शुरू किए, जिससे इजरायल रक्षात्मक स्थिति में आया और युद्ध विराम पर आगे बढ़ा। कासिम ने इस दौरान कहा, 'हमने अपना सिर ऊंचा करके समझौते को मंजूरी दी। इस समझौते का मुख्य बिंदु लितानी नदी के नीचे दक्षिणी लेबनान के सभी हिस्सों से इजराइली सेना की वापसी थी। हम इस पर कायम रहे और इजरायल को इस पर मानना पड़ा। उन लोगों ने यह दांव लगाया था कि हिजबुल्लाह कमजोर हो जाएगा लेकिन उनका दांव पूरी तरह से नाकामयाब रहा है।' कासिम ने अपने भाषण में कहा कि यह 2006 की जीत से भी बड़ी है। इजरयल की हार की एक निशानी हमारे लोगों की वापसी की और दूसरी तरफ बसने वालों की अनुपस्थिति है। युद्ध विराम व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कासिम ने बताया कि समझौते को लागू करने के लिए लेबनानी सेना और हिजबुल्लाह के बीच उच्च-स्तरीय समन्वय होगा।

कासिम ने इस दौरान हिजबुल्लाह की लगातार लड़ने के लिए तारीफ की है। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच इसी हफ्ते युद्ध विराम समझौता हुआ है। अमेरिका क मध्यस्थता में हुए इस समझौते के तहत दक्षिण लेबनान से इजरायली सैनिक पीछे आएंगे और हिजबुल्लाह भी वहां से हट जाएगा।

# ट्रम्प-ट्रूडो की मुलाकात, घर की बजाय प्राइवेट क्लब में मिले

## साथ में डिनर किया, अपने घर के बजाय ट्रूडो को क्लब ले गए ट्रम्प

वॉशिंगटन, 30 नवंबर (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो शुक्रवार रात को अचानक अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने पहुंचे। यह मुलाकात फ्लोरिडा में ट्रम्प के घर मार-ए-लागो में नहीं बल्कि उनके प्राइवेट क्लब में हुई। अमूमन जब भी कोई नेता या सेलिब्रेटी ट्रम्प से मिलने फ्लोरिडा जाते हैं तो वह उनके घर मार-ए-लागो जाते हैं।

पाम बीच पर बने क्लब में ट्रम्प-ट्रूडो ने साथ में डिनर किया। ट्रूडो के साथ कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर डोमिनिक लेब्लांक समेत और भी कई लोग थे। ट्रूडो की इस यात्रा के बारे में पहले कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी। ट्रूडो की इस यात्रा पर ना ही ट्रम्प की टीम ने कोई जवाब दिया है और ना ही ट्रूडो के कार्यालय ने कोई जानकारी दी है। ट्रूडो की यह विजिट उनके सार्वजनिक कार्यक्रमों की सूची में शामिल नहीं थी। ट्रम्प के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद ट्रूडो पहले जी-7 देशों के प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने ट्रम्प से मुलाकात की है। यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब कुछ दिन पहले ही ट्रम्प ने कनाडा पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। टैरिफ, दूसरे देशों से आने वाले सामान पर लगाया जाता है। ट्रम्प के बयान के बाद कनाडाई पीएम ट्रूडो ने उनसे बात भी की थी।

ट्रम्प ने टैरिफ लगाने की ऐलान क्यों कियाट्रम्प ने 26 नवंबर को सोशल मीडिया पर ऐलान किया था कि वे राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद पहले दिन ही कनाडा, मैक्सिको और चीन से अमेरिका आने वाले सामान पर 25% से 35% तक टैरिफ लगा देंगे। ट्रम्प ने कहा कि कनाडा और मेक्सिको दोनों चाहें तो अवैध प्रवासियों और ड्रग्स (फेंटेनाइल) सप्लाई पर आसानी से लगाम लगा सकते हैं, पर वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। जब तक ये इस पर लगाम नहीं लगाते तब तक उन्हें अमेरिका की तरफ से लगाए गए भारी टैरिफ की मार झेलनी पड़ेगी।

ट्रम्प की इस घोषणा के बाद पीएम ट्रूडो के ऑफिस ने बयान जारी कर कहा है कि अमेरिका में ऊर्जा आपूर्ति के लिए कनाडा जरूरी है। पिछले साल अमेरिका ने जितना तेल इस्तेमाल किया था, उसका 60% कनाडा से आया था। वे ट्रम्प टीम से इन मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

वहीं, एनवाईटी के मुताबिक कनाडा, अमेरिका के सबसे बड़े पार्टनर्स में से एक है। अमेरिका, कनाडा के 80% तेल और 40% गैस का इस्तेमाल करता है। ट्रूडो ने अमेरिका रवाना होने से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई थी।



# 6 हजार करोड़ का घोटाला करने वाली कंपनी पर ताले

## डूंगरपुर में 7 महीने पहले शुरू किया था ऑफिस, इन्वेस्टमेंट के नाम धोखाधड़ी का आरोप

डूंगरपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात के मोडासा और हिम्मतनगर में 6 हजार करोड़ रुपए का घोटाला कर रफू-चक्कर हुई बीजेड फाइनेंस कंपनी का डूंगरपुर ऑफिस भी बंद पड़ा है। शहर के बिछीवाड़ा रोड पर सिंटेक्स के सामने स्थित ऑफिस पर 8 दिनों से ताले लटके हैं। वहीं, ऑफिस का बोर्ड भी रात के समय अज्ञात लोगों ने तोड़ दिया। लोगों को बड़ा मुनाफा देने के नाम पर उनके साथ ठगी हुई है।

हालांकि डूंगरपुर में ठगी के शिकार हुए लोग अब तक सामने नहीं आए है और नहीं कोई रिपोर्ट दी गई है, लेकिन गुजरात के सीआईडी ब्रांच की टीम मामले की जांच कर रही है।

डूंगरपुर के पड़ोसी राज्य गुजरात के अरवल्ली, साबरकांठा समेत 7 जिलों में 6000 करोड़ रुपए का घोटाला करने वाली बीजेड फाइनेंस सर्विस के डूंगरपुर में भी ऑफिस है, लेकिन ये ऑफिस पिछले 8 दिनों से बंद है। शहर के सिंटेक्स के सामने ही एक कॉम्प्लेक्स में ऊपरी मंजिल पर एक दुकान में बीजेड़ फाइनेंस का ऑफिस चल रहा था। जहां पर लोगो को जमा राशि पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर झांसे में लेकर लोगों से इन्वेस्ट करवाते थे।

लोगों ने बताया कि डूंगरपुर में ये ऑफिस 7 महीने पहले ही खुला था और कई लोग मोटा मुनाफा कमाने के लालच में आकर इनमें अपना जमा इन्वेस्ट करते थे, लेकिन 10 दिनों से ऑफिस के शटर पर ताले लटके हैं। लोगों ने ये भी बताया कि कंपनी में कोई 2 कर्मचारी आते जाते रहते थे, लेकिन उनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

बोर्ड तोड़ा, 8 मिनट बाद सामान लेकर गए

कंपनी का ऑफिस 8 दिनों से बंद है। शुक्रवार रात करीब 10.31 बजे बाद एक गाड़ी से 2 युवक आए। गाड़ी की लाइट बंद की। इसके बाद दोनों गाड़ी से उतरे ऑफिस जाने की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रहे है। इसके बाद बोर्ड तोड़ा और फिर हाथों में कुछ कागज ओर सामान लेकर वापस उतरते दिखाई दे रहे है। इसके बाद साइड में खड़ी पिकअप गाड़ी में बैठकर बिछीवाड़ा की ओर चले जाते है।

डूंगरपुर में शिकार लोगों के सामने आने के बाद पता लगेगा कितना पैसा डूबा

डूंगरपुर में ऑफिस खुलने के बाद कई लोग मोटा मुनाफा कमाने के लिए अपना पैसा इन्वेस्ट किया है, लेकिन अभी तक किसी भी व्यक्ति की ओर से कोई रिपोर्ट या शिकायत नहीं की गई है। ऐसे में कितने लोग कंपनी के शिकार हुए ओर उनका कितना पैसा डूबा इसका पता नहीं चल सका है, लेकिन गुजरात के अहमदाबाद सीआईडी की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। इसके बाद डूंगरपुर में इस जालसाजी का शिकार हुए लोगों का भी पता चल सकेगा।

दो लोगों का किया गिरफ्तार

गुजरात अहमदाबाद सीआईडी के एडीआईजी राजकुमार पांडेय ने बताया कि लोगों को झांसे में लेकर बड़ा मुनाफा दिलाने के नाम पर कंपनी ने फ्रॉड किया है। कंपनी के खिलाफ केस दर्जकर 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, कंपनी के डॉक्यूमेंट के रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। प्राथमिक तौर पर 6 हजार करोड़ की धोखाधड़ी है। लोगों से चैक अमाउंट की डिटेल के साथ ही कैश डिटेल को भी खंगाला जा रहा है।

# अनिता हत्याकांड में सीबीआई जांच के लिए राजस्थान सरकार ने केंद्र को लिखा खत

## सीएम से मिले थे ओसियां विधायक



जोधपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। ब्यूटीशियन अनिता चौधरी हत्याकाण्ड की सीबीआइ से जांच कराने के लिए राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर अनुशंसा कर दी। परिजन ने सीबीआइ जांच सहित विभिन्न मांगों को लेकर 21 दिन तक धरना दिया था। ओसियां विधायक भैराराम सियोल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और हत्याकाण्ड पर चर्चा की।

सीबीआइ से जांच कराने पर विचार किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री भजनलाल ने एसीएस गृह से बात की और सीबीआइ जांच की अनुशंसा के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा। विधायक भैराराम ने इसकी पुष्टि की है। गौरतलब है कि सरदारपुरा प्रथम बी रोड निवासी अनिता चौधरी गत 27 अक्टूबर को ऑटो में गंगाणा निवासी गुलामुद्दीन के घर गई थी। फिर वह गायब हो गई थी। शर्बत में नींद की गोलियां खिलाने के बाद गुलामुद्दीन ने उसके जेवर लूट लिए थे।

शव के किए थे छह टुकड़े

दूसरे दिन अल-सुबह हथौड़ा मारकर महिला की हत्या कर दी थी और शव के छह टुकड़े कर मकान के बाहर गड्ढे में गाड़ दिए थे। पति मनमोहन चौधरी ने 31 अक्टूबर को सरदारपुरा थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया था।

परिजन की सहमति के बगैर पुलिस ने 12 नवम्बर को पोस्टमार्टम कराया। सीबीआइ जांच व 51 लाख रुपए आर्थिक सहायता सहित विभिन्न मांगों पर सहमति बनने पर 19 नवंबर को धरना समाप्त कर शव का अंतिम संस्कार कराया गया था।

# वन स्टेट-वन इलेक्शन पर बढ़ी रार, निकाय चुनावों पर सरकार चुप, कोर्ट जाने की तैयारी में कांग्रेस



जयपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में भाजपा वन स्टेट, वन इलेक्शन के फार्मूले पर आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। प्रदेश में 59 निकायों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। यहां चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किए गए हैं बल्कि सरकार ने प्रशासक लगा दिए हैं। सरकार ने पिछले साल संकेत दिए थे कि वे पंचायत और निकाय चुनाव एक साथ करवाना चाहते हैं लेकिन कानून में कोई संशोधन नहीं हुआ। ऐसे में कांग्रेस अब इस मामले को कोर्ट से निपटाने पर भी विचार कर रही है।

शहरी विकास एवं आवास (यूडीएच) मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने दो महीने पहले संकेत दिया था कि शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव 2025 में एक साथ कराए जाएंगे। प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले बजट में घोषणा की थी कि राज्य भर में स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। हालांकि राज्य सरकार की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है न ही आयोग को इस बारे में कोई चिट्ठी लिखी गई है। ऐसे में अब कांग्रेस इस मामले को लेकर कोर्ट जाने की तैयारी कर रही है। मौजूदा संवैधानिक व्यवस्था में जो कानून है, उसमें पंचायत और निकाय चुनाव 6 महीने से ज्यादा टाले नहीं जा सकते।

हालांकि राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) को निर्देश दिया है कि वे प्रत्येक वार्ड के लिए आवश्यक समझे जाने वाले मतदान केंद्रों का चयन करें और आगामी नगर निकायों के चुनावों के लिए मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशित करें लेकिन कांग्रेस का कहना है कि चुनाव करवाने हैं तो अब तक मतदाता सूची प्रकाशित हो जानी चाहिए थी।

अभी तक वोट लिस्ट ही नहीं बनी- डोटासरा

इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा का कहना है कि मौजूदा लोकसभा में केंद्र सरकार कानून में बदलाव करती है तो अलग बात है नहीं तो हम चुनाव करवाने के लिए जनता के बीच भी जाएंगे, हाईकोर्ट भी जाएंगे और जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे।

डोटासरा ने कहा- बीजेपी इस मामले में पूरी तरह से फेल है। प्रदेश में 59 नगर परिषदों के चुनाव हो जाने चाहिए थे लेकिन अभी तक वोट लिस्ट ही नहीं बनी, आरक्षण की कोई बात भी नहीं हुई। वन स्टेट, वन इलेक्शन की मुंह जुबानी बातें हो रही हैं, कानून में कोई संशोधन नहीं हुआ। ये दिल्ली की पर्ची की तरफ देख रहे हैं, दिल्ली की पर्ची अभी आई नहीं।

डोटासरा ने कहा कि जब तक दिल्ली की पर्ची नहीं आएगी तब तक ये प्रशासक लगाकर बैठे रहेंगे। जनवरी में ग्राम पंचायतों के जो चुनाव होने हैं, उसमें भी ये प्रशासक लगा देंगे। आज की तारीख में सरकार का सबसे बड़ा फेल्योर है तो वह यह कि सरकार में ब्यूरोक्रेसी हावी है और जनता की बात कोई नहीं सुन रहा है।

# मदन राठौड़ धमकी प्रकरणः नेता प्रतिपक्ष बोले- इनके राज में अध्यक्ष ही सुरक्षित नहीं, राज्यवर्धन ने किया पलटवार

जयपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। मदन राठौड़ धमकी प्रकरणः राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा है कि केन्द्र व राज्य में भाजपा का राज है और संसद के शीतकालीन सत्र के चलते दिल्ली में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को जान से मारने की धमकी मिली है। जोकि बहुत गंभीर और चिंताजनक विषय है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा राज में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। ऐसे में आम आदमी की सुरक्षा पर एक गंभीर प्रश्न खड़ा हो गया है। जूली ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य कि बात है कि सत्तारूढ़ पार्टी अध्यक्ष को अपनी सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग करनी पड़ रही है, जबकि यह राजस्थान सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है, लेकिन मुख्यमंत्री जी को तो राजस्थान का उदय करने की चिंता है, प्रदेश की कानून व्यवस्था की कोई परवाह नहीं है। अब तो इनके पार्टी प्रमुख तक सुरक्षित नहीं है।

जूली ने कहा कि भाजपा राज में अपराधियों के भीतर डर खत्म हो चला है। प्रदेश में अपराध का ग्राफ जिस तेजी से बढ़ रहा है। उससे आम जन में चिंता व्याप्त है। जब सत्ताधारी दल के मुखिया जो राज्य सभा सांसद भी हैं। यदि वे ही संसद सत्र के चलते हुए असुरक्षित हैं तो फिर समझा जा सकता है कि प्रदेश की जनता किस कदर असुरक्षित होगी।

नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी का जवाब देते हुए देर रात कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली छापने की लालच में जल्दबाजी कर गए। उन्होंने यह चेक नहीं करवाया कि वह धमकी देने वाला आदमी कौन था?



राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा की धमकी देने वाले को हमारी सरकार द्वारा मात्र 2 घंटे में पकड़ लिया गया। पकड़ने के बाद जो सामने आया वह चौंकाने वाला है, क्योंकि वह आदमी जिसने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को धमकी दी है, वह कांग्रेस का जिला महासचिव रह चुका है। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने यह भी कहा कि उस व्यक्ति का 2012 में लोकसभा का पास बना था। वह व्यक्ति दो बार कलेक्टर को और कई विधायकों को भी धमकी दे चुका है। आगे बोलते हुए राठौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हम पर उंगली उठा रही है। जिस पार्टी के राज में एक छोटी बच्ची का बलात्कार कर भट्टी में फेंक दिया गया था, आज वह पार्टी हम पर उंगली उठा रही है।

जिस पार्टी के राज में उनकी खुद की महिला विधायक ने कहा था कि मैं सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हूं, यह वही पार्टी आज सवाल उठा रही है। जिसकी खुद के विधायकों को पुलिस की घेराबंदी में रहना पड़ता था। यह वह पार्टी सवाल उठा रही है जो सरकार बचाने के लिए 5 साल तक जनता के पैसे से फाइव स्टार होटल में मौज काटती रही, आज इनको इतना दर्द क्यों है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इस व्यक्ति के धमकी देने और पकड़े जाने का इसका सीधा संबंध कहीं नशे के कारोबार से तो नहीं है।

# क्या फिर से बगावत की राह पकड़ेंगे 'बाबा', किरोड़ी ने बढ़ाई बीजेपी की टेंशन

## बड़े अफसर भी हैं रडार पर?



जयपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की भजनलाल सरकार इन दिनों इनवेस्टमेंट समिट की तैयारियों में व्यस्त है। लेकिन इसी बीच उनके कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने एक बड़ा बयान दे दिया है कि वे उपचुनावों की हार के लिए जिम्मेदार लोगों का जल्द खुलासा करेंगे। किरोड़ी के इस बयान ने निश्चित रूप से बीजेपी की टेंशन बढ़ा दी है। सियासी जानकार कह रहे हैं कि 'बाबा' किरोड़ी का धमका होगा तो इसकी जद में सरकार के कई अफसर और मंत्री भी आ सकते हैं। इनवेस्टमेंट समिट से पहले किरोड़ी लाल के इस खुलासे से प्रदेश के सियासी माहौल पर बड़ा असर आएगा।

किरोड़ी लाल मीणा के पास मुद्दों की कोई कमी नहीं है। दौसा उपचुनाव में भाई जगमोहन मीणा की हार के बाद किरोड़ी का यह बयान काफी चर्चाओं में आया था जिसमें उन्होंने कहा था -'गैरों में कहां दम था, मुझे हमेशा जयचंदों ने ही मारा।' वह इस बात के स्पष्ट संकेत दे चुके हैं कि उनके भाई की हार के पीछे बीजेपी के लोग ही जिम्मेदार हैं।

वहीं इनवेस्टमेंट समिट से ठीक पहले किरोड़ी लाल मीणा एक एनआरआई निवेशक को लेकर एसीबी दफ्तर पहुंच गए। जहां उन्होंने एसीबी पर भी बड़े आरोप लगा दिए। एसीबी हैड डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा से मुलाकात के बाद किरोड़ी लाल मीणा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हमारी सरकार इस मामले को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि कहा मैंने सीएम भजनलाल शर्मा से कह दिया। इसके बाद भी 92 साल का बुजुर्ग एसीबी के दरवाजे पर खड़ा है। मैं इसे उचित नहीं मानता, यह बिल्कुल भी ठीक नहीं है। हमारी सरकार संवेदनशील है, लेकिन यहां पर न जाने संवेदन शून्यता क्यों है? यह मेरे भी समझ से बाहर है।

इसके साथ ही किरोड़ी लाल मीणा डीओआईटी और पेपर लीक मामलो को लेकर भी सक्रिय नजर आ रहे हैं। डीओआईटी में भ्रष्टाचार को लेकर वे गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेड़म से मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि सरकार की तरफ से उनके ज्ञापन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पेपर लीक में भी किरोड़ी एसआई भर्ती निरस्त करने की मांग कर रहे हैं।

# पहाड़ी इलाकों की बर्फीली हवा बढ़ाएगी ठंड, 12 शहरों में गिरा रात का पारा

जयपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में मौसम का मिजाज लगातार बदलता जा रहा है। पारे में गिरावट के साथ ही ठंड भी बढ़ना शुरू हो गई है। प्रदेश के 12 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से कम दर्ज किया गया। ऐसे में माना जा रहा है कि अब जल्द ही सर्दी के तेवर तीखे होने वाले है। मौसम विभाग की मानें तो पहाड़ी इलाकों की बर्फीली हवाओं के कारण राजस्थान में अगले दो-तीन दिन में सर्दी के तेवर तीखे हो जाएंगे।

इससे पहले 12 शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम दर्ज किया गया। सबसे कम रात का पारा फतेहपुर में 6.2 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा माउंट आबू में 7.4, करौली में 9.4, संगरिया में 9.5, अंता बारां में 8.8, चूरू में 8.6, डबोक में 9.6, चित्तौडगढ़ में 9.8, सीकर ,में 7.5, पिलानी में 9.1, अलवर में 9.6, भिवाड़ी में 9.3 डिग्री सेल्सियस रात का पारा दर्ज किया गया।

पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में तापमापी के पारे में आए उछाल के चलते मौसम खुशनुमा रहा। अलसुबह ठंड का असर रहा। दिन चढने के बाद सूर्योदय के समय स्थानीय लोगों व भ्रमणकारी पर्यटकों ने हसीन वादियों को निहारते हुए सडक़ों, बाजारों में चहलकदमी कर सुहावने मौसम का आनंद लिया। तापमान में आए उछाल के चलते न्यूनतम तापमान में 0.4 व अधिकतम तापमान में 1.4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने से तापमापी का पारा क्रमशः 7.4 व 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने अगले दो-तीन दिन राजस्थान के मौसम मे बड़ा परिवर्तन नहीं होने की संभावना जताई है। हालांकि, इसके बाद राजस्थान में सर्दी के तेवर तीखे हो जाएंगे। ऐसे में दिसंबर महीने में शुरुआत से ही सर्दी का असर रहेगा। साथ ही कोल्ड वेव चलने की भी संभावना है। माना जा रहा है कि पहाड़ी क्षेत्र का असर प्रदेशभर में साफ दिखाई देगा।

# सच्चे प्यार का सबूत देने के लिए लड़की ने पूर्व प्रेमी पर फेंका तेजाब

## सीने पर घोंपी कील लगी लकड़ी, एनसीबी अधिकारी है पूर्व- बॉयफ्रेंड



प्रतापगढ़, 30 नवंबर (एजेंसियां)। प्रतापगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र के एनएच 56 पर एनसीबी अधिकारी पर एसिड अटैक के मामले में पुलिस ने एक युवती समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर घायल अधिकारी का चिकित्सालय में उपचार जारी है।

पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने बताया कि हर्षवर्धनसिंह पुत्र महेन्द्रसिंह सिसोदिया निवासी सांतनु विहार पुलिस थाना वायडी नगर मंदसौर मप्र यहां एनसीबी में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है। शहर निवासी खुशी और साथी प्रियांशु राठौर ने मिलकर हर्षवर्धनसिंह पर एसिड अटेक कर जान से मारने की योजना बनाई। इसके तहत 28 नवंबर को खुशी ने हर्षवर्धन को एनएच 56 पर बगवास से आगे बुलाया। इस पर वह कार लेकर पहुंचा। वहीं खुशी और प्रियांशु एसिड लेकर शहर से मोटर साइकिल से रवाना होकर बगवास से आगे चित्तौड़गढ़ रोड पर पहुंचे। जहां पर खुशी को प्रियांशु ने छोड दिया और उसको बताया कि हर्षवर्धन के साथ उसकी कार में पीछे बैठ जाना। उसे बातों में उलझाकर उस पर ऐसिड से हमला कर देना। वह बाइक लेकर पीछे-पीछे आएगा। योजना के अनुसार हर्षवर्धन को चित्तौड़गढ़ रोड पर बुलाया। वहीं खुशी कार में बैठ गई और आगे चलने को कहा। जबकि खुशी पीछे की सीट पर बैठी हुई थी। खुशी अपने साथी प्रियांशु को मैसेज करते हुए अपडेट दे रही थी। जिसकी भनक हर्षवर्धन सिंह को लगी।

इस पर उसने गाडी वापस प्रतापगढ़ की तरफ घुमाने लगा। इतने में खुशी ने अपने बैग से एसिड की बोतल निकालकर हर्षवर्धन पर एसिड डाल दिया। अपने साथ लाई एक लकडी से हर्षवर्धन के सीने पर हमला किया। कार के ब्रेक लगाने से पीछे-पीछे आ रहा प्रियांशु मोटरसाइकिल सहित कार में टकरा गया। टक्कर लगने से कार का पीछे का कांच टूट गया। वहीं प्रियांशु के सिर में चोट लगी। बताया जा रहा है कि साथी प्रेमी को सच्चा प्यार दिखाने के लिए प्रेमिका ने पूर्व प्रेमी पर ये अटैक किया था। इसके बाद सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# पास में थे 1.50 करोड़, भिखारियों के बीच सोता था

## एबीवीपी के पूर्व नगर मंत्री का हत्यारा मांग रहा था भीख; महाराष्ट्र से पकड़ा

चूरू, 30 नवंबर (एजेंसियां)। चूरू में एबीवीपी के पूर्व नगर मंत्री की हत्या और जयपुर में करीब 1.50 करोड़ रुपए की लूट के आरोपी को पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने पुष्कर और मुंबई में भीख भी मांगी और भिखारियों के बीच सोता रहा, ताकि किसी को उस पर शक नहीं हो। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए कई जगह छापे मारे और करीब 400 सीसीटीवी के फुटेज खंगाले। इसके आधार पर रूट मैप तैयार किया और उसे पकड़ लिया। डीएसपी सुनील झाझड़िया ने बताया- सदर थाना क्षेत्र के डाबला गांव के पास 1 नवंबर की रात को एबीवीपी के पूर्व नगर मंत्री नरेंद्र प्रजापत (28) का पुरानी रंजिश को लेकर अमित कस्वां उर्फ मितला, शुभम ढाका और हितेश कुमावत ने लाठी और सरियों से पीट-पीटकर मर्डर कर दिया था। पुलिस ने नरेंद्र के चाचा की रिपोर्ट पर मर्डर का केस दर्ज किया था। डीएसपी ने बताया- साइबर सेल और मुखबिर की सूचना पर पुलिस शातिर अमित कस्वां उर्फ मितला के पीछे लगी थी, जो महाराष्ट्र के भिवंडी में छुपा हुआ था। पुलिस उसे गिरफ्तार कर शुक्रवार को चूरू लाई।

# पुरानी रंजिश को लेकर सरकारी स्कूल के लेक्चरार पर जानलेवा हमला

अलवर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। कठूमर थाना क्षेत्र के पावटा गांव में पुरानी रंजिश के चलते सरकारी स्कूल के लेक्चरार पर जानलेवा हमला हुआ। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ोदा कान में कार्यरत लेक्चरार रामावतार मीणा पर लगभग 15-16 लोगों ने लाठी, डंडे और सरिया से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल रामावतार को पहले कठूमर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें अलवर के राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय रैफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार पावटा गांव निवासी घायल रामवतार मीणा ने बताया कि वह अपने पिता टन्डुराम मीणा को खेत पर रोटी देकर वापस आ रहा था, तभी रास्ते में कुछ लोग यादराम मीणा पुत्र राधाकृष्ण, हरिसिंह पुत्र राधाकृष्ण, बेनी प्रसाद, घनश्याम पुत्र यादराम राकेश पुत्र यादराम सहित करीब 15 से 16 लोगों ने उसे रास्ते में घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान पीछे से आ रही रामवतार मीणा की मां विषणी देवी जब अपने बेटे को बचाने के लिए पहुंची तो उनके साथ भी मारपीट की।

# फिल्मस्टार-बिजनेसमैन को धमकी दिलवाने वाली लॉरेंस-गैंग की 'माया मैडम' गिरफ्तार

जयपुर, 30 नवंबर (एजेंसियां)। जयपुर में लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग की महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों के पास दो देशी कट्टे, दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में सामने आया कि गैंग के सभी सदस्य अवैध हथियार, मादक पदार्थ की तस्करी ,अपहरण और फिरोती की धमकी देकर पैसा वसूलते हैं। पकड़ी गई महिला सीमा मल्होत्रा उर्फ रेणु उर्फ माया मैडम गैंग के सदस्यों को टारगेट देती थी।

सीमा मल्होत्रा उर्फ माया मैडम ही गैंग के सदस्यों के जेल में बंद होने पर उनका पूरा खर्चा उठाया करती थी। सट्टेबाज, बड़े व्यापारी, फिल्म स्टार आदि के नम्बर प्राप्त कर उनको गोल्डी बराह या रोहित गोदारा किस से धमकी दिलवानी है। साथ ही राजस्थान की जेलों में बंद गैंगस्टरों के बीच सूचना साझा करने का भी काम करती है। महिला के खिलाफ जयपुर सहित दिल्ली-हरियाणा में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं।

मामले में पुलिस ने दिल्ली की रहने वाली सीमा मल्होत्रा, राजकोट गुजरात के रहने वाले हरेन शैलेष और हिसार हरियाणा के रहने वाले सचिन वर्मा को गिरफ्तार किया है। संजय सर्किल थाना पुलिस अब तक गैंग से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

डीसीपी राशी डोगरा ने बताया- लॉरेंस गैंग के कुछ बदमाशों को हमारी टीम ने पूर्व में गिरफ्तार किया था। इस में योगेश सैनी, मोहम्मद अकिल मंसूरी, हरेन्द्र विश्नोई उर्फ राकेश और दीपक सैन निवासी हरियाणा शामिल था। ये बदमाश रोहित गोदारा के धमकाए व्यापारी पर गोली चलाने के उद्देश्य से आए थे। जिन्हें वारदात से पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

इन बदमाशों से हुई पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। उन्होंने युवकों को सोशल मीडिया के जरिए जोड़कर गिरोह में शामिल करना सामने आया है। साथ ही अलग अलग टास्क देना बताया था। इस पर पुलिस की टीम कड़ी से कड़ी जोड़कर आरोपी सीमा मल्होत्रा और उसके दो साथियों को पकड़ा। तीनों को अलग-अलग हिसार (हरियाणा), बठिंडा (पंजाब), राजकोट (गुजरात) से गिरफ्तार किया गया है। सीमा मल्होत्रा, माया मैडम के नाम से मशहूर है। सीमा रोहित गोदारा, संपत नेहरा, शुभम उर्फ बिगनी, राजेन्द्र उर्फ जोकर, गोल्डी बराड से सीधा संबंध रखती है।

# हैदराबाद के 60 प्रतिशत से अधिक जल निकायों पर अतिक्रमण : ए.वी. रंगनाथ

## शहरी जैव विविधता पर राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

हैदराबाद, 30 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) के आयुक्त ए.वी. रंगनाथ ने शहरी जैव विविधता पर राष्ट्रीय सम्मेलन को समापन सत्र के दौरान संबोधित किया। इस मौके पर एवी रंगनाथ ने शहर के जल निकायों, पार्कों और विभिन्न लेआउट में खुले स्थानों की सुरक्षा के लिए अपनी एजेंसी के जनादेश को रेखांकित किया। अपने भाषण में, श्री रंगनाथ ने खुलासा किया कि हैदराबाद के 60 प्रतिशत से अधिक जल निकायों पर अतिक्रमण किया गया है, जो अतिक्रमण की खतरनाक दर को उजागर करता है, जिसका उन्होंने उल्लेख किया कि यह सीधे तौर पर बढ़ती भूमि दरों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने शहर के जल निकायों की व्यापक गणना की अनुपस्थिति पर जोर दिया, लेकिन आश्वासन दिया कि हाइड्रा बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा के लिए एक विस्तृत डेटाबेस बनाने पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। उन्होंने कहा, हम इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए राज्य सरकार के पूर्ण समर्थन के साथ कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। श्री रंगनाथ ने अतिक्रमण हटाने के लिए अपनी एजेंसी की तत्काल प्राथमिकता के रूप में देश की पहली



मान्यता प्राप्त विरासत स्थल अमीनपुर झील की भी पहचान की। उन्होंने अपशिष्ट, सीवेज और औद्योगिक कचरे के कारण हैदराबाद के जल निकायों के प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की और कहा कि प्रतिबंधों को लागू करके इन मुद्दों से निपटने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ समन्वित प्रयास चल रहे हैं। इसके अलावा, श्री रंगनाथ ने उल्लेख किया कि हाइड्रा इन महत्वपूर्ण सामान्य स्थानों की सुरक्षा में मदद करने के लिए समर्पित हाइड्रा पुलिस स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया में है, जिससे बेहतर सुरक्षा और प्रबंधन सुनिश्चित हो सके। समापन टिप्पणी में, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के अध्यक्ष, आईएफएस (सेवानिवृत्त) सी. अचलेंद्र रेड्डी ने शहरी जैव विविधता संरक्षण के भविष्य पर बात की। उन्होंने कहा कि भारत में शहरी आबादी 32 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसमें तेलंगाना का शहरीकरण राष्ट्रीय औसत से आगे निकल गया है।

शहरी नियोजन में हरे और नीले स्थानों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर देते हुए, श्री रेड्डी ने सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) लक्ष्य 11 और कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता रूपरेखा (केएम-जीबीएफ) लक्ष्य 12 के संरक्षण पर प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य मानव कल्याण और जैव विविधता संरक्षण के लिए शहरी हरित स्थानों को बढ़ाना है।

श्री रेड्डी ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण वित्तीय बाधाओं को दूर करने और जैव विविधता संरक्षण के लिए समर्पित वित्त पोषण को सुरक्षित करने की रणनीतियों पर काम कर रहा है, ताकि शहरी पारिस्थितिकी प्रणालियों के लिए अधिक टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित हो सके।

# तेलंगाना आंदोलन को मिटाना चाहते हैं सीएम : श्रवण

### तेलुगु तल्ली प्रतिमा में बदलाव की आलोचना

हैदराबाद, 30 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर राजनीतिक लाभ के लिए बीआरएस सरकार की विरासत को मिटाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए, बीआरएस नेता दासोजू श्रवण ने लोगों के भावनात्मक जुड़ाव पर विचार किए बिना मौजूदा तेलुगु तल्ली प्रतिमा में बदलाव करने के कांग्रेस सरकार के फैसले की आलोचना की।

शनिवार को तेलंगाना भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए श्रवण ने कहा कि तेलुगु तल्ली प्रतिमा का निर्माण बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने तेलंगाना आंदोलन में शामिल लोगों और विशेषज्ञों से विचार-विमर्श के बाद किया था, ताकि आंदोलन के दौरान लोगों को प्रेरित किया जा सके।

उन्होंने सुझाव दिया, तेलंगाना आंदोलन में शामिल लोग तेलुगु तल्ली से बहुत जुड़े हुए हैं और प्रतिमा में बदलाव करने से उनकी भावनाएं आहत होंगी। इसलिए सरकार को अपना प्रस्ताव वापस ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी पर तीखा हमला करते हुए बीआरएस नेता ने कहा कि रेवंत शुरू से ही तेलंगाना के खिलाफ थे और उन्होंने कभी तेलंगाना आंदोलन में हिस्सा नहीं लिया।

# पुलिस ने मस्जिद प्रभारियों के साथ समन्वय सह जागरूकता बैठक की



हैदराबाद, 30 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उत्तरी क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुश्री एस. रश्मि पेरुमल की अध्यक्षता में हाल ही में हुई समन्वय बैठक में, धार्मिक पूजा स्थलों पर सुरक्षा और सामुदायिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए मस्जिद समिति के सदस्यों और विभिन्न मस्जिदों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई। बैठक में हाल की चिंताओं के मद्देनजर, विशेष रूप से रमजान और अन्य त्यौहारों के मौसम के दौरान मस्जिदों की सुरक्षा और पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय उपायों के महत्व को रेखांकित किया गया। बैठक में डीसीपी ने आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए मस्जिद परिसर के अंदर और आसपास व्यापक सीसीटीवी कवरेज और पर्याप्त रोशनी सहित मजबूत सुरक्षा बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने मस्जिद अधिकारियों को चौबीसों घंटे सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित चौकीदार नियुक्त करने और यह सुनिश्चित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि रमजान और अन्य त्योहारों के दौरान यातायात की भीड़ और पार्किंग की समस्याओं से बचने के लिए सामुदायिक कारपूलिंग के लिए प्रोत्साहन दिया। डीसीपी ने मस्जिद प्रबंधन से सोशल मीडिया अफवाहों, नशीली दवाओं के खतरे, साइबर अपराध, ऑनलाइन अपराधों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक का समापन पुलिस और मस्जिद प्रबंधन दोनों की ओर से इस्लामी भावनाओं का सम्मान करते हुए समुदाय की सुरक्षा, सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयास में एक साथ काम करना जारी रखने की प्रतिबद्धता के साथ हुआ। पुलिस विभाग ने अपने अनुयायियों की सुरक्षा, स्वच्छता और कल्याण सुनिश्चित करने में समुदाय के बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी और प्रतिबद्धता के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की। पुलिस और धार्मिक नेताओं के बीच सहयोग सभी के लिए सुरक्षित और संरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

## सभी लोग सर्वेक्षण में अपना विवरण अवश्य दर्ज कराएं : कोंडा सुरेखा

हैदराबाद, 30 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सामाजिक, आर्थिक, शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक और जाति सर्वेक्षण के हिस्से के रूप में, वन, पर्यावरण, धर्मस्व मंत्री कोंडा सुरेखा ने जुबली हिल्स, हैदराबाद में अपने निवास पर विवरण दर्ज किया। इस सर्वेक्षण कार्यक्रम में जीएचएमसी के उपायुक्त रजनीकांत रेड्डी, पर्यवेक्षक गंगाधर और प्रगणक रमेश ने भाग लिया। इस अवसर पर मंत्री कोंडा सुरेखा ने अधिकारियों से सर्वेक्षण की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के उद्देश्य के अनुसार, उन्होंने अधिकारियों को जाति सर्वेक्षण को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए गतिविधि को लागू करने की सलाह दी। उन्हें लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया गया कि सभी लोग सर्वेक्षण में अपना विवरण अवश्य दर्ज कराएं। मंत्री कोंडा सुरेखा ने लोगों से इस महायज्ञ को सफल बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया

# आर्किटेक्ट ने रचा इतिहास

## शशांक भूपति को चुना गया तेलंगाना का पहला इसरो अंतरिक्ष शिक्षक

हैदराबाद, 30 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वारंगल के एक वास्तुकार शशांक भूपति को तेलंगाना के पहले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष शिक्षक के रूप में चुना गया है। हाल ही में इसरो ने अंतरिक्ष शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए देश भर में कुछ अंतरिक्ष शिक्षकों का चयन किया। भूपति तेलंगाना से चुने गए उम्मीदवार थे। भूपति ने जेएनएएफएयू विश्वविद्यालय से वास्तुकला में स्नातक किया है, उन्होंने प्राचीन प्रौद्योगिकी डिजाइन अनुसंधान प्रयोगशाला की स्थापना की है ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्राचीन ज्ञान आधुनिक चुनौतियों का समाधान कैसे कर सकता है।

उनके काम में प्राचीन वास्तुकला स्थलों का अध्ययन करना, उनके डिजाइन सिद्धांतों के आधार पर सिद्धांत विकसित करना और प्रोटोटाइप बनाना शामिल है। इन प्रोटोटाइप को भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों में एकीकृत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष अन्वेषण को और अधिक कुशल बनाना है। भूपति की परियोजनाओं में मॉड्यूलर अंतरिक्ष यान, हल्के और ढहने वाले अंतरिक्ष यात्री आवास और अभिनव उपग्रह डिजाइन शामिल हैं।

अंतरिक्ष अनुसंधान वास्तुकला एक दुर्लभ क्षेत्र है, जिसमें विश्व स्तर पर बहुत कम विशेषज्ञ हैं और भारत में केवल दो कंपनियां हैं। भूपति की कंपनी दक्षिण भारत में एकमात्र है, जो उनके काम को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। उनके अभिनव डिजाइनों ने उन्हें भारत भर के विश्वविद्यालयों में आमंत्रित किया है, जहाँ वे कार्यशालाएं आयोजित करते हैं और प्राचीन और आधुनिक विज्ञान के सम्मिश्रण के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करते हैं।

# बुर्रा वेंकटेशम टीएसपीएससी अध्यक्ष नियुक्त

हैदराबाद, 30 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने शनिवार को आईएएस अधिकारी बुर्रा वेंकटेशम को तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग (टीएसपीएससी) का नया अध्यक्ष नियुक्त करने के आदेश जारी किए। पिछड़ा वर्ग (बीसी) समुदाय से आने वाले बुर्रा वेंकटेशम चार साल के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। शुरूआत में, एससी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले गंटा चक्रपाणि को तेलंगाना के गठन के बाद टीएसपीएससी का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, उसके बाद जनार्दन रेड्डी को नियुक्त किया गया था। बाद में, जनार्दन रेड्डी के खिलाफ आरोपों के बीच, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने उनकी जगह महेंद्र रेड्डी को नियुक्त किया। महेंद्र रेड्डी का कार्यकाल 3 दिसंबर को समाप्त होने वाला है, राज्य सरकार ने अब बुर्रा वेंकटेशम को इस पद पर नियुक्त किया है। टीएसपीएससी अध्यक्ष के लिए चयन प्रक्रिया 20 नवंबर को जारी अधिसूचना के साथ शुरू हुई। उसी दिन शाम 5 बजे तक आवेदन स्वीकार किए गए, जिसमें लगभग 45 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदकों में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर शामिल थे। हालांकि, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत बुर्रा वेंकटेशम की नियुक्ति को अंतिम रूप दिया। नियुक्ति की फाइल राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा को मंजूरी के लिए भेजी गई थी, और राज्यपाल ने अपनी सहमति दे दी, जिससे कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार को टीएसपीएससी के अध्यक्ष के रूप में बुर्रा वेंकटेशम के नाम की आधिकारिक घोषणा करने की अनुमति मिल गई। नियुक्ति के बाद, वेंकटेशम के अपने मौजूदा पदों से इस्तीफा देने की उम्मीद है। इस बदलाव के हिस्से के रूप में, उन्होंने पहले ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के लिए आवेदन कर दिया है, जिसे राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। वह महेंद्र रेड्डी के कार्यकाल के आधिकारिक रूप से समाप्त होने से एक दिन पहले 2 दिसंबर को टीएसपीएससी के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

# एम्फेटामाइन ड्रग रखने के आरोप में पति-पत्नी समेत 11 उपभोक्ता गिरफ्तार

हैदराबाद, 30 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स, वेस्ट जोन टीम के अधिकारियों ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर बेगमपेट पुलिस के साथ मिलकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से मादक पदार्थ यानी एम्फेटामाइन ड्रग (कंटेनरों के वजन सहित लगभग 254 ग्राम वजन) पाया गया और 11 उपभोक्ताओं को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में आतिफ असलम खान, निवासी प्रकाश नगर, बेगमपेट, सुभानी बेगम पत्नी आतिफ असलम, निवासी प्रकाश नगर, बेगमपेट शामिल हैं। दोनों आरोपी मूल रूप से असम के रहने वाले हैं। इंस्पेक्टर ई. जंगैया के नेतृत्व में कमिश्नर टास्क फोर्स वेस्ट जोन ने बेगमपेट पुलिस के साथ मिलकर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास एम्फेटामाइन पाया गया और वे इसे आसान पैसे के लिए ग्राहकों को बेच रहे थे। आरोपी व्यक्ति, आतिफ असलम खान और सुभानी बेगम, कसार जिला, सिलचर, असम राज्य के निवासी हैं, उन्होंने कबूल किया कि वे पति-पत्नी हैं। आतिफ के पास असम में एक दुकान थी जहां वह सिम कार्ड बेचता था, लेकिन उसकी आय उनकी आजीविका को बनाए रखने के लिए अपर्याप्त थी। इसके बाद, वह असम के निवासी प्रणय दास नामक एक व्यक्ति के संपर्क में आया, जो असम राज्य में ड्रग पेडलर है।

आतिफ ने लगभग 300 ग्राम ड्रग्स खरीदी और अपनी पत्नी सुभानी बेगम के साथ ट्रेन से हैदराबाद पहुंचा। हैदराबाद पहुंचने के बाद, आतिफ ने एक बाइक पुनर्विक्रेता की दुकान से एक काले रंग की एक्टिवा खरीदी और प्रकाश नगर, बेगमपेट में एक घर किराए पर लिया।

वहां उन्होंने ड्रग्स को छोटे कंटेनरों में पैक करना शुरू कर दिया और उन्हें बेचना शुरू कर दिया। आतिफ ने अपने दोस्तों से संपर्क किया, जिन्हें इस ड्रग की जरूरत थी और कुछ पदार्थों को ग्राहकों को बेच दिया, जिससे व्यापार से आसानी से पैसा कमाया। एक गुप्त सूचना के आधार पर, टास्क फोर्स ने दोनों आरोपियों और (11) उपभोक्ताओं को गिरफ्तार किया।

# मीडिया और जनसंपर्क की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. गोयल

## गुयाना के मीडिया पेशेवरों का प्रशिक्षण सम्पन्न

हैदराबाद, 30 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान, तेलंगाना सरकार द्वारा गुयाना के पत्रकारों और मीडिया पेशेवरों के लिए आयोजित दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम




